* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 फरवरी, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 130

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड आकर लगता है अपने घर आ गयीः राष्ट्रपति





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# क्या इस बार बड़ा उलटफेर का गवाह बनेगा हजारीबाग

- दो बार के सांसद जयंत सिन्हा पर लग रहा है 'खास' होने का ठप्पा
- आजसू भी कर रही है दावा, हो सकता है सीट शेयरिंग में बदलाव
- विस्थापन और रोजगार अब भी बने हुए हैं इस क्षेत्र के सबसे बड़े मुद्दे

**आजाद सिपाही विशेष**

'हजार बागों का शहर' हजारीबाग का प्राकृतिक माहौल जितना सुरम्य और शांत है, यहां की राजनीति उतनी ही चंचल और शोरगुल वाली है। हजारीबाग झील के अलावा वन्य जीव अभयारण्य, कैनेरी पहाड़ी और रजरप्पा के अलावा प्रकृति की गोद में बसे कई अन्य पर्यटक स्थलों पर लोग जहां शांति का अनुभव करते हैं, वहीं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक दलों की गतिविधियां अक्सर हंगामेदार होती हैं। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें, बरही, बड़कागांव, रामगढ़, मांडू और हजारीबाग आती हैं। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में इस बार का चुनावी परिदृश्य पिछली बार की तरह एकतरफा नहीं दिख रहा है। इसका खास कारण यह है कि यहां से पिछले दो बार सांसद चुने गये जयंत सिन्हा पर 'खास' होने का ठप्पा लग गया है। सुदूर क्षेत्र के मतदाताओं का कहना कि उन क्षेत्रों में उनके क्षेत्र में वे कम ही देखे जाते हैं, हां हजारीबाग और रामगढ़ के शहरी क्षेत्रों में जरूर उनके कार्यक्रम होते हैं। यहां उलटफेर का दूसरा संकेत यह मिल रहा है कि भाजपा की सहयोगी आजसू इस बार हजारीबाग सीट पर दावेदारी कर रही है और चाहती है कि गिरिडीह के बदले उसे यह सीट दी जाये। यदि एनडीए के भीतर सीट शेयरिंग का यह नया फॉर्मूला लागू हो गया, तो यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होगा। हजारीबाग में मुद्दों की कमी नहीं है। यहां सबसे बड़ा मुद्दा विस्थापन, जमीन अधिग्रहण और रोजगार है, जिसकी बात लोग अक्सर करते मिल जाते हैं। क्या है हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का माहौल और क्या हैं यहां के मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। इस लोकसभा सीट में दो जिलों रामगढ़ और हजारीबाग के कुछ इलाकों को शामिल किया गया है। यह क्षेत्र प्रकृति की गोद में बसा हुआ है और बहुत खूबसूरत है। झारखंड की इस हाइप्रोफाइल सीट पर इस बार भी सियासी संग्राम रोमांचक होने के आसार हैं। भाजपा जहां अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है, वहीं जयंत सिन्हा हैट्रिक बना कर नया इतिहास लिखने की जुगत में हैं। लेकिन भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी की इस सीट पर दावेदारी ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हजारीबाग क्षेत्र का चुनाव परिणाम उलटफेर भरा रहा है। क्षेत्र की जनता ने कभी क्षेत्रीय पार्टी के उम्मीदवारों को गले लगाया, तो किसी चुनाव में निर्दलीय पर भरोसा कर प्रतिनिधित्व के लिए संसद भेजा। यहां के दावेदारों को इलाके की समस्याओं की कितनी समझ है और इसके लिए वे क्या कर रहे हैं, यह तो समय बतायेगा, लेकिन इतना तय है कि हजारीबाग में इस बार मुकाबला बेहद रोमांचक होने के पूरे आसार हैं।

## हजारीबाग का भौगोलिक परिदृश्य

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि चुनने के लिए दो जिलों के मतदाता वोट देते हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के तहत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से हजारीबाग, बरही और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र हजारीबाग जिले के तहत आते हैं, जबकि रामगढ़ और मांडू रामगढ़ जिले में हैं। इनमें से बरही और बड़कागांव सीट कांग्रेस के कब्जे में है, दो सीट भाजपा के कब्जे में है और रामगढ़ सीट आजसू के पास है। हजारीबाग संसदीय सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब 15.48 लाख है। इसमें 8.32 लाख पुरुष और 7.26 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। इस बार कुछ नये मतदाता भी जुड़े हैं।

## क्या है सामाजिक समीकरण

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। लिहाजा सभी दल चुनाव के दौरान इन्हें साधने की कोशिश करते हैं। इसके बाद सवर्ण मतदाताओं का नंबर आता है। आदिवासी मतदाताओं की तादाद यहां कम है।

## हजारीबाग का राजनीतिक इतिहास

हजारीबाग लोकसभा सीट पर अब तक हुए 17 चुनाव में से सात बार यह सीट भाजपा ने जीती है। दो बार कांग्रेस के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। भाजपा की जीत में यशवंत सिन्हा का बड़ा रोल रहा है। वह तीन बार यहां से सांसद चुने गये। फिलहाल यहां से उनके बेटे जयंत सिन्हा भाजपा से सांसद हैं। 1989, 1991, 1996, 1998, 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस यहां से नहीं जीत सकी है। मात्र दो बार 1971 और 1984 में कांग्रेस ने सांसद दिया। ऐसा आठ बार के चुनाव में हुआ, जब कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे। 1991 और 2004 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने यहां से जीत दर्ज की, जबकि 1977 में भारतीय लोक दल के सांसद चुने गये थे।




## हजारीबाग का चुनावी इतिहास

हजारीबाग संसदीय सीट पर पहली बार 1952 में चुनाव हुए। उस साल छोटानागपुर संथाल परगना पार्टी के राम नारायण सिंह यहां से जीते। उन्होंने कांग्रेस के झनी राम को हराया था। 1957 में निर्दलीय प्रत्याशी ललिता राज लक्ष्मी ने कांग्रेस के बद्दरूजमान को हरा कर चुनाव जीता। 1962 और 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बसंत नारायण सिंह जीते। 1968 के उपचुनाव में पहली बार कांग्रेस को हजारीबाग से कामयाबी मिली और उसके प्रत्याशी मोहन सिंह ओबेरॉय जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के ही दामोदर पांडेय जीतने में कामयाब हुए। 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी के बसंत नारायण सिंह लगातार दो बार जीते। 1984 में कांग्रेस के दामोदर पांडेय फिर जीते। 1989 में भाजपा के यदुनाथ पांडेय चुनाव जीतने में कामयाब हुए। 1991 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता जीते, जबकि 1996 में भाजपा के महाबीर लाल विश्वकर्मा जीते। 1998 और 1999 का चुनाव भाजपा के यशवंत सिन्हा जीते। 2004 में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने एक बार फिर परचम लहराया। 2009 में इस सीट से भाजपा के टिकट पर यशवंत सिन्हा जीते। 2014 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा जीते और 2019 में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार चुनाव जीता। 2014 के चुनाव में भाजपा के जयंत सिन्हा ने कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह को हराया था। जयंत सिन्हा को 4.06 लाख और सौरभ नारायण सिंह को 2.47 लाख वोट मिले थे। 2019 में जयंत सिन्हा की जीत का अंतर लगभग दोगुना हो गया। उन्होंने 4.79 लाख वोटों के अंतर से कांग्रेस के गोपाल साहू को हराया था। इस प्रकार साफ देखा जा सकता है कि हजारीबाग से अब तक कोई भी लगातार दो बार से अधिक चुनाव नहीं जीत सका है। ऐसा करनेवाले भी केवल तीन सांसद ही हुए। हजारीबाग के मतदाता तीन बार छोड़ कर हर बार पार्टी नहीं, तो सांसद बदलते ही रहे हैं।

## क्या हैं हजारीबाग के चुनावी मुद्दे

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विस्थापन बड़ा मुद्दा है। ऊर्जा परियोजनाओं और खान के लिए बड़े पैमाने पर जमीन अधिग्रहण के खिलाफ इस क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लगातार आंदोलन होते रहे हैं। बड़कागांव में हुए आंदोलन ने तो राजनीतिक रंग ले लिया था। चुनाव के दौरान पीड़ितों को मिले मुआवजे में धोखाधड़ी को लेकर भी यहां जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछे जाते रहे हैं। इसके अलावा रोजगार और दूसरे मुद्दे भी चर्चा में रहते हैं। यहां के विभिन्न इलाकों में सिंचाई का संकट भी लोगों पर आफत बन कर आया है। कुछ इलाकों में रबी की फसल नामुमकिन है तो कहीं हर साल फसल मारी जाती है। साल के आधे हिस्सों में कोई काम नहीं होने के कारण लोग पलायन करते हैं। कोनार, सेवाने, दामोदर, महाने आदि नदियों के पानी को रोक कर सिंचाई के काम में लाने की पुरानी मांग पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है।

## कौन हैं इस बार के दावेदार

हजारीबाग लोकसभा सीट पर इस बार बड़ा सियासी उलटफेर हो जाये, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जयंत सिन्हा के लिए स्थानीय स्तर पर बहुत अधिक उत्साह नहीं है। इसका कारण यह है कि वह आम लोगों से कट से गये हैं। भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता भी इस बात को मानते हैं कि जयंत सिन्हा अब 'खास' हो गये हैं। उधर हजारीबाग सीट पर आजसू पार्टी की भी नजर है। गिरिडीह के आजसू पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के इस बार हजारीबाग से चुनाव लड़ने की चर्चा है। लेकिन यह तभी संभव है, जब समझौते के तहत भाजपा गिरिडीह की जगह उन्हें यह सीट दे। जहां तक जयंत सिन्हा का सवाल है, तो स्थानीय स्तर पर कोई नेता उनके खिलाफ नहीं बोलता। दूसरी तरफ दो बार सांसद रहने के दौरान दिल्ली में भी उनकी पहुंच बढ़ी है, ऐसे में पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि जयंत सिन्हा का पत्ता काटना आसान नहीं होगा। लेकिन पार्टी के अंदर से ही जयंत सिन्हा को बड़ी चुनौती मिल रही है। हजारीबाग सदर के भाजपा विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जेपी पटेल और पूर्व विधायक मनोज यादव की ओर से भी दावेदारी पेश की जा रही है। पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय भी ताल ठोंक रहे हैं। उनके पिता यशवंत सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बार-बार हमला बोला है। राजनीतिक गलियारे में यह बात चर्चित है कि नरेंद्र मोदी का विरोध करने के लिए उन्होंने टीएमसी का दामन थामा था। राष्ट्रपति के चुनाव में वे विपक्ष के उम्मीदवार बने। कहा तो यहां तक जाता है कि उन्हीं के कारण शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा को छोड़ा। यशवंत सिन्हा के नरेंद्र मोदी के खिलाफ आक्रामक रवैये का असर भी जयंत सिन्हा पर पड़ रहा है।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| नाम | पार्टी | कितने वोट मिले |
|---|---|---|
| जयंत सिन्हा | भाजपा | 728798 |
| गोपाल साहु | कांग्रेस | 249250 |
| भुवनेश्वर प्रसाद मेहता | भाकपा | 32109 |

## विपक्ष से भी कम दावेदार नहीं

हजारीबाग सीट को लेकर भाजपा और आजसू पार्टी में जहां अपनी-अपनी दावेदारी पेश की जा रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की दावेदारी मजबूत मानी जा रही हैं। हालांकि हजारीबाग के पूर्व सांसद और भाकपा के पूर्व राज्य सचिव भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की ओर से भी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश की गयी है, लेकिन उनकी उम्र और राजनीतिक सक्रियता में कमी आने से उनकी दावेदारी दमदार नहीं मानी जा रही है। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव जेल से बाहर निकलने के बाद लगातार अपनी बेटी अंबा प्रसाद के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। अंबा प्रसाद बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस विधायक हैं और हजारीबाग क्षेत्र में अंबा प्रसाद काफी लोकप्रिय हैं। हां, अंबा प्रसाद के विरोधी इस बात को भी हवा दे रहे हैं कि देखिये अंबा प्रसाद कितने दिन तक कांग्रेस में रहती हैं। हालांकि वह बार-बार कह रही हैं कि वह पार्टी के साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं, लेकिन उनके विरोधी तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं।

---

**झारखंड विधानसभा : बजट सत्र की कार्यवाही के चौथे दिन भी विपक्ष का हंगामा**

# दुमका के डीआइजी और धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के अवैध कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के कार्यवाही के चौथे दिन बुधवार को भाजपा विधायकों ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप पर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा के विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। हाथ में बैनर तख्ती लिये भाजपा विधायकों ने दुमका के डीआइजी और धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के अवैध कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद के पूर्व एसएसपी के कारनामों की जांच सीबीआइ से करायी जाये।




**ढुल्लू महतो धनबाद के डीजी है क्या?: मिथिलेश ठाकुर :** वहीं स्पीकर ने धरने पर बैठे ढुल्लू महतो को अंदर लाने का आदेश दिया। जिसके बाद वो सदन में आये। ढुल्लू महतो ने कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं। उनके धनबाद में रहते जेल में हत्या और अवैध माइनिंग होती थी। उनके तबादले के बाद अब धनबाद में अपराध बंद हो गया। वहीं जब मंत्री मिथिलेश ठाकुर से जांच कराने और अवैध कोयले की ढुलाई को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो धनबाद के डीजी हैं क्या। विधायक अनंत ओझा ने कहा कि राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ वर्तमान सरकार खिलवाड़ कर रही है। अनुबंध शब्द को समाप्त करने का वादा कर सत्ता में आयी सरकार में न सिर्फ अनुबंध बल्कि अब थर्ड पार्टी बहाली की जा रही है। बिरंची नारायण सहित अन्य विधायकों ने भी इसे लेकर सरकार को घेरा।

## मनीष जयसवाल ने इचाक की जमीन को मुक्त कराने की मांग की

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन में विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि हजारीबाग के इचाक में भूदान की जमीन पर समुदाय विशेष के लोगों ने दो मीनार बना लिया है। वहां स्कूल है, जहां धार्मिक कार्य हो रहा है। इससे पठन-पाठन बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन को समुदाय विशेष के कब्जे से मुक्त कराया जाये। इसपर विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि विधायक को ये बातें कहना शोभा नहीं देतीं। इसके बाद थोड़ी देर दोनों में नोकझोंक हुई।

# बिरंची ने गृह सचिव के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक बिरंची नारायण ने विशेषाधिकार का नोटिस दिया है। गृह सचिव और गृह विभाग के संयुक्त सचिव एवं अन्य के विरुद्ध के विरोध में यह नोटिस दिया गया है। इसमें कहा गया है कि विधानसभा के मार्फत मुझे और पूरे सदन को विभाग के संयुक्त सचिव के द्वारा गलत जानकारी दी गयी। झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम 186 के तहत विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है। विधायक ने सवाल पूछा था कि खनन घोटाले से लेकर मनरेगा, जमीन घोटाले और ग्रामीण विकास में भ्रष्टाचार से संबंधित दर्जनों मामले में विस्तृत जांच के बाद मनी लांड्रिंग के साक्ष्य मिले हैं। करोड़ों रुपये नकद, कारतूस और अन्य सामग्री जांच में मिली है। इस मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। इसमें उत्तर दिया कि प्रश्न किसी घटना विशेष से संबंधित नहीं है। इस संबंध में सभी जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त है। इसके अनुसार ऐसा कोई मामला घटित नहीं हुआ है। ऐसा मामला प्रतिवेदित होने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इसी जवाब पर विधायक ने सवाल उठाते हुए विशेषाधिकार का नोटिस दिया है।



# किसानों की प्रगति, कृषि में आत्मनिर्भरता लक्ष्य : मुंडा

**कृषि क्षेत्र की चुनौतियां कम करते हुए अवसरों का लाभ उठायें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) सोसायटी की 95वीं वार्षिक आम बैठक केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में हुई। केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि आइसीएआर ने देश को भूख-कुपोषण से निकालकर स्वस्थ कृषि उत्पादन की ओर ले जाने की दिशा में कृषि क्षेत्र में नवाचार का नेतृत्व किया है। पिछली बैठक में 46 से अधिक सुझाव आये थे, जिन सभी पर आइसीएआर ने कार्य पूर्ण किया है। श्री मुंडा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धि का ही नतीजा है कि विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या होने के बावजूद भारत में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को केंद्र द्वारा मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। आइसीएआर ने 2005 से 2014 के दौरान जहां अधिक पैदावार देने वाली 1,225 फसल किस्में जारी की थी, वहीं 2014 से 2023 के दौरान 2,279 ऐसी किस्में जारी की गयी है, जो लगभग दोगुना है।



अब ध्यान पौषणिक सुरक्षा पर है।

## 22 फसलों की 24 किस्में जारी की

अर्जुन मुंडा ने आइसीएआर के प्रकाशन और 22 फसलों की 24 किस्में जारी की, जिनमें धान, गेहूं, मक्का, सावां, रागी, सरसो, सोयाबीन, सूरजमुखी, चना, अरहर, मसूर, मोठ, जूट, टमाटर, भिंडी, चौलाई, सेम, खीरा, मटर, आलू, मशरूम, अमरूद हैं।

## ये भी रहे उपस्थित

केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेंद्र सिंह, यूपी के पशुपालन मंत्री कैलाश चौधरी, नागालैंड के मंत्री धर्मपाल सिंह, आइसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक भी मौजूद थे।

www.epaper.azadsipahi.in

29 फरवरी, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 130




# झारखंड में बिजली हुई महंगी, 7.66 फीसदी बढ़ोत्तरी

## शहरी क्षेत्र में 35 पैसे और ग्रामीण इलाकों में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि

**राज्य में करीब 58 लाख उपभोक्ता, जिनमें 28 लाख पर होगा असर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली महंगी हो गयी है।राज्य में लगभग 58 लाख उपभोक्ता हैं। सरकार 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है। इसका लाभ लगभग 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलने की उम्मीद है। यानी राज्य के लगभग 28 लाख उपभक्ताओं को अगले महीने से बढ़ा हुआ बिल का वहन करना होगा। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बुधवार को बिजली टैरिफ की घोषणा की। इसके मुताबिक, अब राज्य के शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 35 पैसे अधिक चुकाने होंगे। वहीं, ग्रामीण इलाकों के बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 50 पैसे ज्यादा भुगतान करना होगा। साथ ही फिक्स्ड चार्ज भी अब अधिक देना होगा। ग्रामीण उपभोक्ताओं को पहले प्रति यूनिट 5.80 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। इसे बढ़ा कर 6.30 रुपये कर दिया गया है। शहरी क्षेत्र में फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में फिक्स्ड चार्ज में 50 फीसदी की वृद्धि की गयी है। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पहले लोगों को 50 रुपये प्रति माह भुगतान करना होता था, अब 75 रुपये प्रति माह देने होंगे।

### क्या है वर्तमान दर

वर्तमान शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट किया गया है। इन उपभोक्ताओं से 100 रुपये फिक्स चार्ज लिया जाता है। घरेलू एचटी उपभोक्ताओं से प्रति यूनिट 6.15 रुपये प्रति यूनिट और फिक्स चार्ज 150 रुपये लिया जाता है। कमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ता के लिए 5.80 रुपये और 100 रुपये फिक्स चार्ज है। इसके पहले नियामक आयोग की ओर से 1 जून 2023 को नयी बिजली दरें घोषित की गयी थीं। इस दौरान नियामक आयोग ने 5 पैसे से लेकर 15 पैसे तक की वृद्धि बिजली दरों में की थी। इसके पहले साल 2020 में बिजली दरें घोषित की गयी थीं। ऐसे में साल 2021 से 2023 तक राज्य में बिजली दरों का निर्धारण आयोग में महत्वपूर्ण पदों के रिक्त होने के कारण नहीं किया गया था। ऑनलाइन या डिजिटल मोड के माध्यम से बिल भुगतान करने पर संपूर्ण बिल के अनुसार एक फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके लिए अधिकतम सीमा 250 रुपये तय की गयी है।

### किस श्रेणी में कितनी वृद्धि

| श्रेणी | पूर्व | नयी दर | वृद्धि (पैसे में) |
|---|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 5.80 | 6.30 | 50 |
| घरेलू शहरी | 6.30 | 6.65 | 35 |
| घरेलू एचटी | 6.15 | 6.25 | 10 |
| कमर्शियल शहरी | 6.15 | 6.65 | 50 |
| कमर्शियल ग्रामीण | 5.80 | 6.10 | 30 |
| कृषि | 5.00 | 5.30 | 30 |
| औद्योगिक एलटी | 5.90 | 6.05 | 15 |
| औद्यागिक एचटी | 5.65 | 5.85 | 25 |

### फिक्सड चार्जेस में वृद्धि

| श्रेणी | पूर्व | नयी दर | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 50 | 75 | 25 |
| घरेलू शहरी | 100 | 100 | 000 |
| घरेलू एचटी | 150 | 150 | 000 |
| कमर्शियल शहरी | 150 | 200 | 50 |
| कमर्शियल ग्रामीण | 100 | 120 | 20 |
| कृषि | 40 | 50 | 10 |

(फिक्सड चार्जेस प्रति महीने ली जाती है)

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

# झारखंड आकर लगता है अपने घर आ गयी: द्रौपदी

- तीन बेस्ट छात्रों को दिया चांसलर मेडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने युवा, देश के विकास और महिलाओं के विकास पर अपनी बात रखी। उन्होंने झारखंड की कला संस्कृति की तारीफ करते हुए सबके विकास की बात की। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ के क्षेत्र में आकर प्रसन्नता हो रही है। उपाधि प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को बधाई देती हूं। आपके कैंपस के पास ही स्वर्ण रेखा नदी बहती है। ऐसा कहा जाता है कि उसके जल सेवन मात्र से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। मुझे विश्वास है कि आज विद्यार्थी जीवन से निकल कर चुनौती भरे जीवन में प्रवेश कर रहे हैं। आप यहां मिले ज्ञान का प्रयोग करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि हम 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। हमने 2040 तक एक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। मुझे विश्वास है कि आप सभी एक ऐसे समाज की परिकल्पना करेंगे, जहां समरसता है। देश का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी लाल, विश्वविद्यालय के कुलपति क्षितिज भूषण दास समेत अन्य लोग मौजूद थे।

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे पुरस्कार देते समय आभास होता है कि कैसे हमारी बेटियां तरक्की कर रही हैं। आज भी पुरस्कार पानेवालों में 50 फीसदी बेटियां हैं। अब बेटियां भी तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। बेटियों को प्रोत्साहित करना हमारा काम है। हर एक बाधा और अवरोध को पार कर वे आगे बढ़ रही हैं।

**तीन बेस्ट ग्रेजुएट को चांसलर मेडल:** राष्ट्रपति ने समारोह में तीन बेस्ट ग्रेजुएट को चांसलर मेडल प्रदान किया। अन्य अतिथियों द्वारा यूजी-पीजी के 64 टॉपरों को गोल्ड मेडल दिया गया। समारोह में 20 इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय यूजी-पीजी कोर्सों के पास आउट 1539 छात्रों को डिग्री भी दी गयी, जबकि, 35 रिसर्च स्कॉलरों को डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गयी।

**राष्ट्रपति का किया स्वागत:** इससे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हवाई अड्डे पर राज्यपाल का स्वागत किया। राष्ट्रपति वायुसेना के विशेष विमान से सुबह 10:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचीं थीं। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



### मैं अपने घर लौटी हूं: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जब भी झारखंड आती हूं तो लगता है, अपने घर वापस आयी हूं। मैंने राज्यपाल के तौर पर यहां काम किया है। बिरसा की धरती पर होने का सौभाग्य मुझे खुशी से भर देता है। झारखंड की 26 प्रतिशत आबादी जनजाति है, जनजाति से मेरा जुड़ाव रहा है। आप सोचते होंगे कि मैं जनजाति से हूं, इसलिए इनसे प्रेम करती हूं। ऐसा नहीं है। जो पीछे हैं, कमजोर हैं, इसलिए मैं प्यार करती हूं। उन्हें प्रेरणा मिले वो आगे बढ़ें। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आप उनके लिए भी सोचिये। जनजाति लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। हम जानते हैं कि जनजातीय लोगों के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार है। इससे वे जीवन बेहतर बना सकते हैं, अगर हम उनकी जीवन शैली और पद्धति से सीख पायें, तो हम ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपट सकते हैं।

## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को शिखर तक ले जायेंगे: चंपाई सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में आप सभी के मध्य उपस्थित होना मेरे लिए विशेष गौरव का क्षण है। मैं पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त कर उपाधि पा रहे स्नातकों, परास्नातकों और शोधार्थियों को बधाई देता हूं। चांसलर मेडल, गोल्ड मेडल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों को विशेष बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह आपके शैक्षिक विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आपके द्वारा अर्जित की गयी शिक्षा के उपरांत प्राप्त होने वाली यह उपाधि आपके कठोर परिश्रम और गहन समर्पण का परिणाम है। आप सबके लिए यह अवसर जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही आपके शिक्षकों, मार्गदर्शकों, और अभिभावकों के लिए भी यह गौरव का क्षण है। गर्व और प्रसन्नता के साथ यह उन चुनौतियों के लिए भी तैयार होने का समय है, जो आपके सुखद भविष्य को आकार देगा। जैसा कि आप सभी को मालूम है कि ज्ञान से बड़ा कोई धन न है और न हो सकता है। इस ज्ञान के माध्यम से ही आप भौतिक सुख से आध्यात्मिक संतोष की यात्रा तय कर सकते हैं। राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के स्तर को शिखर तक ले जाने के लिए झारखंड राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंडवासियों के लिए गौरव की बात है। मुझे यह ज्ञात है कि विश्वविद्यालय वर्तमान में दो परिसरों में परिचालित हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में 319 एकड़ गैरमजरूआ भूमि हस्तांतरित की गयी थी। इसके अतरिक्त राज्य सरकार ने 139 एकड़ रैयती भूमि का अधिग्रहण करके केंद्रीय विश्वविद्यालय को देने का निर्णय लिया है। इसमें से 15 एकड़ के अधिग्रहण हेतु लगभग 100 करोड़ की राशि का आवंटन किया जा चुका है। राज्य सरकार विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभायेगी।

## राज्यपाल ने छात्रों का बढ़ाया उत्साह

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समारोह में छात्रों और शोधार्थियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक तीसरे दीक्षांत समारोह का गवाह बन रहा हूं। इस शुभ अवसर पर पूरे सीयूजे परिवार को मेरी हार्दिक बधाई है। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने आपको सिर्फ एक डिग्री ही नहीं, इससे कहीं ज्यादा कुछ से सुसज्जित किया है। इसने आपके अंदर उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को स्थापित किया है। मैं अपने सामने जो युवा, उज्ज्वल और प्रसन्न चेहरे देख रहा हूं, वे हमारे राष्ट्र की आशा और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने शैक्षिक कौशल का उपयोग न केवल अपने करियर को आकार देने के लिए, बल्कि हमारे समाज की बेहतरी में योगदान देने के लिए भी करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह देख कर खुशी होती है कि आज हमारी बेटियां शिक्षा के महत्व के प्रति अत्यधिक जागरूक हैं। हम अक्सर कहते हैं कि जब एक बेटी शिक्षा प्राप्त करती है, तो वह न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन करती है। मैं सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं।

## बजट सत्र में शामिल नहीं हो पायेंगे हेमंत

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में बुधवार को हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि बजट सत्र में शामिल होने को लेकर दायर अनुमति याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा था कि बतौर जनता के प्रतिनिधि हेमंत सोरेन के लिए बजट सत्र में शामिल होना बहुत जरूरी है। ऐसे में उन्हें अनुमति दी जाये। इडी की तरफ से हेमंत को अनुमति नहीं देने की दलील दी गयी। मंगलवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# जामताड़ा में ट्रेन से कटकर कई हताहत

**स्थानीय विधायक ने अब तक दो लोगों के मौत की पुष्टि की, आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** राज्य के जामताड़ा जिला में विद्यासागर और काला झरिया के बीच ट्रेन की चपेट में आने से कई यात्रियों के हताहत की खबर है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक काला झरिया के पास भागलपुर से यशवंतपुर जा रही अंग एक्सप्रेस तकनीकी कारण से रुकी हुई थी। कई यात्री ट्रेन से उतर गये थे, इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आसनसोल से बैद्यनाथधाम जानेवाली पैसेंजर ट्रेन आ गयी। इसकी चपेट में कई लोग आ गये हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंच गयी है। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय विधायक इरफान अंसारी और स्थानीय प्रशासन ने दुर्घटना में अब तक दो लोगों के मौत की पुष्टि की है। हालांकि चश्मदीद लोगों का कहना है कि मृतकों की संख्या कम से कम 10 से 12 होगी। कई लोग घायल भी होंगे। पूरे इलाके में चीख पुकार मची हुई थी। अंग एक्सप्रेस को काशीटांड़ हॉल्ट पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। अप और डाउन दोनों लाइन पर परिचालन को रोक दिया गया है। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू आपरेशन जारी था। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

## हिमाचल में कांग्रेस सरकार पर संकट

शिमला (आजाद सिपाही)। हिमाचल में कांग्रेस सरकार पर संकट बना हुआ है। छह कांग्रेसी विधायकों की क्रॉस वोटिंग से राज्यसभा सीट हारने के बाद कांग्रेस में खींचतान सरकार जाने तक पहुंच गयी है। चर्चा है कि मुखघ्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का मुख्यमंत्री पद छिन सकता है। कांग्रेस आलाकमान ने स्थिति को संभालने के लिए डीके शिवकुमार और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। वे शाम को करीब 5 बजे शिमला पहुंचे। पर्यवेक्षक सिसिल होटल में एक-एक विधायक से मिलकर उनकी राय ले रहे हैं। उधर, राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट देने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों पर दलबदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कांग्रेस विधायकों के बागी होने के बाद मौजूदा दलगत स्थिति में कांग्रेस कमजोर हो गयी है। अगर विश्वासमत हासिल करना पड़ा, तो संभव है कि सरकार संकॉ में आ जाये।




# प्रधानमंत्री कल करेंगे हर्ल कारखाने का उद्घाटन

## हर्ल बनायेगा सल्फर कोटेड यूरिया : एसपी मोहंती

**25 मई 2018 को हर्ल कारखाने सिंदरी का शिलान्यास किया था**

**हर्ल के खुलने से आसपास के लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार भी मिलेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिंदरी।** 1 मार्च शुक्रवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद पहुंच रहे हैं। वह सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड यानी हर्ल कारखाने का उद्घाटन करेंगे। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। इससे पूर्व बुधवार को हर्ल के निदेशक एसपी मोहंती ने कंपनी के स्पंदन क्लब नगल होस्टल सिंदरी में एक प्रेस वार्ता कर उद्घाटन और कारखाने के उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी। हर्ल के निदेशक ने कहा कि बड़ी हर्ष की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 मई 2018 को जिस कारखाने की शिलान्यास किया उसी कारखाने का वह 1 मार्च को उद्घाटन करने यहां आ रहे हैं। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है।

(शेष पेज 04 पर)




## यूपीए सरकार को विकास की फिक्र नहीं : प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली/चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडु और देश की जनता को एक सत्य बताना जरूरी है। सत्य कड़वा होता है, लेकिन मैं सीधा आरोप यूपीए की सरकार पर लगाना चाहता हूं। जो परियोजनाएं मैं आज यहां लेकर आया हूं, वह दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। आज जो लोग यहां सत्ता में बैठे हैं, वे तब दिल्ली में बैठे थे। सरकार और यह विभाग चलाते थे, लेकिन उन्हें आपके विकास की फिक्र नहीं थी।

(शेष पेज 04 पर)



## घर में टंकी लगाने का किया विरोध डीसी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो में रामलखन पांडेय के घर के आंगन में बिना पूछे नल जल योजना के तहत पानी की टंकी लगाया जा रहा था। जब श्री पांडेय को पता चला तो उन्होंने कार्य को रोक दिया और जबरन टावर लगाने का विरोध किया और इस संदर्भ में उपायुक्त को आवेदन दिया। आवेदन में लिखा है कि मेरे बेटे को बहला फुसलाकर ठिकेदार टावर लगाने का कार्य शुरू किया था। जब मुझे पता चला तो कार्य बंद करवाकर इस संबंध में विभाग सहित अधिकारियों को कार्रवाई की मांग किया है।

## विधायक अंबा प्रसाद ने 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गरसुल्ला पंचायत अंतर्गत अंबा टोला में विधायक अंबा प्रसाद द्वारा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। विदित हो कि विगत दिनों पूर्व गरसुल्ला पंचायत अंतर्गत अंबा टोला के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दी थी जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद द्वारा 63 केवीए के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर दिन मंगलवार को उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर मिलने की खुशी में प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, नरेश बेदीया, कार्तिक उरांव, जतरू उरांव, सूरज उरांव, भीम यादव, भुवनेश्वर उरांव, दीपक गोप, हीरा गोप, मंटू मांझी, विशाल सिंह, प्रेम ठाकुर,विष्णु मांझी समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया।

## दारू में खुला आरसीएम का एमबी मार्ट



**दारु/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू चौक स्थित बरूण राशन दुकान के उपरी तल्ला में आरसीएम कंपनी ने एमबी मार्ट खोला। इस मार्ट का उद्घाटन कंपनी के रूबी स्टार संजय कुमार झा व मार्ट के संचालक बरुन कुमार ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर कंपनी के अधिकारी स्टार रूवी श्री झा ने कहा कि वर्तमान समय में घरेलू संबंधित वस्तुओं का एकमात्र आरसीएम कंपनी का ही प्रोडक्ट है जो अधिक लाभकारी है। आरसीएम कंपनी में रोजमर्रा में उपयोग होने वाले वस्तुओं के साथ साथ वस्त्र, कॉस्मेटिक सहित सभी प्रकार की वस्तु उपलब्ध है। आरसीएम के उत्पाद जहां एक ओर गुणवत्ता युक्त है साथ ही साथ इसकी कीमत भी कम होती है। मार्ट के संचालक बरुण कुमार ने कहा कि हमारे क्षेत्र में यह पहला दुकान है जहां सभी प्रकार के सामन उपलब्ध है। अब लोगों को शहर नही जाना पड़ेगा। मौके पर मौजूद पंकज कुमार सिंह, कामेश्वर महतो, बल्कि मंडल, देवचंद महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## परेड के लिए एक स्कूल के तीन कैडेट का चयन होना गर्व की बात : हरमीत



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में एनसीसी कैडेट्स सम्मान समारोह सह आर्ट एंड साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर हरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मान समारोह के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड कर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस के परेड में डिवाइन स्कूल के तीन छात्रों के चयन और उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर पीयूष कुमार को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

## अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पपलो पंचायत की मुखिया चिंता देवी ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि पपलो पंचायत के ग्राम नावाडीह 2 में गैरमजरूआ जमीन पर पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा निमार्णाधीन प्लास्टिक व बोतल कचरा प्रबंधन (सेग्रिसेशन शेड) को 27 फरवरी की रात्रि कुछ अज्ञात लोगो द्वारा निर्मित दीवाल को तोड़ कर गिरा दिया गया। इसकी सूचना मेरे पति दशरथ यादव को प्रकाश यादव विंधनिया निवासी द्वारा दिया गया। उन्होंने छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

## कोडरमा-कोवाड और मरकच्चो-बरियारडीह सड़क पर हर दिन लग रहा जाम

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा कोवाड व मरकच्चो बरियारडीह पथ कोडरमा, गिरिडीह, कोलकाता, पटना व रांची जाने का सीधी सड़क है। इस कारण लंबी रूट की गाड़ियों के अलावा इस सड़क पर कई लोकल वाहनों एवं हाइवा का परिचालन होता रहता है। मरकच्चो में प्रतिदिन जाम लग जाना आम बात हो गई है। शाम में प्रतिदिन बन्धन चौक, दुर्गा मंदिर, बाजार रोड व बड़ा अखाड़ा में जाम लग जाना नियति बन चुकी है। रविवार की शाम यह नजारा बन्धन चौक के समीप सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के पास देखने को मिला। सबसे अधिक परेशानी गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के दिन होती है। यह साप्ताहिक हाट गुरुवार को दिन 2 बजे से शाम 7 बजे तक लगता है। साप्ताहिक हाट के दिन बाजार जाने-आने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

## बीडीओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**विष्णुगढ (आजाद सिपाही)।** आम चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ के प्रखंड के मतदान केंद्रों का निरीक्षण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। लगभग 10 मतदान केंद्रों में जाकर शौचालय तथा पानी की सुविधा का निरीक्षण किया। जिन बूथों पर पानी अथवा शौचालय की असुविधा है,उसे तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिसमे रमुआ विद्यालय,विष्णुगढ़ राजकीय कन्या मध्य विद्यालय,राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गुंडरो, प्राथमिक विद्यालय हेठली बोदरा, +2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, प्राथमिक विद्यालय नावाडीह , उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौथा , राजकीय मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ सहित अन्य विद्यालयो में निरीक्षण किया गया। मौके पर जीपीएस रामसेवक दांगी ,कनीय अभियंता बिरेन्द्र कुमार समेत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक बूथ निरीक्षण के दौरान अपने-अपने विधालयों में उपस्थित थे।

# हजारीबाग में 75 पेटी अवैध विदेशी शराब लदा वाहन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** अवैध विदेशी शराब लोड टाटा पिकअप वाहन को हजारीबाग पुलिस ने सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में पकड़ा है। पिक अप वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया गया हैं। एसपी अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग का टाटा पिकअप वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नं. बीआर 02 क्यू 9598 पर अवैध विदेशी शराब लोड कर राँची के तरफ से हजारीबाग की ओर आ रही है।

सूचना पर सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष के नेत्तृव मे एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल के साथ सघन वाहन चेकिंग लगाया गया। इस क्रम में एक सफेद रंग का पिकअप वाहन को आते देखा गया। पिकअप वाहन का चालक पुलिस चेकिंग पार्टी को देख वाहन तेजी से भगाने लगा जिसे पुलिस पार्टी द्वारा पिछा कर उक्त वाहन को पकड़ा गया, किन्तु चालक अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। पिकअप वाहन के निरीक्षण के क्रम मे पिकअप के डाला के चारों तरफ खाली सब्जी का प्लास्टिक केरेट रस्सी से बांधा हुआ था। जिसे खोलकर केरेट को हटाने पर अंदर मे बहुत सारे बंद कार्टुन दिखायी दिया।

जिसके जांच करने पर उक्त पिकअप वाहन के डाला पर रॉयल स्टेज प्रीमियर व्हिस्की 39 कार्टून जिसमे 375 एमएल का कुल 936 बोतल प्रत्येक कार्टुन मे 24 बोतल, इंपीरियल ब्लू रिजर्व ग्रेन व्हिस्की 21 कार्टून जिसमे 375 एमएल का कुल 504 बोतल प्रत्येक कार्टुन मे 24 बोतल और मैक डोवेल्स नंबर 1 डिलक्स व्हिस्की 15 कार्टून, जिसमे 375 एमएल का कुल 360 बोतल प्रत्येक कार्टुन मे 24 बोतल विदेशी शराब पाया गया। मुफ्फसिल थाना में वाहन मालिक, चालक, शराब के क्रेता- विक्रेता पर कांड सं- 58/24 दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है।

## हाइवा और टैंकर में टक्कर, ड्राइवर बचे

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित 13 माईल के पास सुबह तकरीबन 7:00 बजे मेंटेनेंस के लिए हजारीबाग जा रही त्रिवेणी सैनिक की हाईवा और हजारीबाग की ओर से डीजल लेकर आम्रपाली टंडवा जा रही टैंकर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गयी। घटना में दोनों वाहन के ड्राइवर बाल बाल बचे और घायल हो गये। डीजल टैंकर के ड्राइवर ने बताया कि घटना का कारण डीजल टैंकर का ब्रेक फेल हो गया था। जिसको काफी बचाते बचाते हईवा से टक्कर हो गई। पुलिस प्रशासन के सहयोग से दोनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल भेजा गया। घटना इतनी भयानक थी कि दोनों वाहन के परकच्चे उड़ गए। बीच रास्ते में ही दोनों के टक्कर कारण आवागमन पूर्ण रूप से बंद हो गया था। जेसीबी मशीन और हैडरा के द्वारा दोनों वाहन को सड़क किनारे किया गया। तत्पश्चात आवागमन बहाल कराया गया।

## विधायक अंबा प्रसाद ने योजनाओं की स्वीकृति दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** दिन बुधवार को हरली पंचायत के कई सार्वजनिक विकास कार्यों की स्वीकृति विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रदान की गयी। विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से अनुशंसित योजनाओं का अनुशंसा पत्र प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने पंचायत कोर कमिटी के पदाधिकारियों को प्रदान किया। विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से हरली पंचायत के हरिजन मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण लगभग 3 लाख की लागत से होगी। वही हरली के सिद्धेश्वर महतो के घर से बैजनाथ महतो के घर तक पीसीसी पथ भी बनवाया जायेगा। इसके अलावा हरली में पुखन महतो के घर से कैलाश महतो के घर तक, रामचंद्र महतो के घर से कौलेश्वर गोप के घर तक ईट सोलिंग एवं पीसीसी पथ निर्माण व प्रयाग गोप के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य भी होगा। ज्ञात्व्य हो कि बिगत दिनों अंकित राज के द्वारा पंचायत में कोर कमेटी का गठन किया गया था एवं विकास योजनाओं का चयन भी किया गया था जिसके बाद ग्रामीणों की सहमति के बाद सभी कार्यों की स्वीकृति विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रदान की गयी है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, वरिष्ठ कांग्रेसी शमशेर आलम मौजूद थे।

## हेवई में दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखण्ड के हेवई पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का गठन दिन बुधवार को इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज की मौजूदगी में किया गया। हेवई पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकित राज का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता बालदेव महतो,अर्जुन महतो समेत विष्णु कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, प्रमोद कुमार महतो, प्रदीप कुमार भुईया, भुनेश्वर कुमार, संदीप कुमार महतो, रमेश कुमार महतो ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कियो इन सभी का अंकित राज एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सर्वसम्मति से मेहंदी हसन को पुनः पंचायत अध्यक्ष, दीपक राम उपाध्यक्ष, बलदेव महतो पंचायत सचिव, दिनेश पासवान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद रईस आलम मीडिया प्रभारी व तुलेश्वर महतो पंचायत संरक्षक चुने गये।

## आइसेक्ट विवि में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के प्राध्यापक डॉ विजय राज सिंह कार्यक्रम में शरीक हुए। कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक मुकेश कुमार, सुरेश कुमार व राहुल राजवार ने बुके देकर मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों का मंच पर स्वागत किया। जिसके बाद मुख्य अतिथि डॉ विजय राज सिंह, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। स्वागत भाषण के जरिये मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समाज में वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और उनकी सराहना करने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और युवा छात्रों को विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। मुख्य अतिथि डॉ विजय राज सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को पहचानने और भावी पीढ़ियों को विज्ञान अपनाने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करने का दिन है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रामन के रामन प्रभाव की खोज कारण इसे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। दरअसल सी.वी रामन पहले एशियाई थे, जिन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इस बीच विश्वविद्यालय की छात्राएं सपना, साक्षी, पलक, तनिष्का और हेरा ने विज्ञान के महत्व को लेकर मनमोहक नाट्य प्रस्तुति दी।

### पेज 01 का शेष

## प्रधानमंत्री कल करेंगे ...

उन्होंने बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से भी एसपीजी के दिशानिर्देश पर तैयारियां लगभग समापन की ओर है और अब बस उस क्षण का इंतजार है। जब देश के प्रधानमंत्री इस कारखाने का उद्घाटन करंगे। उन्होंने सिंदरी हर्ल के द्वारा की जा रही प्रोडक्शन के बारे में 3 जानकारी देते हुए कहा कि इस फरवरी माह में सिंदरी हर्ल कारखाने से कुल सात लाख मीट्रिक टन अमोनिया और 11.91 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया है, जो आने वाले समय में और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि यहां से निकलने वाले उत्पाद अभी झारखंड के साथ साथ बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में इस फैक्ट्री से सल्फर कोटेड यूरिया जिसे हम यूरिया गोल्ड भी कहते हैं उसका भी उत्पादन किया जायेगा। इसके अलावा और भी कई तरह के केमिकल बेस यूरिया का उत्पादन यहां से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां से निकलने वाले यूरिया की क्वालिटी काफी बेहतर है। जिससे किसानों को अपने खेतों में यूरिया छिड़काव में काफी सहूलियत होगी। निदेशक एसपी मोहंती ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था वो अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। दरअसल भारत वर्ष 2025 तक यूरिया के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश में यूरिया की कमी को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री के निर्देश पर देश में पांच कारखाने खोले गये हैं। जिसमें गोरखपुर, बरौनी, सिंदरी, रामाकुंडा और तालचर जो जल्द ही शुरू होने वाला है, शामिल है। उन्होंने कहा कि इन कारखानों से देश को करीब 65 लाख टन आतंरिक यूरिया मिलने लगेगी। उन्होंने बताया कि सिंदरी में हर्ल के खुलने से आसपास के लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेंगे। साथ ही साह आने वाले वर्षों में हर्ल सीएसआर फंड के जरिये आसपास के क्षेत्रों को और विकसित करेगा। मौके पर हर्ल वॉइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक गौतम माझी चीफ मैनेजर एचआर, संत सिंह एचआर मैनेजर, विक्रांत सिंह मंसूर आदि शामिल हुए।

## यूपीए सरकार को विकास...

प्रधानमंत्री बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी में परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने 17 हजार 300 करोड़ रुपये की परिपयोजनाओं की नींव रखी। इनमें देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल है। इस वेसल को हरित नौका इनीशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला समेत अन्य योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, वे विकसित भारत के रोडमैप का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना भी देखने को मिलेगी। परियोजनाओं से युवाओं के लिए नौकरी के अवसर निकलेंगे। प्रधानमंत्री तामिलनाडू के बाद बुधवार शाम महाराष्ट्र के यवतमाल पहुंचे। यहां उन्होंने 4 हजार 900 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया, जिसमें रेल, सड़क और सिंचाई के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

## वन विभाग ने लकड़ी लदा वाहन जब्त किया

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकी वन सीमा में बीती रात रात्रि लगभग वन विभाग द्वारा किए जा रहे रात्रि गश्ती के दौरान साल बोटा लकड़ी से लदा पिकअप वाहन जब्त किया गया। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देशानुसार रात्रि गश्ती की जा रही थी। इसी दौरान प्रखंड के नरकी वन सीमा में अवैध साल बोटा लकड़ी से लदे वाहन को जब्त किया गया। जप्त किये गये पिकअप वाहन को वन क्षेत्र कार्यालय सरिया लाया गया। अभियुक्त काली महतो निवासी नरकी के साथ साथ अटका बगोदर के रहने वाले अन्य अपराधियों पर भारतीय वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। प्रभारी वनपाल ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह रात्रि गस्ती कर वन अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत इंदरवा में मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार व्यक्ति की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गयी। बुधवार को डोमचांच के महथाडीह निवासी मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक पवन कुमार साव झुमरी तिलैया में सब्जी मंडी के समीप मोबाइल दुकान चलाते थे। मंगलवार की रात दुकान से वह अपनी बाइक से वापस घर महथाडीह लौट रहे थे। इस दौरान इंदरवा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद पुलिस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गयी। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पवन कुमार साव की मौत हो गयी।

## जनशताब्दी एक्सप्रेस का पहाड़पुर स्टेशन पर होगा ठहराव, रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रांची से गोमो कोडरमा गया होकर पटना तक जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस के पहाड़पुर स्टेशन पर ठहराव को रेलवे बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक कोचिंग विवेक कुमार सिन्हा ने प्रयोग के तौर पर ठहराव को ग्रीन सिग्नल दे दी है। इधर पूर्व मध्य रेलवे की ओर से जल्द ही ठहराव की तिथि की घोषणा की जायेगी। इसके साथ ही कोडरमा गया के बीच पहाडपुर पर पटना-रांची व 12366 रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होगा।

## पुरी-नयी दिल्ली एक्सप्रेस का होगा परिचालन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुरी-नई दिल्ली के बीच एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी को चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड ने कर दिया है। इसका समय सारणी भी जारी किया जा चुका है। नई ट्रेन जल्द ही परिचालन में आ सकती है। नई ट्रेन शनिवार को पुरी से खुलेगी और रविवार को नई दिल्ली पहुंचेगी। रविवार को ही नई दिल्ली से खुलकर सोमवार को पुरी पहुंचेगी। यह ट्रेन शनिवार की सुबह 4 .15 मिनट पर पुरी से खुलेगी और रात्रि 8 बजे कोडरमा पहुंचेगी। रविवार दोपहर 1 बजे नई दिल्ली पहुंच जायेगी। रविवार को ही नई दिल्ली से शाम 5 बजकर 20 मिनट पर खुलेगी और अगली रात्रि 11.55 बजे पुरी पहुंचेगी।

## साइबर कैफे में हुई चोरी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरमाटांड में डिजिटल इंडिया साइबर कैफे में रात्रि वेंटीलेटर के द्वारा अज्ञात लोग घुसकर रखे नगद पांच हजार रुपए लेकर चलते बने। डिजिटल इंडिया साइबर कैफे के प्रोपराइटर सिकंदर कुमार पंडित पिता खीरु पंडित जब दुकान खोलने आए तो कंप्यूटर वगैरह बिखरा मिला साथ ही वेंटिलेटर टूटा था और काउंटर से पांच हजार रुपए नगद नहीं था। बता दें कि प्रोपराइटर ने समाचार लिखे जाने तक थाना को सूचना नहीं दिया है।

## बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जयनगर पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जयनगर मध्य जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव ने विद्युत अधीक्षण अभियंता सुधांशु शेखर कोडरमा, कार्यपालक अभियंता सुब्रतो मुखर्जी कोडरमा कार्यालय में मिलकर लिखित आवेदन सौपकर प्रखंड जयनगर के बिजली से संबंधित समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण की मांग की है। ग्राम बेहराडीह में उमाशंकर यादव एवं रंजीत रजक के घर तक पोल तार देकर विद्युत आपूर्ति करने, आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा से भुवालड़ीह तक जर्जर पॉल एवं तार को बदलने, परसाबाद चौधरी टोला में नया पॉल तार देकर विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है। ग्राम घाघडीह 33000 तार के ऊपर सूखा पेड़ हटाने तथा नया पोल तार देकर विद्युत आपूर्ति करने कि मांग किया है। वहीं जयनगर प्रखंड के विभिन्न मकान के ऊपर 11 हजार गुजरे तार को हटाने की मांग की गयी है।

## परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन एवं सीटू से सम्बद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन सरकारी बस स्टैंड झुमरीतिलैया में बुधवार को संपन्न हुआ। अध्यक्षता टैम्पो चालक संघ के मो रफीक ने किया। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि परिवहन मजदूरों के साथ दबंग और पुलिस के लोग शोषण करते हैं। जिसके खिलाफ यूनियन की एकता को मजबूत कर लड़ाई लड़ना होगा। सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि संघर्षों के चलते टैम्पो चालकों के लिए पुराना नगरपालिका के पास टैम्पो स्टैंड का बोर्ड लगा। हमें ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष करना है। जिसके लिए हमें परिवहन क्षेत्र के सभी चालकों को यूनियन में जोड़ना होगा और आंदोलन को तेज करना होगा। सम्मेलन में सर्वसम्मति से झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन की 15 सदस्यीय कमिटी का चुनाव किया गया। जिसमें मो रफीक अध्यक्ष, शिवकुमार रजक उपाध्यक्ष, चन्दन सिंह सचिव, महेश रविदास सह सचिव, विजय शर्मा कोषाध्यक्ष के अलावा मो उजैर, विनोद कुमार, अमरदीप गिरी, अशोक प्रसाद वर्मा, अशोक पासवान, मुकेश कुमार, राजकुमार साव, संतोष कुमार, रौशन गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य चुने गये।

## झुमरीतिलैया बाइपास में सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाया गया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के झुमरीतिलैया बाईपास में सर्विस लेन पर संचालित हो रहे गैरेज को हटाया जा रहा है। कोडरमा एसडीओ रिया सिंह की अगुवाई में डीटीओ विजय सोनी ने अभियान चला कर सर्विस रोड पर रिपेयरिंग के लिए खड़े ट्रकों को हटाने का निर्देश दिया, साथ ही सड़क पर गाड़ियों की मरम्मती करने वाले गैरेज संचालकों पर जुमार्ना भी लगाया। दरअसल तिलैया बाईपास में कई जगह पर फोरलेन का निर्माण कार्य अभी भी जारी है, ऐसे में सर्विस रोड से लोगों को आवाजाही करने में आसानी होती, लेकिन ट्रकों के खड़े रहने के कारण लोगों को गलत साइड से फोरलेन पर वाहनों का परिचालन करना पड़ता है। जिसके कारण अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुर्घटनाएं होती भी रहती है। डीटीओ विजय सोनी ने बताया कि यातायात नियमों के अनुपालन नहीं करने के साथ-साथ सर्विस रोड पर ट्रकों के खड़े रहने से हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में बढ़ोतरी हुई हैं। जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने सर्विस रोड को पूरी तरह से खाली करने का निर्णय लिया है। उसी आलोक में यह कार्रवाई की जा रही है।

## लोकल सेल संचालन शुरू करने सहित 6 सूत्री मांग को लेकर चार मार्च से आंदोलन करेगी समिति



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। विस्थापित संयुक्त रोड सेल समिति की बैठक बुधवार को कुरसे पंचायत भवन में हुई। इसमें चार राजस्व ग्राम बलकुदरा, कुरसे, देवरिया और दुंदवा के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में लोकल सेल जल्द से जल्द चालू करने की मांग को लेकर आगामी चार मार्च को भुरकुंडा परियोजना के बलकुदरा आउसोर्सिंग कंपनी का काम अनिश्चितकालीन ठप करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि लोकल सेल चालू किए बिना बलकुदरा खदान से कोयले का उत्पादन और संप्रेषण किया जा रहा। प्रबंधन पहले लोकल सेल चालू करें और कोयला उपलब्ध कराए, नहीं तो बलकुदरा खदान में कार्य नही होने दिया। मौके पर राणा प्रताप सिंह, झरी मुंडा, विजय साहू, कैलाश प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा, पंसस राजू मुंडा, अमर यादव, विरेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, कुलेश्वर राम, अनिल एक्का, राजाराम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## मोदी की गारंटी पत्र पर लोगों से लिये जायेंगे सुझाव : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करने जा रही है, इसका उद्देश्य जन जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी जी तक पहुंचाना है, ताकि वे भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें, आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विकास का प्रमाण होगा। उक्त बातें बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रामाकांत महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कही। अभियान दो चरणों में विभाजित किया गया है। अभियान का लांच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के द्वारा भाजपा के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से किया जायेगा, लांच कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी, मिस कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गयी, जन-जन के सुझाव स्वीकृत करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखायी गयी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिंह, रंजन फौजी, राजेंद्र कुशवाहा, भीमसेन चौहान, सूर्यवंशी श्रीवास्तव, मनोज जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## लंबित मुआवजा भुगतान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रेलवे निर्माण कार्य को कराया ठप



टंडवा (आजाद सिपाही)। लंबित जमीन मुआवजा भुगतान,रोजगार समेत विभिन्न मांगो को लेकर धनगड़ा गांव के ग्रामीणों ने शिवपुर कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य को ठप करा दिया है। जिससे ब्रिज निर्माण व मिट्टी ढुलाई कार्य बाधित रही।बुधवार को दर्जनों ग्रामीण निर्माण स्थल पहुंचे और सभी कार्य को बंद करा दी।ग्रामीणों ने बताया कि चतरा भू अर्जन विभाग की लापरवाही का खामियाजा रैयत भुगत रहे है। विभाग द्वारा 19 एकड़ का मुआवजा भुगतान से संबंधित नोटिस नहीं किया गया है। जिसके कारण किसानों को मुआवजा लेने में दिक्कते आ रही है। गांव के चंद्रदेव साहू, शंकर साहू, सुगन साहू, जीवन राम, तपेश्वर राम, सकेंद्र राम ने बताया कि कंपनी प्रबंधन ग्रामीणों के साथ छलावा कर रही है। रैयतों व ग्रामीणों को रोजगार से भी बेदखल कर रही है कंपनी में बाहरी लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है जिसके कारण आक्रोश पनप रहा है। बताया गया है कि उपर्युक्त मांगो से संबंधित ग्रामीणों लिखित उपायुक्त से की थी फिर भी भू अर्जन विभाग द्वारा मुआवजा भुगतान नहीं किया गया और न ही अन्य मांगों को पूरा किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने कार्य को ठप करा दिया है।

## खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है : प्राचार्य आराधना



मांडू (आजाद सिपाही)। खेल मंत्रालय भारत सरकार के युवा कार्यक्रम अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र रामगढ़ के सौजन्य से बुधवार को सपोर्ट पब्लिक स्कूल मांडू में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों के बीच फूटबॉल मैच, कबड्डी, वालीबॉल, रिले रेस आदि खेलों का प्रदर्शन हुआ। जिसमें सपोर्ट पब्लिक स्कूल मांडू के विद्यार्थियों ने फुटबॉल मैच में 1-0 से जीत हासिल की। साथ ही विद्यालय की टीम रीले रेस, वॉलीबॉल तथा कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सफलप्रतिभागियों को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य ने विद्यालय के बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए खेल के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कहा कि खेल से हमारे अंदर नेतृत्व भावना विकसित होती है । खेलों के द्वारा बच्चों को शारीरिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मनीष कुमार पृथ्वी, पवन, अब्दुल सलम शिक्षिका नुजरत, शिखा, सीमा, तारा, पिंकी आदि मौजूद थे।

## इइडीपी कार्यक्रम में ममत्व क्षमता के कारण है महिलाओं का अहम योगदान : डॉ उर्मिला सिंह




बरकाकाना(आजाद सिपाही)। डीएवी बरकाकाना के प्रांगण में इइडीपी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में झारखंड जोन डी और एफके सोलह विद्यालयों के सतर शिक्षिकाओं ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय प्राचार्या सह झारखंड जोन डी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उदघाटन किया। कार्यक्रम के दौरान डीएवी आरा के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर डॉ उर्मिला सिंह को सम्मानित किया।डीएवी पतरातू के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार सिन्हा व कई अन्य लोग कार्यक्रम के साक्षी बने। प्राचार्या डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि जिस प्रकार किसी भवन के लिए नींव अच्छी हो तभी उसपर भव्य भवन का निर्माण हो सकता है, ठीक उसी प्रकार इइडीपी किसी भी विद्यालय के लिए नींव का पत्थर है, उसकी मजबूती के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए, जिससे हम अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यशाला के दौरान छोटे बच्चों में ऊर्जा का संचार ज्यादा होता है इसलिए आम तौर पर देखा जाता है कि बच्चे इस उर्जा का दुरूपयोग चिल्लाने में और कक्षा को अशांत करने में करते है, इस उर्जा का समुचित उपयोग कैसे किया जाये। इस विषय पर प्रायोगिक रूप से बताया गया।

# कांग्रेस ने 48 घंटे से बंद रखा है सिरका कोलियरी, कांटा घर में लगाया ताला

**सेल समिति और विस्थापितों के बीच तीन वार्ता हो चुकी है विफल**

**अरगड्डा जीएम ने कहा सेल समिति की नहीं है जानकारी, मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के सिरका कोलियरी में दंगल की लड़ाई को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने कांटा घर में ताला जड़ दिया है। पिछले 48 घंटे से कोलियरी पूरी तरीके से ठप है। यहां सीसीएल का उत्पादन तो हो रहा है, लेकिन डिस्पैच पूरी तरीके से बंद हो गया है। गाड़ियों का कांटा नहीं होने के कारण सैकड़ों गाड़ियां कोलियरी के अंदर ही फंसी रह गयी है। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस के नेता समसूद खान ने बताया कि 17 जनवरी को भी जब कोलियरी बंद कराया गया था, तब मजदूरों की मांग को लेकर जल्द ही आवश्यक फैसला सुनाने की बात कही गयी थी। इसके बाद लोकल सेल समिति और कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही। लोकल सेल समिति स्थानीय मजदूरों को न्याय देने के लिए तैयार नहीं है। जब तक मांगे पूरी नहीं होती है, कोलियरी में काम नहीं होने दिया जायेगा।

**गाड़ी से 6800 की वसूली पर मजदूरों को मिल रहा 2400 :** सिरका कोलियरी में आंदोलन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि लोकल सेल के माध्यम से कोयले का उठाव किया जा रहा है। हर ट्रक से 6800 की वसूली की जा रही है लेकिन मजदूरों को मात्र 2400 रुपया का भुगतान किया जा रहा है। बीच की राशि का बंदर बांट सेल संचालन समिति द्वारा किया जा रहा है। इससे पूर्व में एक करोड रुपये के घोटाला दंगल समिति कर चुकी है। पिछले एक महीने में 12 लाख रुपये का बंदर बांट हो चुका है।

**48 घंटे में सीसीएल को हुआ करोड़ों रुपये का नुकसान :** लोकल सेल के दंगल की लड़ाई में सबसे अधिक नुकसान सीसीएल को उठाना पड़ रहा है। पिछले 48 घंटे से डिस्पैच बंद होने के कारण ई वे बिल और चालान नहीं बन पा रहे हैं। इसके अलावा जो कोयला ट्रैकों में लोड है उससे भी कोयला ट्रांसपोर्टर और मालिकों को भारी नुकसान हो रहा है। सीसीएल प्रबंधन ने कोलियरी बंद रहने की सूचना मुख्यालय को दे दी है।

**कोलियरी में हैंड लोडिंग है बंद, दंगल की नहीं है जानकारी :** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार झा ने कहा कि दंगल की कोई जानकारी उन्हें नहीं है। किसी भी तरह का दंगल सिरका सेल में नहीं चल रहा है। हैंड लोडिंग पूरी तरह से बंद है। डीजीएमएस के आदेश के अनुसार मशीन से लोडिंग होती है। सीसीएल मुख्यालय और राज्य सरकार को नुकसान हो रहा है। पूरे मामले की जानकारी रामगढ़ जिला प्रशासन, पुलिस और सीसीएल के वरीय अधिकारियों को दे दी गयी है। जल्द ही समाधान निकल जायेगा।

**तीन चरण की वार्ता पूरी तरीके से रही विफल:** इससे पूर्व कांग्रेसी नेताओं और विस्थापितों द्वारा 17 जनवरी को सिरका कोलियरी बंद कराया गया था। उस दौरान भी मामला तनावपूर्ण हो गया था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाया। इस पूरे मामले को लेकर एसडीओ कार्यालय में दोनों पक्षों के बीच में बैठक कर तीन बार वार्ता हुई थी। लेकिन वार्ता में कोई हल नहीं निकाला। इसके बाद दोबारा कांग्रेस नेता और कुछ विस्थापित अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये हैं।

# पुलिस पर हमले में शामिल दुर्दांत नक्सली जेठा गंझू गिरफ्तार

**दो लोडेड एसएलआर राइफल समेत अन्य सामान बरामद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में सुरक्षाबलों ने टीएसपीसी नक्सलियों को एक बार फिर बड़ा झटका दिया। पुलिस ने वशिष्टनगर जोरी थाना क्षेत्र के नारायणतरी इलाके में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल दुर्दांत नक्सली जेठा गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। राजदेव सिंह भोक्ता उर्फ रामचंद्र उर्फ जेठा गंझू एरिया कमांडर सहेंद्र गंझू के मारक दस्ता का सदस्य है। पुलिस ने उसके पास से दो लोडेड एसएलआर पुलिस राइफल, 03 एसएलआर राइफल का मैगजीन, एसएलआर राइफल का 7.62 एमएम का 210 चक्र जिंदा कारतूस, 02 कैमोफ्लाइज मैगजीन पाउच, 01 एंड्राइड मोबाइल, एसएलआर राइफल का 7.62 एमएम का 09 खोखा, इंसास राइफल का 5.56 एमएम का 07 खोखा बरामद किया। गिरफ्तार नक्सली जेठा अफीम विनिष्टीकरण अभियान से लौट रहे पुलिस पार्टी को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग करने की घटना में शामिल था। इस घटना में सदर थाना के जवान सिकंदर सिंह व जोरी थाना के जवान सुकन राम शहीद हो गये थे। वहीं आरक्षी आकाश सिंह गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हो गए थे। जिसे इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची ले जाया गया था। एसडीपीओ संदीप सुमन ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए कहा कि सदर थाना क्षेत्र के हेठबैरियों से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के संरक्षण में सुदूरवर्ती इलाकों अफीम की खेती हो रही है। अफीम के पैसे से ही नक्सली आत्मनिर्भर बन रहे हैं। एसडीपीओ ने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और अफीम माफियाओं का भी खात्मा किया जायेगा। ज्ञात हो कि नक्सली हमले में जिस स्थान पर पुलिस के जवान शहीद हुए थे। उसी इलाके से एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में अफीम विनिष्टीकरण अभियान की शुरूआत की गयी है और लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है तथा अफीम की खेती नष्ट करने की कारवाई की जा रही है।

# बगलामुखी धाम में कम्युनिटी हाल का शिलान्यास

**विधायक ने कहा: क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता**

**कम्युनिटी हाल बन जाने से लोगों को मिलेगा लाभ**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरु कला के दामोदर नदी से सटे बंगलामुखी धाम परिसर में कम्युनिटी हॉल का रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने शिलान्यास किया। विधायक द्वारा नारियल फोड़कर शीलापट्ट का अनावरण किया गया मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि सुधा चौधरी, रामगढ़ जिला परिषद धनेश्वर महतोमुख्य रूप से शामिल हुए इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि रामगढ़ विधानसभा का विकास में किसी प्रकार की कोताही नहीं की जायेगी, मूलभूत सुविधाए जैसे सड़क, पानी, बिजली, भवन निर्माण, सामुदायिक भवन, सिंचाई शिक्षा अथवा स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरे रामगढ़ में सर्वांगीण विकास किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का काम करेंगे जिस प्रकार से झारखंड के पूर्व मंत्री और वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा रामगढ़ जिला का विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, रामगढ़ में अधूरे विकास योजनाओं का काम नहीं हुआ है, उसको शत प्रतिशत धरातल पर उता रने का प्रयास करूंगी, उन्होंने कहा कि जनता पूरे क्षेत्र का विकास करने का अवसर दिया है जिसे मैं भली भांति से विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य को करने का प्रयासरत हूं, कुंदरु कला पंचायत के बंगलामुखी धाम पर लगभग एक करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी ने बताया कि गांव के हर गली मोहल्ला सभी विकास योजनाओं को उतारने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर भवन निर्माण विभाग केल्लकार्यपालक अभियंता, एसडीओ शुभम सचान, कनीय अभियंता अवधेश कुमार कुंदरुकला पंचायत मुखिया किसुन राम मुंडा, बारलोंग पंचायत मुखिया रेखा देवी, छोटकी डुंडी मुखिया रामसेवक महतो पूर्व मुखिया शीला देवी, मिसिरलाल महतो उप मुखिया मोहराय, लाल किसून, झमन, आजसू प्रखंड सचिव जगदेव समेत सैकड़ों महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

# सच्चे मन से प्रभु की अराधना से पूरी होती है मन्नत: मनोज

**श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर प्रतिमाओं का नगर भ्रमण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** आस्था और भक्ति के प्रतीक विकास नगर जारा टोला स्थित श्री श्री नवदुर्गा परिसर में श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ के तीसरे दिन प्रतिमाओं का नगर भ्रमण को लेकर शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। नगर भ्रमण के तहत प्रतिमाओं के साथ अतिथि व श्रद्धालु विकास नगर से बिजुलिया, बिजुलिया से सुभाष चैक, सुभाष चैक से कॉलेज गेट पहुंचे। वहां से गाजे बाजे के साथ जयघोष करते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचकर नगर भ्रमण संपन्न हुआ।

**क्या बोले मनोज महतो :** मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा की इस प्रकार के आयोजनों का लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। क्योंकि इस प्रकार के आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना का प्रसार होता है। साथ ही आध्यात्मिक संतुष्टि की अनुभूति होती है। इसलिए लोगों को अपनी व्यस्त दिनचर्या में प्रभु की अराधना के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया था।

**कौन कौन थे उपस्थित :** नगर भ्रमण में मुख्य यजमान दीपक कुमार सिन्हा, यागेंद्र ओझा, ओम प्रकाश सिंह, रमेश महतो, दीपू गुप्ता, अनुपमा सिंह, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सदन, प्रभु, अमरेंद्र सिंह, संजय, जगरनाथ, राहुल, पुरनी, अनुजे, हरेंद्र, संतोष सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर ने भू-अर्जन पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र, मुआवजा भुगतान की मांग



कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति बुधवार को रेलवे डीआरएम धनबाद के नाम भू-अर्जन पदाधिकारी रामगढ़ को मांग पत्र सौपा। जिसमे कहा गया है कि चैनपुर सोनडीहा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण होना है। जिसके आलोक में विभाग रैयतों की जमीन अधिग्रहित की गयी है। लेकिन अबतक विभाग द्वारा जमीन के बदले रैयतों को मुआवजा भुगतान नही किया गया है। लेकिन सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश प्राप्त है कि रैयतों की जमीन को चिन्हित कर जल्द मुआवजा राशि भुगतान किया जाय। जिससे निर्माण कार्य शीघ्र चालू हो सके।

## गुरुकुल भोंदल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के भोंदल गुरुकुल रेसिडेंसियल में बुधवार को सीवी रमन के जन्मदिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों ने विज्ञान के प्रयोग के आधार पर कई मॉडल बनाएं। बच्चों ने प्रदूषण कम करने, डाइजेस्टिव सिस्टम, चंद्रयान मॉडल, वोल्कानिक इरप्शन, पवन चक्की, सोलर सिस्टम आदि पर आधारित स्वचालित मॉडल बनाएं और उसका कार्य और प्रयोग को वर्णन भी किया। मौके पर विद्यालय के अभिभावक एवं शिक्षकों द्वारा मॉडल का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुर्यभूषण उर्फ गुड्डू सर, गुड़िया दुबे, अर्जुन कुमार, सुशील कुमार, रविंद्र कुमार, विकास कुमार, शत्रुघन कुमार, सोनम कुमारी, शायमा परवीन, सानिया परवीन, रेणुका साहनी, गुलनाज परवीन, अर्पणा सिंह आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## पिकअप वैन ने बाइक सवार शिक्षक को मारी टक्कर, गंभीर

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के मुरपा फोरलेन सड़क पर बुधवार को एक पिकअप वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के रहने वाले जो वर्तमान में रामगढ़ रह रहे प्रदीप कुमार पांडेय अपने बाइक स्पलेंडर बाइक संख्या यूपी50एडब्लू-3301 पर सवार होकर तिरला उच्च विद्यालय से बच्चों को पढ़ाकर अपने घर रामगढ़ की ओर वापस लौट रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे पिकअप वैन संख्या जेएच01ईक्यू-6163 ने जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे डिवाईडर में चढ़ गया। वहीं मौके से चालक वैन को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में कर ओपी ले आये। इस संबध में ओपी प्रभारी दिगबंर पांडेय से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि पिकअप वैन में लदा मांस प्रतिबंधित है या नहीं इसकी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## सात दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ 8 से शुरू

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू वीणा टॉकीज के दुगार्मंडप के निकट सात दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह सप्रासाद शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा 8 मार्च से शुरू होगी। जिसकी तैयारी जोरो से चल रही है। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि 8 मार्च को जल यात्रा पंचांग पूजन होगा। 9 मार्च को देवताओं का पूजन, वास्तु मंडपांग, 10 को दैनिक पूजन, आरती मंथन, नवग्रहादि, आह्वाहन, 11 को रूद्रस्वहकार,अन्नाधिवास, फलाधिवास, 12 को देवस्नपन, नेत्रो मिलन, तेरे को न्यासा पूर्वक देव विग्रतो, और 14 मार्च को हवन, पूणार्हुति और भंडारा का आयोजन होगा। जबकि 9 मार्च से 13 मार्च तक वृंदावन मंडली की ओर से प्रतिदिन रामलीला का आयोजन होगा। श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ को तैयारी को लेकर मुनीलाल सिंह, किशोर सिंह रामलाल सिंह, गुड्डू सिंह हर्ष कुमार सहित कई लोग सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## 674.28 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य एनटीपीसी ने दूसरी इकाई से की पूरी



टंडवा (आजाद सिपाही)। नॉर्थ कर्णपूरा वृहद विघुत ताप 3660 मेघावाट परियोजना टंडवा ने एशिया महादेश की पहली एयर कूलिंग कंडेंसर तकनीक से बिजली उत्पादन के क्षेत्र में एक बढ़ कर एक कृतिमान हासिल करती जा रही है।पहली यूनिट से बिजली के सफल उत्पादन के बाद बुधवार के अहले सुबह करीब 3.30 बजे दुसरे इकाई का भी परीक्षण सफल हो गया। पिछले 72 घंटे तक चले परीक्षण संचालन के बाद एनटीपीसी अपने दुसरे इकाई से बिजली उत्पादन का समय सीमा पर सफलता हासिल किया। बताया गया की दूसरी इकाई से बिजली तैयार होने की कड़ी में 72 घंटे तक लगातार पूर्ण भार देकर सफल परीक्षण के बाद दुसरा युनिट भी बिजली आपूर्ति के लिए तैयार हो गया है। 72 घंटे तक चले परीक्षण प्रक्रिया के दौरान अधिकतम 674.28 मेगावाट बिजली का सफल उत्पादन किया गया। सफल परीक्षण के उपरांत परियोजना प्रबंधन की टीम ने खुशी मनायी। इस मौके पर परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु पांडा, एचआर प्रमुख अनिल चावला, धीरज गुप्ता, एके शुक्ला, मुकुल राय सहित अन्य उपस्थित थे।

## नौ दिवसीय रुद्र नारायण महायज्ञ सह शिव पुराण प्रतिष्ठा का आयोजन

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विशुनपुर गांव में बुधवार को नौ दिवसीय रुद्र नारायण महायज्ञ सह शिव पुराण प्रतिष्ठा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की सख्या में महिला पुरुष एवं किशोरी युवतियों ने यज्ञ मंडप से कलश यात्रा में शामिल कतार वध होकर बिशनपुर, जोरा करम, गोसाहीह गोड़वाली देवरिया होते हुए पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ लीलाजन नदी पहुंचा। जहां यज्ञ आचार्य वाराणसी से आए हुए आचार्य पंडित अमित शास्त्री एवं श्रीकांत कैलाश मिश्रा सहदेव पांडे लखन पांडे विवेक शास्त्री विनोद शास्त्री मनीष पांडे के सानिध्य में मंत्रोचारण के साथ कलश में जल संकल्पित कराया गया। इसके बाद जय शिव शंकर भोले नाथ, हरहर महादेव के नारा लगाते हुए यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शिव मंदिर यज्ञ समिति के अध्यक्ष रघु यादव, राजू यादव, कृष्ण यादव, अमरनाथ मुखिया दीपा भारती ,पूर्व मुखिया रामस्वरूप पासवान सहित अन्य लोग शामिल थें। जिसमें झूला ब्रेक डांस मिनी बाजार शामिल है। इसके अलावा संध्या 7:30 बजे आरती का आयोजन किया है। इसके बाद 8:00 बजे से 10:00 बजे तक विद्वान पंडितों के द्वारा प्रवचन तथा 10:00 बजे रात्रि से रासलीला का आयोजन किया गया है।

# सवाल बराबरी का

एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने देश के सुरक्षा ढांचे के अंदर पलती पितृसत्तात्मक सोच पर कड़ी चोट की है। इस बार मामला कोस्टगार्ड से जुड़ा है। हालांकि अभी फैसला नहीं आया है और मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होनी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख ने इतना तय कर दिया है कि कोस्टगार्ड में महिलाओं को परमानेंट कमीशन देने में अब और टालमटोल नहीं किया जा सकेगा।

**सशस्त्र बलों का अनुभव :** इस संबंध में अचरज की बात यही है कि महिला-पुरुष बराबरी को लेकर देश-दुनिया में चल रहे विमर्श से हमारे सरकारी ढांचे का कोई हिस्सा इस कदर उदासीन कैसे हो सकता है। ध्यान रहे कि सशस्त्र बलों में बराबरी का व्यवहार पाने का महिलाओं का संघर्ष भी इसी दौर में चला। सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के फैसले में सेना को निर्देश दिया कि महिलाओं को परमानेंट कमीशन देना होगा। अदालत ने इसके खिलाफ दी जाने वाली सारी दलीलों को खारिज कर दिया। अदालत ने साफ कर दिया कि पुरुष और महिलाओं की शारीरिक संरचना भले ही अलग हो, उसमें प्राकृतिक अंतर हो, लेकिन बौद्धिक दृष्टि से दोनों में कोई अंतर नहीं है। ऐसा कोई काम नहीं है, जो केवल पुरुष ही कर सकते हैं, महिलाएं नहीं कर सकती हैं।

**मिलती-जुलती दलीलें :** बावजूद इसके, कोस्टगार्ड से जुड़े इस मामले में भी मिलते-जुलते से तर्क सुनने को मिले। मिसाल के तौर पर कहा गया कि कोस्टगार्ड की फंक्शनिंग सेना या नौसेना से अलग है। ठीक ही अदालत ने इस तरह की दलीलों के विस्तार में गए बगैर ही उन्हें यह कहते हुए काट दिया कि 2024 में फंक्शनल डिफरेंस वाले तर्क नहीं चलेंगे। चाहे जो भी डिफरेंस हो और जो भी बाधाएं हों, महिलाओं को परमानेंट कमीशन देना ही होगा। जाहिर है, अब आगे बात इस पर नहीं होगी कि यह देना है या नहीं, मसला सिर्फ यह होगा कि कैसे देना है। वैसे भी सूचना क्रांति और बाजारवाद के इस दौर में, जब पुरुषों और महिलाओं का भेद लगातार कम हो रहा है, यदि सेना और अर्द्धसैनिक बलों में इस तरह के भेद लागू रहे, तो इसका विपरीत असर सामाजिक विकास पर पड़ सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कोस्टगार्ड मामले में महिलाओं को परमानेंट कमीशन देने का फैसला सुनाया है, जिससे सुरक्षा ढांचे पर पलटी पितृसत्तात्मक सोच पर चोट पहुंची। यह फैसला जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी का एक महत्वपूर्ण कदम है।**

**जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी :** सवाल यह भी है कि जब सशस्त्र बलों में यह मामला उठा था, तब भी कहा गया था सरकार को जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी बनाने की पहल करनी चाहिए। मगर ऐसा लगता है कि सरकार की ओर से इस दिशा में कोई खास सार्थक प्रयास नहीं हुए। वरना सर्वोच्च अदालत के सामने 'फंक्शनल डिफिकल्टीज' गिनाने की कवायद में लगने की बजाय यह बताया जाता कि उन बाधाओं को दूर करने में कितनी कामयाबी मिली है। इंडियन कोस्टगार्ड के इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक और बात साफ हो गयी कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से अब भी जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी बनाने के प्रति गंभीरता का अंदाजा नहीं लग सका है। राजनीतिक रूप से भले ही महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें की जाती हों, महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया जाता हो, लेकिन मानसिकता आज भी पुरुष प्रधान ही है।

**शानदार उपलब्धियां :** वैसे सुप्रीम कोर्ट ने भी साफ कर दिया है कि यह मामला याचिकाकर्ता तक सीमित नहीं है, लेकिन अगर मिसाल के तौर पर इस खास मामले का जिक्र करें, तो भी इंडियन कोस्टगार्ड में पायलट के तौर पर 14 साल के अपने कार्यकाल के दौरान याचिकाकर्ता ने समंदर में 300 जानें बचायीं। उनके खाते में 4500 फ्लाइंग आवर्स दर्ज हैं, जो सशस्त्र बलों में महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में सबसे ज्यादा है। इसके अलावा भी महिलाओं के खाते में कई विशिष्ट उपलब्धियां दर्ज हैं, जिनकी बराबरी आज तक पुरुष नहीं कर सके हैं। इसलिए जेंडर न्यूट्रीलिटी के दृष्टिकोण से सुप्रीम कोर्ट के रुख का स्वागत किया जाना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आयुर्वेदाचार्य चरक ने 'चरक संहिता' लिखा था। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गयी है, जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिये गये हैं। आयुर्वेद के माध्यम से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है।**

# विज्ञान क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी

**डॉ शंकर कुमार सिंह**



**भारत** ऋषि परंपरा का देश रहा है। युग को चार भागों में विभाजित किया गया है- सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग। ये सभी युग अपनी विशेष तकनीकी और प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन भारत में विज्ञान का विकास तब हो चुका था। प्राचीन भारत के लोगों में विज्ञान के प्रति गहरी रु चि थी। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है। प्राचीन काल के ऋषि मुनियों ने अपनी अनुभूतियों के द्वारा नए नए आविष्कार को जन्म दिया। इसका एक उदाहरण त्रेतायुग का पुष्पक विमान है।

ऋषि वाल्मीकि की रामायण के अनुसार, पुष्पक विमान का प्रारूप एवं निर्माण विधि ब्रह्म ऋषि अंगीरा ने बनाई थी। पुष्पक विमान की कार्य क्षमता और उसके निर्माण का श्रेय भगवान् विश्वकर्मा को जाता है। तत्पश्चात भगवान् विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान को भगवान् ब्रह्मा को उपहार स्वरूप सौंप दिया था। उसके बाद ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट स्वरूप दे दिया था। रावण ने अपने छोटे भाई कुबेर से बलपूर्वक उसकी सोने की नगरी लंका और पुष्पक विमान को ले लिया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह विमान मन्त्रों के जरिये चलता था। ये विमान एक प्रकार का अंतरिक्ष यान था। ये सोने की धातु का बना था। इसे अपने मन की गति से असीमित चलाया जा सकता था। यह विमान यात्रियों की संख्या और वायु के घनत्व के अनुसार अपना आकार छोटा या बड़ा कर सकता था। पुष्पक विमान की शक्ति और क्षमता के आगे आधुनिक विमान तुच्छ प्रतीत होता है। पुष्पक विमान का विद्युत चुम्बकीय प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि यदि आज के समय में ये उड़ान भरे तो विद्युत और संचार जैसी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाएगी। हाल ही में 5000 वर्ष पुराने विमान को अफगानिस्तान की गुफाओं में पाया गया है।

**हमें अपनी रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता में इन कमियों को दूर करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है।**

दावा किया जाता है कि ये पुष्पक विमान ही है। यह जहां पाया गया है वहाँ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव (विद्युत चुंबकीय तरंग) का प्रभाव बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इस यान के पास जा कर कोई भी व्यक्ति वापस नहीं लौटा। पौराणिक कथाओं के अनुसार पुष्पक विमान स्ट्रेंज एनर्जी (अजीब ऊर्जा) से घिरा हुआ रहता था। श्रीलंका में भी रावण के सोने की लंका को पुरातत्व विभाग ने खोज लिया है और रामायण काल के 50 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इससे साबित होता है कि त्रेतायुग में स्वदेशी तकनीकी या प्रौद्योगिकी बहुत विकसित थी। आधुनिक वायुयान का आविष्कार दो अमेरिकी भाई (राइट ब्रदर्स) ओरविल और विल्बर ने 17 दिसंबर, 1903 को किया था। भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से प्रारंभ होता है जिसे हम हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जानते हैं। यह सभ्यता लगभग 2500 ईस्वी पूर्व दक्षिण एशिया के पश्चिमी भाग मैं फैली हुई थी, जोकि वर्तमान में पाकिस्तान तथा पश्चिमी भारत के नाम से जाना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता मिस्र, मेसोपोटामिया, भारत और चीन की चार सबसे बड़ी प्राचीन नगरीय सभ्यताओं से भी अधिक उन्नत थी। वर्ष 1920 में, भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से हड़प्पा तथा मोहनजोदडो जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई। हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने वर्ष 1921 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है। मनुष्य के शरीर की बलुआ पत्थर की बनी मूर्तियाँ, अन्नागार और बैलगाड़ी हड़प्पा सभ्यता की महत्वपूर्ण खोज है। मोहन जोदड़ो जिसे मृतकों का टीला भी कहा जाता है। इसकी खोज राखलदास बनर्जी ने वर्ष 1922 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। विशाल स्नानागर, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाढ़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति और बुने हुए कपड़े मोहनजोदड़ो सभ्यता की महत्वपूर्ण खोजें हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि प्राचीन भारतीय स्थल शिल्पकारी, भवन निर्माण या वास्तुविद आदि जैसी तकनीकियों के प्रमाण हैं। प्राचीन भारत में सारी तकनीकियां स्वदेशी हुआ करती थी। प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं में तकीनीकी का इस्तेमाल कर स्वदेशिता को बढ़ावा दे सकते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण आयुर्वेद है। आयुर्वेद शास्त्र का विकास उत्तरवैदिक काल में हुआ था।

आयुर्वेदाचार्य चरक ने 'चरक संहिता' लिखा था। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गई है। जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिए गए हैं। आयुर्वेद के माध्यम से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है। ऋग्वेद में ऋचाओं का संकलन है जिनके मंत्रोच्चार से शरीर स्वस्थ्य और स्फूर्तिवान होता है। ऋग्वेद के ज्ञान से भी स्वदेशी हुआ जा सकता है। सामवेद संगीत का संकलन है जो आपको नवीनता देता है। यजुर्वेद में यज्ञ आदि कर्मकांडों का विवरण मिलता है जिससे वातावरण और समाज शुद्ध होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि हिंदू धर्म के चारों वेद स्वदेशी होने का अच्छा उदाहरण हैं। आध्यात्मिक बल पर प्राप्त की गई शक्तियों का सबसे अच्छा उदाहरण पुष्पक विमान और हमारे वेद हैं। अपने देश में निर्मित वस्तु, विचार, अध्यात्म और प्रकृति आदि कारक स्वदेशी होने को परिलक्षित करते हैं। प्राचीन भारत सिर्फ आध्यात्मिक दर्शन के बल पर विकसित था और आज का भौतिक दर्शन के बल पर विकाशशील है। जब भारत में आध्यात्मिक दर्शन, भौतिक दर्शन के साथ कदम मिलाकर चलेगा तब भारत विकासशील से विकसित भारत हो जाएगा। अध्यात्म आपकी कार्य क्षमता को बढ़ाता है। विज्ञान एक खोज है। खोज, बिना अध्यात्म के सम्भव नहीं है। अध्यात्म विज्ञान को बल प्रदान करता है। वास्को डी गामा ने मई 1498 में भारत की खोज की। वह अटलांटिक महासागर के माध्यम से भारत पहुंचने वाले पहले यूरोपीय थे। वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की यह विज्ञान का हिस्सा है।

एडिसन ने बल्ब का आविष्कार किया यह तकनीकी या प्रौद्योगिकी का हिस्सा है। कहने का तात्पर्य विज्ञान, खोज (डिस्कवरी) पर आधारित होता है। प्रौद्योगिकी या तकनीकी, आविष्कार पर आधारित होता है। विज्ञान साक्ष्य के आधार पर एक व्यवस्थित पद्धति का पालन करते हुए प्राकृतिक और सामाजिक दुनिया के ज्ञान और समझ की खोज और अनुप्रयोग है। प्रौद्योगिकी व्यावहारिक उद्देश्यों या अनुप्रयोगों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग है, चाहे वह उद्योग में हो या हमारे रोजमर्रा के जीवन में। इसलिए, मूल रूप से, जब भी हम किसी विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करते हैं, तो हम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे होते हैं। थॉमस एडिसन को प्रौद्योगिकी के जनक के रूप में जाना जाता है। गैलीलियो को विज्ञान का जनक कहा जाता है। विज्ञान के विकास से प्रौद्योगिकी का विकास होता है क्योंकि बहुत सारी प्रौद्योगिकियाँ वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर आधारित होतीं हैं। 28 फरवरी 1928 को भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव (रमन इफेक्ट) के खोज की घोषणा की थी। अतएव राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष की फरवरी माह के 28 तारीख को मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का प्रसंग/थीम है- विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी। स्वदेशी, स्वाभिमानी और स्वावलम्बन स्वतंत्रता का प्रतीक हैं। स्वदेशी तकनीकी अर्थात अपने देश में निर्मित तकनीकी का इस्तेमाल करना या कराना। जब हम अपने आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ किसी भी स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल करते हैं तो विकास की पूरी संभावना होती है। बिना अध्यात्म का विकास, विनाश का कारण बनता है। भारत एक आध्यात्मिक देश है। अतएव यहां स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल भारत को पूर्णरूप से विकसित भारत की श्रेणी में खड़ा करेगा। भारत का चंद्रयान-3 मिशन स्वदेशी तकनीकी का सबसे ज्यादा जीता जागता उदाहरण है। चंद्रयान-3 भारत का एक महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन था जो 24 अगस्त, 2023 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रयान 3 रोवर प्रज्ञान लैंडर से नीचे उतर गया था और भारत ने चंद्रमा पर सैर की। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश हो गया है। चंद्रयान-3 चाँद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का दूसरा प्रयास था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी का प्रयोग भारत के लिए राम बाण साबित होगा। अभी हाल ही में तीन स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियां- थर्मल कैमरा, सीएमओएस कैमरा और फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम- 4 फरवरी 2024 को भारत में 12 उद्योगों को हस्तांतरित कर दी गईं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत @ 2047 पहल के नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय की दिशा में एक कदम है। पहली तकनीकी- थर्मल स्मार्ट कैमरे में विभिन्न एआई आधारित एनालिटिक्स चलाने के लिए एक इनबिल्ट डीपीयू है। स्वदेशी प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग स्मार्ट शहरों, उद्योगों, रक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभिन्न कार्य क्षेत्रों के लिए लक्षित किया गया है। इस कैमरे का क्षेत्रीय कार्यान्वयन, परीक्षण और सत्यापन सड़क यातायात अनुप्रयोगों के लिए किया गया था। प्रौद्योगिकी को एक साथ निम्नलिखित आठ उद्योगों में हस्तांतरित किया गया था। दूसरी तकनीकी- इंडस्ट्रियल विजन सेंसर आईवीआईएस 10 जीआईजीई एक सीएमओएस आधारित विजन प्रोसेसिंग सिस्टम है जिसमें आने वाली पीढ़ियों के औद्योगिक मशीन विजन अनुप्रयोगों को निष्पादित करने के लिए एक शक्तिशाली ऑन-बोर्ड कंप्यूटिंग इंजन है। यह प्रौद्योगिकी मेसर्स स्मूकफिश इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की गई है। तीसरी तकनीकी- फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम, जिसमें फ्लेक्सीफ्लीट, पर्सनलाइज्ड ट्रांजिट रूट गाइडेंस सिस्टम के लिए परिचालन रणनीतियां शामिल हैं। फ्लेक्सीफ्लीट का उद्देश्य संचालन को अनुकूलित करना और बेड़े ऑपरेटरों और पारगमन एजेंसियों की दक्षता में वृद्धि करना है। वाहन स्थान ट्रैकिंग के अलावा, यह ओवरस्पीडिंग, जियोफेंस, इग्निशन, निष्क्रिय, रुकना और रैश ड्राइविंग जैसी विभिन्न स्थितियों के लिए अलर्ट प्रदान करता है। पर्सनलाइज्ड ट्रांजिट रूट गाइडेंस सिस्टम एक मोबाइल ऐप है जिसका उद्देश्य यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है क्योंकि यह यात्रियों को उनकी पसंद के सबसे कुशल या वैयक्तिकृत मार्ग चुनने का विकल्प प्रदान करता है। यह तकनीक एक साथ तीन उद्योगों को हस्तांतरित की गई। अतएव हम कह सकते हैं कि स्वदेशी तकनीकी, विकसित भारत का पर्याय है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग, विकसित भारत को परिलक्षित करेगा।

**(लेखक रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल हैं। व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# शहर में आयशर ने हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन स्टॉप सीरीज का किया अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** वीई कॉमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की एक बिजनेस यूनिट आयशर ट्रक्स एंड बस तेजी से आगे की ओर अग्रसर हो रही है। बुधवार को लौहनगरी जमशेदपुर से घाटशिला जाने वाली मुख्य सड़क के पास भिलाई पहाड़ी में आयशर ने हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन स्टॉप सीरीज का विधिवत शुभारंभ किया। लंबी दूरी के परिवहन के लिए डिजाइन की गयी एक नयी रेंज आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज का अनावरण होने से ग्राहकों को काफी सुविधा मिलेगी। नॉन-स्टॉप सीरीज चार नये हैवी-ड्यूटी ट्रकों को शामिल करती है जो शक्तिशाली और फ्यूल-एफिशिएंट इंजनों से लैस हैं। बेहतर प्रदर्शन व मालिकों को बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम का उपयोग करते हैं। आयशर प्रो 6019 एक्सपीटी, टिपर; आयशर प्रो 6048 एक्सपी, हॉलेज ट्रक; आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055 एक्सपी 4৭2, ट्रैक्टर ट्रक आयशर के हैवी, मीडियम और लाइट ड्यूटी ट्रक और बसों के व्यापक लाइन-अप के पूरक हैं। वीईसीवी के एमडी और सीईओ विनोद अग्रवाल ने कहा कि जमशेदपुर में आयशर की नॉन-स्टॉप रेंज के एचडी ट्रक पेश कियं जा रहे हैं, जो उद्योग जगत में नये मानदंड स्थापित करेंगे। यह न केवल ग्राहकों की सफलता के लिए बल्कि देश में लोजिस्टिक की दक्षता और लागत में सुधार लाने के लिए भी हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सीनियर वाईस प्रेसिडेंट गगनदीप सिंह गंधोक ने कहा आयशर अपने ग्राहकों को एक मजबूत और भरोसेमंद हेवी-ड्यूटी वाहनों का पोर्टफोलियो देता है। जो एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा समर्थित है। जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता और लाभप्रदता में वृद्धि होती है। वाहनों की नई रेंज को असाधारण प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। हर तरह के सर्विस सॉल्यूशन के साथ जो एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाते हैं। वे व्यवसाय और लाभप्रदता में निरंतर वृद्धि प्रदान करने के लिए तैयार हैं। अनावरण जमशेदपुर में आयशर ट्रक्स एंड बसेस की नयी डीलरशिप शाखा में किया गया। यह कदम ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और इस क्षेत्र में अपनी नेटवर्क उपस्थिति का विस्तार करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। झारखंड के जमशेदपुर में वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की एक बिजनस यूनिट आइशर ट्रक्स एंड बसों ने अपनी नई 3एस डीलरशिप का उद्घाटन किया गया। धनबाद, चास, पुरुलिया, जमशेदपुर, बहरागोड़ा, बारीपदा और बालासोर को जोड़ने वाले एनएच-18 पर रणनीतिक रूप से डीलरशिप स्थानीय ग्राहकों और इस महत्वपूर्ण मार्ग पर यात्रा करने वाले वाहनों के लिए आसानी से पहुंचा जा सकता है।

# दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया कालियाम पंचायत अंर्तरगत बुरुजबोनो गांव में जेएससी कमिटी द्वारा दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर की। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में कारामघुटु की टीम ने पिताजुड़ी टीम को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर जीत दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगिता के विजेता टीम को नगद 10,000 हजार राशि व उपविजेता टीम को नगद 7,000 की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते महावीर मुर्मू ने कहा कोई भी प्रतियोगिता में हार या जीत का खेल होता है। हरने वाले खिलाड़ियों को कभी घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल को मनोरंजन तक ही सीमित ना रखे। बल्कि एक कैरियर के रूप मे भी बना सकते है। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार भी खेल को बढ़ावा देते हुए खिलाड़ियों को नौकरियों में सीधे नियुक्ति दे रहे है। मौके पर झामुमो जिला 20 सुत्री सदस्य डोमन माझी,राम चंद्र हॉसदा, अर्जुन हेम्ब्रम, दाखिन किस्कु, पप्पू उपाध्याय, मनोरंजन, माहतो, करण कालिंदी, लक्ष्मण हेम्ब्रम ,माधा हेम्ब्रम, कमिटी के अध्यक्ष विमल टुडु, सचिव बाबुलाल हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष बाघराय हेम्ब्रम माझी बाबा परमेश्वर टुडु, राम हेम्ब्रम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहीदों के सम्मान में निकलने वाली यात्रा होगी ऐतिहासिक: काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'नमन' के एक शिष्टमंडल नवनियुक्त उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिला से मुलाकात की। बुधवार को मुलाकात के दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मौके पर संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति राष्ट्र के लिये अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले ऐसे तमाम शहीदों व हमारे आन, बान और शान को समर्पित राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को समर्पित 23 मार्च को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए आमंत्रित भी किया। मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा नमन शहीदों के सपनों का संक्षिप्त परिचय है। यह राष्ट्रभक्ती और राष्ट्रध्वज के सम्मान और स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के गौरव को प्रज्वलित बनाये रखने के लिए समर्पित है। मंच के माध्यम से समाज में प्रेम भाईचारा और सौहार्द कायम रखने के हर संभव प्रयास करते हैं। संस्था पुर्णत गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक भावना से प्रेरित होकर गठित की गयी है, जिसमें समाज के हर तबके, हर समाज, धर्म एवं वर्ग के गणमान्य जन, चिकित्सक, व्यवसायिक गण, पत्रकार, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, संपादक गण, मजदूर नेता, विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की पूर्ण सहभागिता रहती है। सर्वप्रथम 2016 में जमशेदपुर में अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा निकाली जो ऐतिहासिक रही, तब से हर वर्ष 23 मार्च शहीद दिवस पर इस यात्रा को निकालने की परंपरा बन गई। लगातार 9 वें वर्ष उक्त तिथि में संस्था ने यात्रा निकाली है ।जमशेदपुर व आसपास के देशभक्त युवा, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक, व्यवसायी सहित हजारों आम और खास लोग, सामाजिक प्रतिनिधि बड़े उत्साह से शामिल होते हैं। वही प्रतिनिधि मंडल ने जिले के एसएसपी व एसडीओ से मुलाकात कर आमंत्रण पत्र दिया।

मौके पर नमन के मुख्य संरक्षक राकेश्वर पांडे, संरक्षक बृजभूषण सिंह, महासचिव अखिलेश पांडे, मुख्य संयोजक राजीव कुमार,पी एन पांडे, राजू मारवाह, महेंद्र सिंह, राघवेन्द्र शर्मा, सुखविंदर सिंह निक्कू, जितेन्द्र सिंह, बंटी सिंह, पप्पू राव, जूगुन पांडे और अन्य शामिल रहे।

## विधायक भानु प्रताप शाही ने सपत्नीक कन्यादान किया

# 51 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधायक सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने टाउनशिप के सीडी मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भवनाथपुर विस क्षेत्र के गरीब असहाय 51 बहनों की शादी करायी। विधायक आवास पर गाजे बजे के साथ द्वारपूजा के रस्म के बाद सीडी मैदान में बनाये गये विवाह मंडप में वैद्दिक मंत्रोच्चार के साथ ही 51 जोड़ी की शादी संपन्न कराया गया। विधायक भानु ने अपनी पत्नी चानी शाही के साथ कन्यादान किया। इस दौरान भानु ने नव दंपतियों के विदाई में उपहार स्वरुप पलंग, पंखा के साथ अन्य फर्नीचर तथा जेवर सहित दैनिक उपयोग के सामान प्रदान किया। शादी मंडप स्थल पर पटना के लोकगीत गायिका सह दूरदर्शन कलाकार मन्दाकिनी मिश्रा की टीम ने शादी गीत व लोक गीत की प्रस्तुति दी। भाजपा महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष रूपा सिंह, भाजपा नेता जवाहर पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, नंदकिशोर यादव, राजीवरंजन तिवारी, कृपाल सिंह, राजा सिंह, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया ने शादी स्थल पर पहुंच वर वधु को आशिर्वाद दिया। सामूहिक शादी को सफल बनाने को लेकर श्रीबंशीधर नगर एसडीओ रतन सिंह, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रमोद कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, रेंजर प्रमोद पुलिस बल के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखने में मुस्तैद दिखे।



**एक दूजे के हुए 51 जोड़ी नवदंपति :** शादी स्थल पर जिन जोड़ों की शादी करायी गयी, उनमें रीना संग विकास, राधिका संग जितेंद्र, रंजू संग शैलेश, आशा संग सीता राम, रिंकी संग रोहित, प्रभा संग उमेश, रानी संग उदय, शैला संग रवि, सुचिता संग बीरबल, सिमा संग दीपक, खुशबू संग छोटे लाल, शीतला संग दशरथ, मीरा संग शिवा, जसो संग अजय, सिमा संग अरविंद, रीना संग नागेश्वर, प्रियंका संग अमित, ललिता संग कृष्णा, तीजा संग लालता, सुषमा संग अरविंद, विन्दा संग संजय, नीरू संग नीतीश, निर्मला संग शत्रुधन, निरसा संग संदीप, निशु संग शिबू, दिला संग राकेश, डिम्पल संग चंदन, सुमन संग श्रवण, ज्योति संग मिथलेश, रिंकू संग बीरेंद्र, अंजली संग राजेश, कांति संग सुनील, सिमा संग सुनील, खुशबू संग लवकुश, मनीता संग मनोज, रिंकी संग चंदु, आरती संग नागेंद्र, छठनी संग पंकज, रानी संग अरविंद, कुसुम संग सत्यनारायण, खुशबू संग सचिन, काजल संग रमन कर-केट्टा, सरिता संग अखलेश, अंशू संग प्रभात, पुष्पा संग जीतेंद्र, रीना संग मुंशी, प्रियंका संग शत्रुधन, माया संग अखलेश, अनिता संग बिपिन, जीरा संग आनंद, रीमा संग छोटू का नाम शामिल है।

## खेसारी लाल ने मोहा दर्शकों का दिल



**भवनाथपुर।** सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने पहुंचे भोजपुरी सीने स्टार खेसारी लाल यादव को विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच पर अंगवस्त्र व तलवार भेंट की। कार्यक्रम में भोजपुरी खेसारी लाल यादव ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे लाखों दर्शकों को नींबू खरबूजा भइल, जान तू भुला गईलू जान खेसारी के, सईया सऊदी गइले न, हम त ढोढ़ी मुनले रहली पियरी माटी से देवरा खोदी कांटी से आदि भोजपुरी गीत पर दर्शकों को दिनभर झूमाया।

## कोई बहन गरीब और असहाय नहीं रहेगी: भानु



**भवनाथपुर।** टाउनशिप सेल के मैदान में आयोजित हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत विधायक भानु प्रताप शाही ने दीप जलाकर और फीता काटकर किया।कार्यकर्ताओं ने विधायक भानु प्रताप शाही को 51किलो का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक शाही ने कहा कि सामूहिक विवाह में इतने तादाद में आकर साबित कर दिया कि कोई बहन गरीब और असहाय नहीं रहेगा। भवनाथपुर से 51 बहनों की नहीं, बल्कि राजकुमारी की डोली उठाने का काम किया है। यह मैंने बहनों की शादी कार्यक्रम में कोई राजनीति से प्रेरित होकर नहीं किया, जबकि मैंने जिम्मेवारी निभाते हुए बहनों को विदा किया। अपना चिता के साथ-साथ दलित, शोषितों की चिंता करते हैं। भानु का रिकार्ड कोई तोड़ने वाले कोई माई का लाल नहीं है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी कीर्तिमान स्थापित किया, आज चीन को भारत आंख दिखाने का काम किया। अपने वोट से मोदी कुर्सी पर बैठे है, तो शरहद पर एक चिड़ियां भी पार नहीं कर सकता। इस मौके पर भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, सोना किशोर यादव, राजा सिंह, गुड्डु सिंह, दयानंद सोनी, रवि पाल, विमलेश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हर रोज विकास की नयी गाथा लिख रहा है गढ़वा : मिथिलेश

**गढ़वा में एक हजार सीट क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में चार करोड़ रुपये की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नयी हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण होगा। झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें कंप्यूटर, लैपटॉप व बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा। लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों और अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि नया हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे किया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट का ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 सीट क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल और बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी। ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप और बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। सभी फ्लोर में ब्वॉयज और गर्ल्स टॉयलेट होंगे। यह लाइब्रेरी पूरी तरह से अत्याधुनिक, सर्व सुविधायुक्त होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद गढ़वा लगातार उपेक्षा का दंश झेल रहा था। गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को उन्होंने मिटाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता का इसी तरह से प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा तो आने वाले समय में गढ़वा और भी बेहतर बनेगा।


## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा

**-:: अति अल्पकालीन निविदा ::-**

मनरेगा अन्तर्गत **"बिरसा हरित ग्राम योजना"** के तहत कोडरमा जिला में गुणवतापूर्ण Grafted/ Layered आम, अमरूद, नीम्बू, कटहल, Drum Stick, Sapota, Pears, Litchi, Orange, Bamboo एवं बेर आदि की खरीदारी के लिए दर निर्धारण हेतु मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N)208(अनु0), दिनांक 21.02.2024 द्वारा दिशा–निर्देश एवं समय–सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB ( National Horticulture Board) द्वारा निबंधित नर्सरियों से जिनका झारखण्ड राज्य अन्तर्गतत GST No हो, के द्वारा पौधों का क्रय करने हेतु निर्देश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

नोट :–

1. इच्छुक निविदादाता **दिनांक 07.03.2024 के अपराह्न 02.00** बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
2. प्राप्त मुहरबंद निविदाऐं को **दिनांक 07.03.2024 के अपराह्न 4.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
3. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तों की पूर्ण विवरणी कोडरमा के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/
उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
कोडरमा

PR 320615 Rural Development (23-24)_D


## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा(आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महान वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन के चित्र पर निदेशक और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। निदेशक ने कहा कि विज्ञान दिवस समस्त विज्ञान प्रेमियों के लिए समर्पित है। डॉ सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। विश्व के वैज्ञानिक रंग मंच पर भारत को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह दिवस 28 फरवरी को 'रमन प्रभाव' की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।वैज्ञानिक विकास ने मनुष्य के जीवन को कई मायनों में बदल दिया है। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में आर्या चौबे (वर्ग-5) प्रथम, पियुष धर दुबे (वर्ग-6)द्वितीय और आराध्या कुमारी (वर्ग-5) तृतीय रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रकाश प्रथम, आर्या पांडेय द्वितीय एवं मुस्कान तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, बीरेंद्र साह, सुषमा दूबे, रिजवाना शाहिन, सरिता दुबे, निलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## ऊंटारी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)10 । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय नगर ऊंटरी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान आधारित प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें कुछ प्रमुख प्रदर्शनों में से चंद्रयान 3, जल शुद्धीकरण, सौर ऊर्जा की मदद से सिंचाई, क्लाइमेट चेंज का दुष्प्रभाव, पोषक तत्व, हृदय की क्रियाविधि, पर्यावरण का बचाव, सौर ऊर्जा से बिजली का उत्पादन आदि मॉडल/प्रोजेक्ट प्रदर्शित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मिलित प्रतिभागियों के प्रथम पांच प्रदर्शो में प्रथम स्थान आयुष कुमार एवं साथी,द्वितीय मुस्कान कुमारी और सहयोगी, तृतीय वैष्णवी कुमारी एवं सहयोगी के साथ दिव्यांशु कुमार, चतुर्थ पंखुड़ी कुमारी, तथा पंचम स्थान के लिए शिवानी कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

# स्टेट टीम में गढ़वा के दो खिलाड़ियों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 34वीं सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (महिला व पुरुष) का आयोजन 02 मार्च से 05 मार्च तक रामेश्वरम (तमिलनाडु) में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु झारखंड टीम में गढ़वा जिले के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें साहिल सिदिकी और अनुज कुमार और झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट टीम का टीम मैनेजर के रूप में गढ़वा से ही खुर्शीद आलम अंसारी का चयन हुआ(महिला व पुरुष) की झारखंड की टीम 28/02/2024 को रामेश्वरम (तमिलनाडु) के लिए रवाना हो गयी।

इस मौके पर गढ़वा टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आलोक कुमार मिश्रा एवम झारखण्ड टेनिस बॉल क्रिकेट के चयन समिति के सदस्य प्रिंस कुमार सोनी सहित शैलेंद्र पाठक बिजय केशरी राघवेंद्र नरायण सिंह मदन केशरी, शुशील तिवारी, अजयकांत, अरबिंद आदि ने खिलाड़ियों को जीत की शुभकामना और बधाई दी है।

# बच्चों को स्मार्टफोन और बाइक से दूर रखें, स्वाध्याय पर जोर दें: अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल के कक्षा 8वीं, 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया और अभिभावकों के बीच रिजल्ट का वितरण आरकेवीएस रेहला रोड के सभागार में किया गया।इस शुभ अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय और उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए स्कूल की उपलब्धि को बताया। उन्होंने कहा कि स्कूल अपने स्थापना काल 1994 से निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने बच्चों को स्मार्ट फोन और बाईक से दूर रखें और स्वाध्याय पर ज्यादा जोर दें। बच्चों के दिनचर्या और संगति पर नजर रखे। अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से ही बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है। उन्होने सफल सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामना दिया और उम्मीद किया कि वे स्कूल के पिछले रिकॉर्ड को और बेहतर करने का काम करेंगे। कक्षा 8वीं में कक्षा 8डी की शोभा कुमारी ने 97.25%, कक्षा 9ए से ही अमन कुमार गुप्ता 94.37%,कक्षा 11वीं में शिवानी सिन्हा 78.2%, अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 12/2023–24**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड राँची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय – 06/03/2024 के अपराह्न 3.30 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोडकर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 07/03/2024 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 07/03/2024 के अपराह्न 4.00 बजे
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला
7. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | कार्य का नाम | नलकूपों की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | *Revival of Defunct IM II Hand Pumps by Changing their Rotten Riser Pipes, damaged connecting rods, damaged C.I. Cylinders and other spare parts (wherever required) in different block of Lohardaga District under D.W.& S. Division, Lohardaga during the year 2023-24 under State fund* | *122 nos.* | *RRP/LOH-01* | *17,79,290.00* | *35,600.00* | *5,000.00* | *02 months* |
| | | *121 nos.* | *RRP/LOH-02* | *17,64,705.00* | *35,500.00* | *5,000.00* | *02 months* |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 320740 (Lohardaga) 23-24 (D)


# शिक्षक पर छेड़खानी और अश्लील वीडियो दिखाने का लगा आरोप, अभिभावक गुस्से में



उपायुक्त को दिया गया आवदेन



आरोपित शिक्षक





अभिभावक संतोष यादव और विकास कुमार पराहिया

**सोशल मीडिया पर दो वीडियो हो रहा है वायरल जिससे अभिभावक नहीं भेंज रहे बच्चों को स्कूल**

**अभिभावकों ने उपायुक्त को आवदेन देकर शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज करने और बर्खास्त की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** रमना प्रखंड अंतर्गत गम्हरीय पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानदोहर के छात्रों ने अपने ही प्रधानाध्यापक श्याम बिहारी द्विवेदी पर पठन पाठन कक्षा में अश्लील वीडियो दिखाने और छात्रों के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। जिसे लेकर सोशल मीडिया पर दो वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं सोशल मीडिया पर लोग अपनी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर रहे हैं। वहीं अभिभावकों ने उपायुक्त शेखर जमुआर से आवदेन देकर शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज करने व बर्खास्त करने की मांग किया है। वहीं आरोपित शिक्षक से पूछे जाने पर कहा कि मुझे साजिश के तहत विद्यालय से निकालवाने के लिए वीडियो वायरल किया गया है। कहा कि मैं निर्दोष हूं। कुछ लोगों के द्वारा फंसाया जा रहा है। कुछ लोगों ने बच्चो को डरा धमकाकर कर वीडियो बनवाये है। हमे गलत बताकर पैसे ऐंठने के फिराक में हैं लोग।

### क्या कहते हैं अभिभावक

अभिभावक रामप्यारी परहिया का कहना है कि आचरण हीन शिक्षकों के लिए विद्यालय में कोई जगह नहीं है। ऐसे हवसी शिक्षक समाज का कभी भला नहीं कर सकते। वहीं अभिभावक इसान सिंह कहते है कि ऐसा मामला पूर्व भी बच्चों ने घर पर बताया था। पंचायती करा कर शिक्षक के द्वारा क्षमा मांगने पर छोड़ दिया गया था। बालेश्वर प्रसाद यादव, संतोष यादव, विकास परहिया ने विद्यालय प्रबंधन समिति और जिला प्रशासन से शिक्षक श्याम बिहारी द्विवेदी को विद्यालय से मुक्त करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर मामला उग्र होता देख पंचायत के मुखिया पति पहुंच कर ग्रामीणों को कानूनी कार्रवाई करने का बात कही। वहीं कुछ ग्रामीण शिक्षक का व्यवहार सही बताते हुए शिक्षक के पक्ष भी है।

## जनता की समस्याओं का किया जायेगा समाधान : थाना प्रभारी



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना प्रभारी के रूप में अनिल नायक ने पदभार ग्रहण किया है। इस मौके पर थाना प्रभारी अनिल नायक ने आजाद सिपाही को बताया कि रंका थाना क्षेत्र के जो भी दीन दुखी जनता अपनी समस्याओं को लेकर थाना आयेंगे उन सभी की बातों को सुना समझा जायेगा और बिना किसी भेदभाव के रिपोर्ट और उचित कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अमन चैन शांति बनी रहे इसके लिए थाना क्षेत्र वासियों से अपेक्षा करता हूं।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–19 वर्ष 2023–24**

**दिनांक–27.02.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल हजारीबाग। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 29.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | दिनांक – 07.03.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 09.03.2024 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। 2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Solar Motor based water supply arrangement in Kasturba Gandhi Residential School Bathroom, Community toilet including construction of soak pit and HYDT (200mm X 125 mm dia X 160 Mtr. deep) with 125 mm blue casing pipe including installation of India Mark-II Hand Pump with PCC (1:2:4) circular platform and drain at Community toilet in the District of Hazaribagh under D.W.& S. Division, Hazaribagh for the year 2023-24 on "TURN KEY BASIS". | 11,77,453/- | 24,000/- | 2,500/- | 03 Month |

निविदा की शर्त्ते विभागीय वेबसाईट www.daa.jharkhand.gov.in एवं इस कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से भुगतेय होगा।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 320626 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

# अविलंब पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की पदस्थापना हो : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने एक बयान जारी करके मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग की है कि लातेहार जिले के अत्यंत ही पिछड़े गारू प्रखंड में पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की शीघ्र पदस्थापना हो। प्रतुल ने कहा यह क्षेत्र अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रह चुका है और यहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विकास योजनाओं के निरंतर चलते रहने की आवश्यकता है। इस प्रखंड में लंबे समय से पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की पदस्थापना नहीं हुई है और वर्तमान में ये दोनों पद प्रभार में चल रहा है।

प्रतुल ने कहा की केंद्र सरकार की आकांक्षी जिला योजना और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज को भी इस प्रखंड में इन अधिकारियों की अनुपस्थिति में धरातल पर उतारने में कठिनाई हो रही है।उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह किया है कि वह अविलंब उनकी इस मांग की ओर ध्यान दें। प्रतुल ने कहा गारू प्रखंड मूलत आदिवासी बहुल क्षेत्र है और यहां आदिम जनजाति भी बड़ी संख्या में रहते हैं। ऐसे में राज्य सरकार को उनके हित में पूर्णकालिक अधिकारियों की पदस्थापना करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि हाल में भी बड़े संख्या में बीडीओ और सीओ की पूरे राज्य में पदस्थापना हुई। लेकिन गारू प्रखंड की अनदेखी की गयी।

# टोरी स्टेशन पर ओवरब्रिज समेत अन्य मांगों को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा टोरी जंक्शन में फ्लाई ओवरब्रिज समेत सात सूत्री मांगों को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं ने रेलवे क्रॉसिंग के समीप आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। सभा की प्रदर्शन का नेतृत्व जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने की, प्रदर्शनकारियों ने फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण में विलंब करने वाले एनएच विभाग का पूतला जलाकर आक्रोश जताया। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एनएच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभा की अध्यक्षता अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर ने किया संचालन रसीद मियां कर रहे थे।




आंदोलनकारियों ने अंचल पदाधिकारी जय शंकर पाठक और स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेल मंत्रालय, रेल मंत्री, रेलवे जीएम, डीआरएम, उपायुक्त के पदनाम ज्ञापन सौंपा।

सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि दो वर्ष पहले ही टोरी जंक्शन, चंदवा के फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है। इसका शिलान्यास 3 अप्रैल 2021 को किया जा चुका है। लेकिन नेशनल हाईवे (एनएच) विभाग की घोर उदासीनता के कारण इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

पार्टी के वरिष्ट नेता अयुब खान ने कहा कि टोरी का रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या से चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं है। एनएच विभाग की उदासीनता के कारण फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण अबतक शुरू नहीं हो पाया है।

चंदवा वासियों को शाम में टोरी जंक्शन से रांची जाने के लिए एक भी एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन नहीं है, आमजन की मांग है कि शाम में लोहरदगा होते हुए रांची तक एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा दी जाये।

टोरी जंक्शन में अंडरब्रिज पास नहीं होने से दो पहिया वाहन में सवार लोगों को जीवन भी बुरी तरह प्रभावित है। अंडरब्रिज पास का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है, मांगों को पुरा होने तक आंदोलन चलाया जायेगा।

मौके पर रसीद मियां, ललन राम, मुखिया प्रत्याशी रहे रवीना देवी, ग्राम प्रधान पचु गंझु, बीरेंन्द्र कुमार, शोभन उरांव, परवेज खान, जसमुद्दीन खान, सोमा एमरोन, अभिराम, नरेस उरांव, महेंद्र गंझू, राजू साव, अनिल गंझु, मंटु गंझु, मनु उरांव, सहजीवन गंझू, गोपी गंझू, मुना गंझू, रमनजान साई चुस्ती सहित सैंकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## ओलावृष्टि और हवा-पानी से किसानों को हुआ नुकसान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम सोमवार को अचानक हुए आंधी तूफान बारिश से गन्ना का पौधा गिर कर नष्ट हो गया। जिससे रामजीत महतो, महाबीर प्रसाद, राजू महतो, रामकिशोर महतो, शिवलाल उरांव, बनवारी महतो, जलील अंसारी, रघु महतो, रामावतार उरांव सहित अन्य किसानों का हजारों एकड़ खेत में लगा गन्ना का पौधा गिर कर टूट जाने से करोड़ो का नुकसान हुआ है। जिससे किसान काफी चिंतित हैं।

## टास्क फोर्स की बैठक जूम एप के जरिये हुई

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम एप के जरिए हुई। बैठक में थाना व अंचलवार अवैध खनन व खनिज परिवहन के आलोक में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें सभी अंचल अधिकारियों/थाना प्रभारियों को अवैध खनन को लेकर छापेमारी की संख्या बढ़ाने, खनिज के अवैध परिवहन के लिए औचक जांच अभियान चलाये जाने और कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सभी अचंल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

## पूरी तरह संतुलित और जन केंद्रित है चंपाई सरकार का बजट: उज्ज्वल शुक्ला



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की निवासी उज्ज्वल शुक्ला ने कहा कि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा पेश किया गया राज्य का बजट संतुलित और सराहनीय है.वित्त मंत्री ने राज्य को कई बड़ी सौगात दिये है. जिससे राज्य का सर्वांगीण विकास होना तय है.सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी बजट बनाया है. जो आगामी दिनों में झारखंड को विकास के पथ पर अग्रसर करेगा.साथ ही कहा कि राज्य के गरीबों, वंचितों,शोषितों,आदिवासियों, दलितों,पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिला,युवा बुजुर्ग,मजदूर किसानों की गांव की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित बजट है.सरकार ने राज?य के किसानों का भी ख?याल रखा है. और ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख किया है.जो किसानों के लिए वरदान साबित होगा. सरकार ने 125 मिनट फ्री बिजली प्रदान करने का ऐलान कर राज्य के नागरिकों को बड़ी राहत दी है.सरकार ने गर्भवती महिलाओं को मातृ किट देने की घोषणा कर महिला विकास व उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता साबित किया है.खाद्य सुरक्षा,तकनीकी डिग्री वाले युवाओं को सालाना तीस हजार रुपये इसके अतिरिक्त भी कई सारी योजनाओं की सौगात राज्य सरकार ने दी है.जो सराहनीय है।

# ओलावृष्टि और जोरदार बारिश से फसल हुई बर्बाद, किसान चिंतित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा अपने खेतों में आए दोगुना करने के उद्देश्य से लगाई गई फसलों को कुदरत का कहर ने बर्बाद कर के रख दिया है। यहां पर नरौली के भुक्तभोगी किसान सलमान अंसारी व पितांबर साहू के द्वारा अपने खेतों पर लगायी गयी गेहूं और मटर की खेती को जोरदार बारिश और आंधी तूफान ने पूरी तरह से बर्बाद कर डाला है। बता दें कि आसमान से बरसी आफती बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण पूरी तरह से बेबस नजर आये। ओलावृष्टि का मंजर ऐसा था कि घरों के आंगन में बर्फ की चादर बिछी रही जिससे लोगों को काफी नुकसान हुआ है।



उल्लेखनीय है कि आसमान से बरसी इस आफत के आगे ग्रामीण पूरी तरह बेबस नजर आए। यहां पर कैरो प्रखंड क्षेत्र में बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा के कारण कई घंटों तक बिजली गुल रही। जिससे क्षेत्र के लोगों को ढिबरी युग में रात व्यतीत करना पड़ा। बता दें कि क्षेत्र में तेज हवा से कई जगहों पर पेड़-खंभों के टूटने व ओलावृष्टि इतनी ज्यादा हुई कि घरों के आंगन में बर्फ की चादर बिछी रही। इसके साथ ही बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को भी नुकसान हुआ है। यहां पर भारी बारिश और ओलावृष्टि से ग्रामीण इलाके में तबाही की मंजर का कई तस्वीरें भी सामने आई है। जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस आफती बारिश से लोगों को किस कदर नुकसान उठाना पड़ा है। बहरहाल कैरो प्रखंड क्षेत्र में तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसले भी चौपट हुई हैं।

## बिजली दरों की बढ़ोतरी जनता के लिए बोझ : आजसू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव कंवलजीत सिंह ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरो में 7.66% टैरिफ बढ़ोतरी की मंजूरी देकर आम जनता के ऊपर एक और बोझ लादने का काम किया है। एक तरफ झारखंड में जनता आम बजट के वक्त सरकार से रियायतों की उम्मीद कर रही थी, वहीं दूसरी ओर सरकार ने बिजली दरों में बढ़ोतरी करके उपभोक्ताओं को एक और चोट दी है। इसी तरह डीजल, पेट्रोल में वैट कम नहीं करके झारखंड सरकार आम जनता की जेब काट रही है अब बिजली की बढी दरों के माध्यम से जनता को दोहरी मार पड़ेगी. आजसू पार्टी सरकार से मांग करती है कि अविलंब बढी हुई बिजली दरो को वापस लिया जाये, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# भाड़े में वृद्धि को लेकर वित्त मंत्री से मिले वारिश कुरैशी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से उनके विधानसभा कक्ष में मुलाकात कर लोहरदगा नगर पार्षद के द्वारा दुकानों का अप्रत्याशित भाड़ा वृद्धि पर बात किया। बताया कि पछले साल नगर पार्षद लोहरदगा के द्वारा दुकानों का किराया लगभग 600% बढ़ा दिया गया था जो कहीं से तार्किक नही है। ऐसे भी लोहरदगा कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, कई दुकानों में दिन दिन भर ग्राहक नही पहुंचते है। ऐसे में दुकानों का किराया 600% (प्रतिशत) भाड़ा वृद्धि कहीं से न तार्किक है और न ही मानवीय है। दुकानदारों के सामने ये बहुत बड़ी समस्या है, वे दुकान का किराया दे कि अपने परिवार को पाले। इस भाड़ा वृद्धि को अविलंब वापस लेना चाहिए और उचित भाड़ा दुकानों का फिक्स करना चाहिए, ताकि लोहरदगा के दुकानदारों को राहत मिले। इस पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जल्द ही इस संदर्भ में नगर विकास सचिव से बात कर समाधान निकालने कि कोशिश करूंगा।

## पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि कार्यालय, लोहरदगा के आत्मा सभागार में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभुकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑनलाइन पीएम किसान की 16 वा किस्त रिलीज के अवसर पर पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया। इसमें जिले के अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा के साथ-साथ जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, सहायक जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कृषि अभियंता, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, तकनीकी सहायक एनएफएसएम एवम सभी प्रखंडों के बीटीएम/ एटीएम के साथ-साथ भारी संख्या में पी एम किसान लाभुक उपस्थित हुए।

# चुनाव को लेकर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को शिक्षकों की ईवीएम मशीन की प्रारम्भिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें प्रशिक्षक नीतीश सिंह और श्यामल बारला के द्वारा शिक्षकों को वोटिंग मशीन चलाने के बारे में बताया गया। वही प्रत्येक बूथ में मतदान कर्मियों के द्वारा मतदाता को कैसे वोट दिलवाना है इसकी जानकारी दी गई । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक के द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया, मतदान करने दौरान सावधानी, पोलिंग अफसर को कार्य को बारीकी से बताया गया। साथ ही मतदान कर्मियों को मत पत्र के कार्य की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष मतदान हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। जिसमें कुल 96 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया ।

## अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चतरा रांची मुख्यमार्ग स्थित डकबंधी के समीप मंगलवार रात्रि अज्ञात वाहन के धक्के से लावालौंग थाना क्षेत्र के खनगढ़ा निवासी मुकेश कुमार पिता गोखुल गंझु की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मुकेश अपने रिश्तेदार के घर गोनिया निवासी बीरबल गंझु के घर आया हुआ था। और मंगलवार शाम को मकईया टांड जाने के लिए भाई के साथ निकला। कि गोनिया से चलने के बाद डकबंधी स्थित मुख्य सड़क के किनारे शौच करने के लिए बाईक को रोकवाया। बाइक से उतर कर शौच के लिए जा रहा था की नशे मे होने के कारण सड़क पर गिर गया। गिरते ही तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही मौत हो गयी।

# सड़क दुर्घटना में दो घायल बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के भगत सिंह चौक में मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार अपाची मोटरसाइकिल सवार ने स्कूली बच्चे भरे टेंपू में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे स्कूली बच्चे तो बाल बाल बच गए।लेकिन मोटरसाइकिल धक्का मारने वाले दोनों सवारी ही गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बरवाडीह से सुवा कोड़िया पलामू निवासी आजाद अंसारी और तबरेज आलम दोनों अपने अपाची मोटरसाइकिल से डालटेनगंज की ओर तेज रफ्तार में जा रहे थे। संत कलारेट से स्कूली बच्चों को लेकर एक टेंपो बरवाडीह की ओर आ रही थी। जिसे भगत सिंह चौक के समीप



तेज रफ़्तार बाइक ने टेम्पू मे जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें टेम्पू में सवार आधे दर्जन छात्र और छात्राएं को भी हल्की फुल्की चोटे लगी। जबकि दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आसपास के लोगों एवं चिकित्सा वाहन द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सक डॉ जयवंत लकड़ा की देखरेख में सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें दोनों बाइक सवार को गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। खबर सुन बच्चों के परिजन एवं आसपास के काफी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। जिनमें विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र राम समेत कई लोग शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगायी चौपाल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के छिपादोहर मंडल के हरातू पंचायत के ग्राम मुंडू दुर्गा मंडप परिसर मे भाजयुमो छिपादोहार मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह के नेतृत्व में सभी युवाओं के बीच युवा चौपाल कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित युवा चौपाल कार्यक्रम के मनिका विधानसभा संयोजक अजय प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाई गई सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को बारे में विस्तृत रूप से बताने का काम किया। सभी युवाओं से 2024 लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पर का संकल्प दिलाया और सभी भाजपा कार्यकताओं को द्वारा सभी पंचायत में युवा चौपाल कार्यक्रम करने को लेकर जिम्मेवारी सोपा गया। यह कार्यक्रम 24 फरवरी से 4 मार्च तक सभी पंचायत में चला कर केंद्र सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित बृजदेव महेंद्र शाह, राजेश सिंह, राजू सिंह, समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# मनिका में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का अभाव : पूनम देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका क्षेत्र के कई गांवों का जिला परिषद अध्यक्ष पुनम देवी ने दौरा कर वहां के ग्रामीणों से मिले व उनकी समस्या को सुने। क्षेत्र के हाटा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि साल भर पहले जल नल योजना से बन रहा है टंकी में सोलर नहीं लगा हुआ है। और पानी ग्रामीण को नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीण नाला ढोड़ा का पानी पीने के लिए बिवस है। ग्रामीणों ने आग्ररा किया इस टंकी को जल्दी से जल्दी चालू कराया जाए। वही कुमंडी स्कूल के निरक्षण किये, जहां पर बच्चों को साल भर से फल नहीं मिल रहा है। इस विद्यालय में दो



प्रधानाध्यापक है एक मध्यान भोजन चलते हैं। एक स्कूल चलाते हैं। कुमंडी प्लस टू विद्यालय में कई एनीमिकता है। कई कमी है। बच्चों ने खुलकर बताएं इस विद्यालय में आज भी लकड़ी से खाना बनता है। गैस सिलेंडर नहीं है। प्रधानाध्यापक विनय शर्मा से पूछने के बाद उन्होंने बताया कि इसके लिए फंड ही नहीं है फंड था को खत्म हो गया। पूनम देवी ने नराजगी दिखाये। पदाधिकारी से बात कर- के समाधान करने के दिशा में काम किया जाएगा। वही आगे बढ़े रेलवे स्टेशन समझ कुमंडी में चार महीना पहले रोड का पी सी सी,ढलया हुआ था आज यह ढलया ऐसा लग रहा है कि यह दलया 10 साल पहले हुआ है। यह पीएम प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पीसीसी का ढलया हुआ है। जो कबड रहा है। बेंदी कुमंडी के बीच में पुल जो बन रहा है जिसमें इस ढोडा के बालू का उपयोग किया जा रहा है। निव ही कमजोर रहेगा तो पुल कितना मजबूत रहेगा। उनके दौर से ग्रामीणों में उत्साह है। इन्होंने बताएं कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना लाखों रुपया खर्च हो रही है। मगर धरातल पर नहीं उतर करके बंदर बांट किया जा रहा है। इसके लिए उपायुक्त महोदय को लेटर लिखेगे। इस पर उचित कार्यवाही करके गांव को सरकार द्वारा जो योजना उसको गांव के लोगों को फायदा पहुंचे।

# नशे में धुत बाइक सवार हुए दुर्घटनाग्रस्त, एक रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह - छिपादोहार मुख्य मार्ग के बहेराटॉड मुख्य सड़क पर बुधवार की शाम मोटरसाईकील के संतुलन बिगड़ जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मे पिंटू कुमार पिता नरेश भुईया व रवि कुमार पिता महेंद्र सिंह का नाम शामिल है दोनो घायल बरवाडीह के लुहूर गांव के रहने वाले है। घटना स्थल से ग्रामीणों के द्वारा सूचना के बाद हॉस्पिटल से एम्बुलेश भेज कर दो घायल लोगो को हॉस्पिटल लाया गया।जहा डॉ विवेकनंद,भावना कुमारी,ड्रेडर राजेशचंद्र उर्फ बब्लू, कुंदन कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया। वही ग्रामीणों का कहना है कि दो युवक नशे मे धुत होकर मोटरसाईकील चला रहे थे इसी दौरान मोटरसाईकील का संतुलन बिगड़ जाने से दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।वही एक पिंटू कुमार पिता नरेश भुईया मेदिनीनगर एमएम सीएच रेफर कर दिया गया।

## क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के उद्देश्य से थानेदार ने कई स्थानों का किया निरीक्षण



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** संपूर्ण थाना क्षेत्र को अपराध से नियंत्रण रखने के उदेश्य से थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बीते मंगलवार की रात सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया, अमरवाडीह, बरनी पेट्रोल पम्प, गोनिया, टोटी हेसला सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया। उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थानेदार दिलावर, ने कहा की शाम ढलने के बाद अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस पुरे क्षेत्र मे औचक निरीक्षण कर होटलों मे अवैध शराब बिक्री पर रोक, रात्रि मे आवागमन करने वाले वाहन और बाईक चालक की गतिविधि पर नजर रखने के साथ साथ सभी सर्वाजनिक स्थान पर लगे सीसी टीवी फुटूज को भी पुलिसिंग के द्वारा देखा जा रहा है। ताकि पुरे क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाया जा सके।इसके लिए पुलिस हर संभव प्रयासरत हैं।कोई भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई परेशानी हो सीधे हमसे संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। सूचना देने वाले को गुप्त रखा जायेगा।

# पत्नी की हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में पत्नी की हत्या के आरोपी पति परही निवासी कमल साहू को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी किया। इस संबंध में नवाटोली कामडारा निवासी विक्रम साहू ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि मेरी बहन तारा देवी की शादी 26 मार्च 2021 को कमल साहू के साथ हुआ था। जिसके एक सप्ताह के बाद मेरी बहन अचानक मेरे नवा टोली स्थित घर में आ गई। तब मैंने अपनी बहन से पूछा की अचानक क्यों आई हो तब मेरी बहन बोली कि मेरा पति कमल साहू मेरे साथ मारपीट करता है। इसके बाद 27 नवंबर 2021 को कमल साहू मेरे घर आया और बोला की हम अपनी पत्नी को घर ले जायेंगे। इसके बाद 28 नवंबर को सुबह कमल मेरी बहन को लेकर अपने घर चला गया। इधर 29 नवंबर को सूचना मिलता है कि मेरी बहन की मौत हो गई है। जिसके बाद हम सभी परिवार के लोग अपनी बहन के ससुराल गए जहां देखा कि मेरी बहन साड़ी के फंदे में झूल रही थी। करीब जाकर देखा की उसके आंख के नीचे चोट का निशान है। जिससे प्रतीत होता है कि मेरी बहन को मार पीट कर उसे फांसी में लटका दिया गया है।

# विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भाजपा विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करने जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र हेतु एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। उक्त बातें गुमला के भाजपा जिला कार्यालय में अयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सांसद सुदर्शन भगत ने कही। इस अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है । अभियान लॉन्च और सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां जारी कर दी गई हैं। लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी मिस कॉल नंबर 90909 02024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई है। जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई। भारत के विभिन्न वर्गों और समुदायों से जुड़ने के लिए इस अभियान के अंतर्गत 125 कोहार्ट मिलन एवं संवाद के तहत देश के 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेतागण संवाद करेंगे। देशभर में 500 एलईडी प्रचार वाहन चलाए जाएंगे जो मोदी सरकार के विकास का संदेश गांव गली तक लेकर जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियां लगाई जाएगी जिसमें लोग अपने सुझाव डाल सकेंगे। सभी प्रकोष्ठों द्वारा मिलकर जिला स्तर पर दो से तीन गोष्ठी के माध्यम से व्यावसायिक कोहार्ट के सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। पार्टी के सभी कार्यकताओं द्वारा 10 लाख बूथों पर जनसंपर्क किया जाएगा जिसमें वे भी नमो ऐप एवं मिस्ड कॉल नंबर के माध्यम से जनता के सुझाव एकत्रित करेंगे।

## नमो युवा चौपाल का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भाजपा युवा मोर्चा पुसो मंडल द्वारा सुन्दर बगीचा पुसो में युवा मतदाताओं के बीच नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पुसो भाजपायुमो अध्यक्ष प्रवीण ओहदार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव व भाजपायुमो प्रदेश सोशल मिडिया प्रभारी अमन यादव उपस्थित हुए। डॉ दिनेश उरांव ने भारतीय लोकतंत्र में मताधिकार की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए युवा नव वोटरों से अपने अलावा दुसरो को भी मतदान के लिए प्रेरित करने और भारत को विकसित व विश्व गुरु बनाने के भाजपा और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पुरा करने के लिए भाजपा का साथ देने की अपील की। वहीं उन्होंने भाजपा कार्यकत्ताओं से बुथ स्तर पर प्रत्येक मतदाताओं तक पहुंच कर मतदाताओं को केन्द्र में भाजपा सरकार व पुर्व में राज्य की सरकार की उपलब्धियों, विकसित भारत संकल्प और झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों व वादा खिलाफी से अवगत कराते हुए लोगों को जागरूक करने निर्देश दिया।मौके पर सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविन्द्र साहु, भाजयुमो महामंत्री नीलकंठ प्रसाद केशरी, रिचर्डसन एक्का ,एसटी मोर्चा अध्यक्ष सोमेश्वर उरांव, सत्यनारायण भगत, गोविंद साहु, कार्तिक महली, शंकर उरांव, राजेश देवघरिया, दिनेश उरांव,राजदेव,बिरिया सहित कई कार्यकर्त्ता व युवा नव मतदाता गण मौजूद थे।

# जेएमएम कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड मुख्यालय में झामुमो कार्यकर्ता एवं पढ़हा व्यवस्था के लोगों ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक खेरवार के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय में पदयात्रा सह न्याय मार्च निकाल कर केंद्र की भाजपा सरकार के इसारे पर ईडी के द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ षड्यंत्र पूर्ण कार्रवाई करने के विरोध में नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। यात्रा करम टोली गांव के समीप से बिरसा बाग होते हुए ब्लॉक चौक पहुंचा जहां ईडी एवं पीएम का पुतला दहन करते हुए सभी झामुमो कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा मोदी जब-जब डरता है ईडी ईडी करता है, ईडीसीडी होश में आओ, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, केंद्र की सरकार आदिवासियों पर शोषण करना बंद करें। पुतला दहन के बाद यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची जहां सभा में तब्दील हो गया मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए अशोक खेरवार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने कार्रवाई की है जबकि पूरे झारखंड की जनता जानती है कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से केंद्र सरकार झारखंडों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है भाजपा चाहती है कि हेमंत सोरेन को जेल में डालकर झारखंडियों को डराकर वह फिर से सत्ता में काबिज हो जाएगी लेकिन ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है पूरे राज्य के लोग पूर्व मुख्यमंत्री के साथ हो रहे केंद्र सरकार की अन्याय को देख रहे हैं और आने वाले चुनाव में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देंगे। इधर पढ़हा व्यवस्था के पचौरा बेल सतीश भगत ने कहा कि हमारे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पद रहने के बावजूद भी केंद्र सरकार ने षडयंत्र कर ईडी के माध्यम से उन्हें जेल भेजने का काम किया है। पद में रहते हुए मुख्यमंत्री को जेल जाना यह पहली बार हुआ है झारखंड में अब 244 वन संविधान की जरूरत है। इस अवसर पर अनिल असुर टिफिन किंडो सुमीत उरांव देव नाथ बिजय उरांव गुरुदेव उरांव तेतरु उरांव आदि लोगों ने भी संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# भाकपा माले और झारखंड नव निर्माण दल ने कचहरी परिसर में दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल गुमला द्वारा जिला मुख्यालय गुमला में दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में तथा विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में हजारों लोगों के जमा पैसे की जल्द भुगतान करने की मांग को लेकर पार्टी नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में चेतावनी कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाकपा (माले) रेड स्टार के राज्य सचिव वशिष्ठ तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार गरीब किसान व मजदूर विरोधी है। यही कारण है कि देश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन जैसी समस्या गहराई है और केंद्र सरकार अमीरों की तिजोरी भरने में लगी है। जिसके खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपानीत मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने की भी अपील तिवारी ने की। वहीं पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि आजादी के लंबे अरसे बाद भी गुमला का रेल लाइन से नहीं जुड़ना और रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना नहीं बनना भाजपा कांग्रेस झामुमो जैसी पार्टी की जनता के प्रति उदासीन रवैया को दशार्ती है। सिंह ने यह भी कहा कि विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में गरीबों व लोगों के खून पसीने की जमा पैसे लोकसभा चुनाव के पहले भुगतान नहीं हुए तो उग्र आंदोलन की चेतावनी केंद्र व राज्य सरकार को सिंह ने दी है। पार्टी के जिला सचिव प्रकाश उरांव ने कहा कि गुमला जिला में चल रहे विकास के विभिन्न योजनाओं में लूट मची है। अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी रोकने की सरकार व जिला प्रशासन से उरांव ने मांग की है। कार्यक्रम में शंकर उरांव, आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, रीमिस कुजूर , सोमरा खड़िया, गोपेश्वर गोप, रामप्यार तुरी, करमा उरांव, एतवा उरांव के अलावे सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सेविकाओं को मिला शिशुओं की शारीरिक वृद्धि का आकलन संबंधी प्रशिक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास केंद्र में बुधवार को सेविकाओं को कुपोषण मुक्त एवं शिशुओं की शारीरिक वृद्धि का आकलन संबंधी 2 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में सेविकाओं को विस्तार से हर पहलुओं की जानकारी दी गयी, ताकि कार्य करने में परेशानी न हो। साथ ही बच्चों एवं महिलाओं को कुपोषण मुक्त करने पर विशेष जोर दिया गया। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक सुजीत कुमार ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने- अपने आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य दिन से पांच साल के सभी बच्चों के शारीरिक वृद्धि का सही तरीके से आकलन कर सके। आज भी हमारे गावों में बहुत सारे बचे कुपोषण के शिकार हैं, जिन्हें हमें सही आकलन और सही सलाह के माध्यम से कुपोषण मुक्त करना है और कुपोषण के चक्र को तोड़ना है। महिला प्रवेक्षक स्वस्ति देवी व कावेरी गुप्ता द्वारा शून्य दिन से पांच साल के बच्चों में शारीरिक वृद्धि के आकलन के संबंध में जानकारी दिया गया। बताया गया कि आपके पोषक क्षेत्र के जो भी शून्य दिन से 5 वर्ष के शिशु हैं उनका वजन एक नियमित अंतराल में लेना है। साथ ही उस वजन को रजिस्टर में दर्ज करना है। इस प्रशिक्षण में चारो सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

# दुबई भेजने के नाम पर मजदूरों से ठग लिये 3 लाख 92 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के छह मजदूरों से दुबई भेजने के नाम पर 3 लाख 92 हजार रुपया की ठगी कर ली गई। इन मजदूरों से दुबई भेजने का प्रलोभन देकर पैसे की ठगी करने का आरोप पुगू करमडीपा निवासी चंम्पा टोप्पो पर है। इस युवक ने 2017से ये पैसा ले रखा है। जब मजदूरों को दुबई नही ले जाया गया तो सभी मजदूरों ने उक्त व्यक्ति से अपनी राशि की मांग की। ठगी करने वा" व्यक्ति चंम्पा टोप्पो पैसा लौटाने के नाम पर टाल मटोल कर रहा है। इस पुरे मामले को लेकर सभी छः मजदूरों ने गुमला पहुंच कर लिखित आवेदन देते हुए मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं गुमला जिला टीम को इसकी जानकारी दी। दिए गए आवेदन में मजदुरों ने कहा है कि वे सभी पढ़ लिख कर बेरोजगार थे तो उसके गांव के ही रहने वाले चंम्पा टोप्पो ने उनसे संपर्क किया। जो अभी करमडीपा पुगू में घर बना कर रहता है उसने कहा कि वह सभी को विदेश दुबई में काम दिला देगा। जिसके लिए छः मजदुरों को 3 लाख 92 हजार रूपए देना होगा। तथा खुद को लोकल होने की बात कह कर राशि ले ली। इस प्रकरण में गंगा मुंडा पिता स्वः बंधन मुंडा गांव डुमरडीह हुरहुरिया 80 हजार रुपए, रमेश कुजूर पिता सोहराई कुजूर गांव छोटा लोरो से 80 हजार रूपए, पंचु उरांव पिता स्वःसुखी उरांव गांव नवाडीह से 80 रुपए, मंगलेशवर उरांव पिता धुचा उरांव गांव नवाडीह से 32 हजार, सुखदेव उरांव पिता बरगी उरांव गांव नवाडीह - 60,000, बंसत लकड़ा पिता मोहन लकड़ा गांव कांसी टोली 60 रुपए की राशि यानी कुल राशि 3 लाख 92 हजार की ठगी की गयी है।

## बस की टक्कर से साइकिल सवार छात्र घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदग्गा रोड स्थित मिशन चौक के समीप अज्ञात बस के टक्कर से साइकिल सवार एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में छात्र के सिर व पैर में काफी चोट लगी। घटना के बाद बस चालक बस लेकर घटना स्थल से तेजी से फरार हो गया।घटना बुधवार लगभग दो बज की है। जानकारी के मुताबिक दुंदरिया निवासी महावीर गोप का 13 वर्षीय पुत्र आशीष गोप व एक अन्य छात्र साइकिल से कहीं जा रहे थे। तभी अज्ञात बस साइकिल को पीछे से टक्कर मार दिया। घटना में साइकिल के पीछे बैठा आशीष गोप गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद तत्काल दुंद रिया गांव के ही दो युवक घायल छात्र को बाइक से सदर अस्पताल पहुंचाया।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 46 अफसर बदले गये

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के 46 अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। ग्रामीण विकास विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार, वैसे प्रखंड में जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं है, वहां अंचलाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रभार दिया गया है। वेसे प्रखंड विकास पदाधिकारी जिनका किसी प्रखंड में पदस्थापन नहीं हुआ है, वह ग्रामीण विकास विभाग में योगदान करेंगे।

### कौन कहां गये

मनीष कुमार-मयूरहंट
हरिशंकर बारिक-रायडीह
प्रवीण कुमार - जलडेगा
ललित प्रसाद सिंह - लोहरदगा सदर
चंदन कुमार सिंह-सारठ
अजय कुमार वर्मा-बगोदर
मधु कुमारी-एगारकुंड
साकेत कुमार सिंह-मारगोमुंडा
उल्लास महतो-मरकच्चो
राजीव कुमार सिंह-चंदनक्यारी
कुंदन भगत-जरमुंडी
आनंद कुमार झा-देवघर सदर
अमित कुमार मिश्रा-जगन्नाथपुर
छंदा भट्टाचार्य-कौरो
प्रतिमा कुमारी-भंडारा
अशोक कुमार-गुमला सदर
रंजीत कुमार सिंह-बिशुनपुर
सुनील प्रकाश-कान्हाचट्टी
जयवीरस लकड़ा-बांसजोर
हारून रशीद-दारू
उषा मिंज-लापुंग
चंदन प्रसाद-चंदवा
मलाय कुमार - राजनगर गोविंदपुर
संदीप कुमार-सर्ड रांची
सीमा कुमारी-चौपारण
संजय कुमार-मधुपुर
शशि नीलिमा डुंगडुंग- इटकी
सोनाराम हांसदा-महगामा
अभिनव कुमार- मेहरमा
नीलम कुमारी सोना-सोनारायठाढ़ी
राहुल उरांव-बेड़ो
संग्राम मुर्मू-सेन्हा
पल्लवी सिंह-धनबाद सदर
नूतन मिंज-ठेठइटांगर
थिएटर टांगर- सिमडेगा
संजय कुमार सिंह- सेवा कार्मिक को
मोनी कुमारी-सेवा कार्मिक को
कालिदास मुंडा- सेवा कार्मिक को
प्रेमचंद कुमार सिन्हा- सेवा कार्मिक को
वेदवंती कुमारी- सेवा वापस कार्मिक
प्रतिमा कुजूर- सेवा कार्मिक वापस
पवन महतो- सेवा कार्मिक वापस
अनीता केरकेट्टा-सेवा कार्मिक को
गौतम कुमार साहू-सेवा कार्मिक वापस
पंकज कुमार- सेवा कार्मिक वापस
मेरी मड़की- सेवा कार्मिक वापस
ज्ञानेंद्र- सेवा कार्मिक को

# डायन बिसाही मामले को लेकर युवक के साथ की गयी मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के टोटो थाना क्षेत्र के पनसो निवासी 28 वर्षीय आशीष कुमार पिता लक्ष्मण महतो के साथ उसके ही रिश्तेदारों ने जमकर मारपीट की। घटना की जानकारी युवक ने टोटो थाना को दी। टोटो थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर युवक को उनके चंगुल से छुड़ाया और गुमला थाना भेज दिया। गुमला थाना में पहुंचने पर युवक को सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया गया। जानकारी के मुताबिक घायल युवक के रिश्तेदार अक्सर उसकी मां को डायन बिसाही का आरोप लगाते हैं। युवक ने बताया सूरज महतो की पत्नी बीमार रहती है।वही वे लोग आकर मेरी मां को झाड़ फूंक करने को कहते हैं। इसी बात को लेकर बुधवार की शाम लगभग 5:30 बजे पूरे परिवार के लोग घर आकर युवक के साथ मारपीट किया। घटना में युवक के शरीर के बाह्य व अंदरूनी हिस्से में काफी चोट लगी है। युवक ने बताया कि वे लोग ईट पत्थर लात मुक्का से जमकर मेरे साथ मारपीट की। मामले को लेकर युवक ने गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है।

# थाना प्रभारी के दुर्व्यवहार से आहत हैं प्राचार्य और स्कूल के बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के वेस्कोट स्कूल के प्राचार्य विक्की एंथोनी के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार का है। इस संबंध में विक्की एंथनी ने बताया कि एक जेरॉक्स दुकान से स्कूल के पठन-पाठन से संबंधित जेरॉक्स कराया गया था। जिसका भुगतान 14 हजार रुपया का बिल दुकानदार के द्वारा दिया गया था। दुकानदार को 6 हजार का भुगतान विद्यालय के द्वारा कर दिया गया था। बाकी भुगतान मार्च महीने में करने की बात कही गई थी, लेकिन अचानक ही 20 फरवरी को थाना प्रभारी तरुण कुमार का फोन आता है कि जेरोक्स कॉपी वाले ने आवेदन दिया है उसको अभिलंब पैसा का भुगतान कर दो। इसके बाद हमने थाना प्रभारी से आग्रह पूर्वक कहा कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा जेरॉक्स का भुगतान मार्च में करने की बात कही गई है और उसे वक्त पर भुगतान कर दिया जाएगा। इसके बाद लगातार थाना प्रभारी के द्वारा दूरभाष पर मानसिक प्रताड़ना किया जा रहा था। 27 फरवरी को विद्यालय सुचारू रूप से चल रहा था इसी दरमियान एक जीप में पुलिस वाले आए और वर्दी हथियार के साथ विद्यालय में प्रवेश कर गए और हमें पड़कर थाना ले जाने लगे। जिसके बाद मुझे गलत व्यवहार करते हुए हाथ पकड़ कर घसीटते हुए गाड़ी में बैठकर पूरा घाघरा को घुमाते हुए थाना ले गए। जहां पर पहले से थाना प्रभारी तरुण कुमार मौजूद थे।

**प्राचार्य ने सोशल साइट के माध्यम से लोगों को बताया:** प्राचार्य विक्की एंथनी ने पुलिसिया दुर्व्यवहार के विषय में बताते हुए सोशल साइट में एक पोस्ट किया जहां पर अपना बीमार बेटी का भी तस्वीर साझा किया और काफी मर्माहत पोस्ट करते हुए कहा कि पुलिस के इस व्यवहार से काफी सदमे में है और मानसिक दबाव का शिकार हो गये हैं।

**पूरे मामले की गंभीरता से होगी जांच : एसडीपीओ**

इस पूरे प्रकरण में सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह विषय मीडिया कर्मियों के माध्यम से हमारे पासआया है। निश्चित रूप से गंभीर विषय है। इसकी पूरी जानकारी में लेने के बाद अस्वस्त करता हूं कि जो भी दोषी होंगे उसे पर कार्रवाई होगी।

**आरोप निराधार है थाना प्रभारी :** इधर थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्राचार्य के द्वारा लगाया गया आरोप बिल्कुल भी गलत है। एक व्यक्ति के द्वारा अपना बकाया भुगतान को लेकर आवेदन दिया गया था। इसी में हमने दोनों पक्ष को बुलाकर थाना में बातचीत किया है। प्राचार्य के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है।

# गुमला बाइपास रोड के सवाल पर घिरे सांसद

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बुधवार को होटल साभेकर में आयोजित प्रेस वार्ता में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत पत्रकारों के सवालों से घिर गए। पत्रकारों के सवाल 15 साल लोकसभा के सांसद के रूप में उपलब्धि के बारे में पूछने पर सुदर्शन भगत का गोल मटोल जवाब रहा। उन्होंने पूरे देश में सड़कों के जाल बिछाने की बात कही लेकिन गुमला में बायपास रोड के मसले पर स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। वही जिले वासियों की रेल लाइन की लंबी मांग को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा हमने रेलवे लाइन के लिए अथक प्रयास किया और इसके बाद सर्वे भी हुआ है रेलवे लाइन का काम चालू हो जाएगा। गुमला जिले में नल जल योजना में भ्रष्टाचार के सवाल पर सांसद ने कहा पूरे जिला में नल जल योजना पर भ्रष्टाचार हावी रहा है। 15 वर्ष के कार्यकाल में गुमला जिले में आपकी कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि जिससे आम जनता को लाभ मिले ऐसा कोई काम आपके द्वारा नहीं किया गया पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने गोल मटोल जवाब दिया।

## सख्त निर्देश : एसी, डीएमओ व छतरपुर एसडीएम ने एरिया में संचालित कई क्रशरों की जांच की

# ड्रोन से करें निगरानी, अवैध खनन करनेवालों को भेजें जेल : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने जिले में पूर्ण रूप से अवैध खनन को रोकने को लेकर खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व छत्तरपुर एसडीएम बुधवार को छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में संचालित क्रशरों का औचक जांच किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने क्रशर संचालकों को क्रशर संचालन को लेकर बनाए गए नियमों के तहत ही क्रशर का संचालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तय क्षेत्र में ही क्रशर का संचालन हो, अन्यथा क्रशर को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। जांच के क्रम में डीएमओ ने विभागीय स्तर पर बंद कराए गए क्रशरों का भी सत्यापन किया। वहीं प्लांट में स्टॉक, चिप्स आदि की जांच की गयी। वहीं, डीसी ने खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सख्त निर्देश दिया है कि अगर कहीं भी कोई अवैध खनन करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई करें। उन्होंने आवश्यकतानुसार ड्रोन से निगरानी करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने डीएमओ को सभी सीओ, एसडीओ व थाना प्रभारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जिले में अवैध खनन को शून्य करने की बात कही।


छतरपुर में संचालित क्रशरों की जांच करते एसडीएम, खनन अधिकारी व अन्य।

# 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' संकल्प पत्र सुझाव अभियान का होगा शुभारंभ : सांसद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पलामू सांसद बीडी राम व अन्य।

**मेदिनीनगर।** भाजपा के जिला कार्यालय में बुधवार को प्रेस वार्ता कर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है। इसे पूरा करने का वादा भी किया है। आज देश की आजादी का अमृत कल चल रहा है और भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश विकास की लंबी चलांग लगाने जा रहा है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करने जा रही है। जिसका उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी तक पहुंचना है, ताकि भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सके। आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा पत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकांक्षा और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। अभियान दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहले अभियान लॉन्च दूसरा सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से अभियान को लॉन्च भाजपा के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से किया गया। जिसमें सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी, मिस कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई। जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई। 125 कोहोरट मिलन एवं संवाद देश के 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदाय जैसे उद्योगपति, स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेतागण संवाद करेंगे एवं विकसित भारत बनाने के लिए उनसे सुझाव लेंगे। देशभर में 500 एलईडी प्रचार वाहन चलाए जाएंगे जो मोदी सरकार का विकास का संदेश गांव-गली तक ले जाएंगे और साथ में जनता से उनके सुझाव की भी एकत्रित करेंगे। पूरे देश में 6000 से अधिक सुझाव पेटियां रखी जाएगी, इसके साथ ही विधानसभा में पेटियां लगाई जाएगी। पार्टी के सभी कार्यकर्ता द्वारा 10 लाख बूथों पर जनसंपर्क अभियान किया जाएगा, जिस पर नमो ऐप एवं मिस कॉल नंबर के माध्यम से जनता का सुझाव एकत्रित करेंगे। इस मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, उदय कुमार दूबे व अभिमन्यु तिवारी आदि उपस्थित थे।

# विधायक आलोक चौरसिया ने विस में सरकार से पूछे कई सवाल, मिला सकारात्मक जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने विधानसभा में पर्यटक संस्कृति व युवाओं को लेकर सरकार से कई सवाल पूछे। सवाल किया कि पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के वाले मलय डैम तट पर पर्यटक स्थल की संभावना है तो इसे बढ़ावा क्यों नहीं दिया जा रहा है। आज भी यहां सैकड़ो पर्यटक नौका विहार के लिए दूर-दूर से आते हैं पर झारखंड सरकार सतबरवा प्रखंड की मलय डैम पर पर्यटन के लिए सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित कर इस पर्यटक स्थल के रूप में विस्तृत विस्तार कब करेगी। इस पर वर्तमान सरकार के पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री द्वारा यह सब स्वीकारते हुए जवाब दिया गया कि पलामू जिला के प्रखंड सतबरवा के मलय डैम सी श्रेणी का पर्यटक स्थल में अधिसूचित है। वर्तमान में जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीडा से संबंधित उपकरणों की आपूर्ति की जा रही है एवं स्थानीय युवाओं को संचालन के लिए संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही 21 फरवरी को विभागीय पत्रांक 267 द्वारा मलय डैम में सुलभ व्यवस्था के लिए पलामू डीसी को संबंधित से प्रस्ताव व प्रकरण प्राप्त करते हुए विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। प्राक्कलन प्राप्त होने पर मलय डैम को पर्यटक विकास की स्वीकृति तक समय बजट उपलब्धता पर हम लोग निर्भर रहेंगे।

# सभी सुविधाओं से लैस है आइ ऑन व्हीकल एंबुलेंस : डीसी




- हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- प्रथम चरण में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चियों के आंख व स्किन का परीक्षण
- जांच की सुविधा के साथ ही आवश्यकता अनुसार मुहैया कराया जायेगा चश्मा व दवाइयां

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन व सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर दो एम्बुलेंस आई ऑन व्हील्स को रवाना किया। इन दो एम्बुलेंस के माध्यम से प्रथम चरण में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों के आंखों का परीक्षण व त्वचा जांच निःशुल्क किया जायेगा। इस दौरान आवश्यकता के अनुरूप बच्चियों को पावर चश्मा, दवाईयां व अन्य जरूरी उपकरण का वितरण किया जायेगा। जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों के जांच के बाद अन्य सभी सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों की जांच की जायेगी। इसके बाद पीवीटीजी समूह को लक्षित कर उनकी जांच की होगी।

वहीं, डीसी ने कहा कि यह दो एम्बुलेंस पोर्टेबल आंख के हॉस्पिटल के रूप में कार्य करेगा। इस एम्बुलेंस में सभी आवश्यक उपकरण के साथ कहीं हॉल्ट करने के लिए टेंट लगाने की भी सुविधा है। इसके अलावे आंख का डॉक्टर व स्किन के डॉक्टर भी रहेंगे व इनके साथ दो हेल्पर की भी तैनाती की गयी है। इस जांच के दौरान अगर किसी को मोतियाबंद पाया जाता तो आयुषमान योजना के तहत उनका निःशुल्क इलाज किया जायेगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह,हेल्थ के डीपीएम दीपक आदि उपस्थित थे।

# छतरपुर में भ्रष्टाचार चरम पर, अधिकारी से शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं : चंदन प्रकाश सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर/पलामू।** पलामू में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। आम आदमी अपने छोटे से छोटे कामों के लिए प्रशासनिक कार्यालयों का चक्कर लगाते-लगाते परेशान है। डीसी से शिकायत भी कर रहा है, पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कही। वे बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे पलामू में नागरिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। लोगों को जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र के लिए भी विभिन्न विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पैसा देने के बाद ही उनका काम नहीं हो रहा है। बीस सूत्री छतरपुर की बैठक में भी विभिन्न विभागों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पलामू डीसी को प्रोसिडिंग भेजा गया है। अभी तक उस पर कार्रवाई की सूचना नहीं है। इस कारण पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ गया है। छतरपुर कृषि पदाधिकारी के सहयोग से खुलेआम हजारों टन यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए डीसी को प्रोसीडिंग भेजा गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट करने की भी शिकायत है। लेकिन अधिकारी मौन हैं। छतरपुर नगर पंचायत लूट का अड्डा बना हुआ है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़मा बंटाने डैम सहरसवा सहित पांच सड़कों का निर्माण बिल्कुल ही घटिया हो रहा है। पुलों की ढलाई क्रशर डस्ट से किया गया है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त सर्वजन पेंशन योजना के अधिकतर आवेदन ऐसे ही पड़े हुए हैं। उनका अब तक ऑनलाइन नहीं किया गया है। जिस कारण बिचौलिया एवं दलाली बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से इनकी शिकायत की जायेगी और अतिशीघ्र अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की जायेगी।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद के बताये मार्ग पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी : कन्हैया

**हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में मनाई गई देश से पहले राष्ट्रपति की पुण्यतिथि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शहर के राजकीय मध्य विद्यालय में बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद और संचालन वरीय शिक्षक राजेश गुप्ता ने किया। वहां उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के लोगों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वरीय शिक्षकों ने उनके जीवन एवं भारत की आजादी की लड़ाई में उनके योगदान और राष्ट्रपति के रूप में भारत को सजाने संवारने में उनकी भूमिका का उल्लेख किया। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद की जीवन शैली और प्रतिभा भारतीय इतिहास में अमिट व अविस्मरणीय है। देश की आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर गांधी जी का सहयोग किया। उनके बताए मार्गो पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर शिक्षक जुबैर अंसारी, सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के प्रशिक्षण का समापन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान कार्यक्रम के तहत चल रहे तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर के रूप में पथरा के मुखिया नरेश पासवान व दंगवार के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने मुखिया, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया व पंचायत सचिव के निर्देशानुसार कई जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि स्वास्थ्य पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत ढांचा, साफ-सफाई आदि योजनाओं में से किसी एक योजना पर संबंधित पंचायत के मुखिया, व सचिव द्वारा एक थीम का चयन कर अपने पंचायतों में कार्य करने की बात बताई। कहा कि इस विधि से कार्य करने पर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। बताया कि आप सभी सर्वप्रथम अपने-अपने संबंधित पंचायतों में जाकर योजना को चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर संसाधन व समाजीक मानचित्र क्षेत्र भ्रमण, ग्राम स्तरीय योजना पर चर्चा, नियोजन प्रक्रिया पर चर्चा करें। इस दौरान महिला व बाल सभा द्वारा समस्याएं भी सुने। मौके पर प्रखंड समन्वयक राजू रंजन, मुखिया ओमप्रकाश राजवंशी, आत्मेश कुमार सिंह, सुनीता देवी, संजय कुमार, विजय पासवान, धर्मेंद्र दास, सहजना खातून, रीना देवी आदि उपस्थित थे।

## निरसा-चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ ने दी दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** पत्रकार मुकेश श्रीवास्तव की 11वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित पत्रकारों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि। इस दौरान वक्ताओं ने दिवंगत मुकेश श्रीवास्तव के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि यह लेखनी के धनी व एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी थे। वहीं निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनजीत कुमार ने मुकेश श्रीवास्तव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की। सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद और संचालन सचिव संजय सिंह ने किया।

# अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करनेवालों पर सख्त कार्रवाई करें




**गिरिडीह डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभाकक्ष में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें डीसी ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू-कोयला-अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करें और वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई करें। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिया। अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करने को कहा। वहीं, जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इस वित्तिय वर्ष 2023-24 माह जनवरी में जिला खनन टास्क फोर्स के तहत कुल संलिप्त वाहनों की संख्या 258 है। जिसमें से संलिप्त वाहनों की संख्या 169, दर्ज प्राथमिकी वाहनों की संख्या 122 और संलिप्त वाहनों की 89 है। जिनसे कुल 89 लाख 42 हजार 853 रुपए की राशि की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखंड स्टेट सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के पश्चात बालूघाटों का संचालन झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड की ओर से किया जाना है। जिले में बालुघाटों की सुव्यवस्थित बंदोबस्ती के लिए जेएसएमडीसी द्वारा टेंडर किया गया है, जिसमें 06 घाट के लिये 06 बीडर का चयन छकके आधार पर किया गया। इस पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए जेएसएमडीसी को विवरणी भेजी गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पूर्वी/पश्चिमी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, उप नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



बीसीसीआइ ने बुधवार को नया कॉन्ट्रैक्स जारी किया है, जिसमें श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को संट्रवल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर कर दिया है। क्योंकि ये रणजी छोड़कर आइपीएल की तैयार कर रहे थे।

## बीसीसीआइ की नयी सूची : रोहित शर्मा, विराट कोहली, अजय जडेजा और बुमराह ए प्लस में बरकरार

# अय्यर-किशन बीसीसीआइ के सेंट्रल कांट्रैक्ट से बाहर, सिराज, राहुल, गिल ग्रेड ए में शामिल



**मुंबई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआइ के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि ये रणजी छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग-2024 की तैयारी कर रहे थे।

बोर्ड ने बुधवार को नया कॉन्ट्रैक्ट जारी किया। इसके अनुसार कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी बैटर विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को बोर्ड के ए प्लस ग्रेड में बरकरार रखा गया है। इन सभी को 7-7 करोड़ रुपए मिलेंगे। इनके अलावा मोहम्मद सिराज, केएल राहुल और शुभमन गिल को ग्रेड ए में प्रमोट किया गया है। जबकि ऋषभ पंत और अक्षर पटेल को ग्रेड ए से डिमोट कर ग्रेड बी में डाल दिया गया है। इतना ही नहीं, यशस्वी जायसवाल को ग्रेड इ में जगह दी गई है। यह कॉन्ट्रैक्ट एक अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक चलेगा।

### बोर्ड की सूची में 30 खिलाड़ी हुए शामिल

बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए+ में चार खिलाड़ी हैं। ग्रेड ए में छह, बी में पांच और सी में 15 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। पिछले साल बोर्ड ने 26 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया था।

### 5 पेसर्स को फास्ट बॉलिंग कांट्रैक्ट

सिलेक्शन कमेटी ने आकाश दीप, विजय कुमार, उमरान मलिक, यश दयाल और विद्वत कावेरप्पा को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट दिया है। ये सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा नहीं है। यह एडिशनल कॉन्ट्रैक्ट है। जबकि बोर्ड ने लिखा कि एनुअल कॉन्ट्रैक्ट की सिफारिशों के दौरान श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर भी विचार किया गया, लेकिन उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह नहीं दी गई। बोर्ड ने कहा कि जब खिलाड़ी नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हो, तो घरेलू क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दें। बतातें चलें कि हाल में बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले खिलाड़ियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने वाले प्लेयर्स को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बताया जा रहा है कि इन दोनों खिलाड़ियों के रवैए से बोर्ड के अधिकारी नाराज थे। भारतीय टीम के दोनों खिलाड़ी बोर्ड के बार-बार कहने पर भी रणजी ट्रॉफी के मैच नहीं खेल रहे थे और 22 मार्च से शुरू हो रहे आइपीएल की तैयारी करने में जुटे थे।

## रणजी छोड़कर आइपीएल की तैयारी करने की मिली सजा

### धर्मशाला टेस्ट खेलने पर ग्रेड सी में शामिल होंगे जुरेल-सरफराज

**हाल में टेस्ट डेब्यू करने वाले ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। बीसीसीआइ ने कहा कि ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने अब तक 2 टेस्ट मैच खेले हैं। अगर वे धर्मशाला टेस्ट मैच यानी इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के 5वें टेस्ट में भाग लेते हैं तो उन्हें ग्रेड सी में शामिल कर लिया जाएगा। बीसीसीआइ के नियम के अनुसार जो खिलाड़ी कम से कम 3 टेस्ट या 8 वनडे या 10 टी-20 खेलते हैं, उन्हें कॉन्ट्रैक्ट में जगह दी जा सकती है।**

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
11

# धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटे भाजपाई, सभास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद और भाजपा नेता

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक मार्च को धनबाद आगमन को लेकर भाजपा नेताओं में काफी उत्साह है। भाजपा के वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता लगातार सभास्थल में चल रही तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, पूर्व मेयर चंद्र शेखर अग्रवाल आदि ने सभा स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीण एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के धनबाद आगमन को लेकर कोयलांचल की जनता में जबरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री को देखने सुनने वाले धनबाद समेत दूर दराज इलाके से भी बड़ी संख्या में आने वाले हैं। वहीं, सांसद पीएन सिंह ने कहा कि एक मार्च को धनबाद में प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक सभा होगी। लाखों लोग जुटेंगे।

## विद्युत कार्यालय के समक्ष बिजली कामगार यूनियन का प्रदर्शन



निरसा (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास निगम प्रबंधन की वादा खिलाफी के विरोध में बुधवार को झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री राम कृष्णा सिंह ने किया। कहा कि बिजली बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। यहां बिचौलिये हावी हैं। अपने मनचाहे लोगों को घर के नजदीक एवं पंचायत स्थान पर ट्रांसफर लगवा दे रहे हैं। वहीं विभाग की ओर से सारे नियम कानून को ताक पर रखकर महिला कर्मियों को दूर जगह स्थानांतरित किया जा रहा है। मांग की गई कि प्रबंधक होली से पहले यूनियन से बात नहीं करता और कर्मियों की पुराने सुविधाएं वापस करता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।साथ ही मजदूरों को पद्दोन्नति देने, महिला कर्मी को तंग करना बंद करने और 6 फीसदी ऊर्जा भता देने व बकाया ओवरटाइम का भुगतान, महिला कर्मियों का स्थानांतरण रद्द करने, संदेहवहक चौकीदार को पदोन्नति देने आदि मांगे रखी है।

## बाइक सवार छिनताईबाग गैंग ने दिया घटना को अंजाम

# झरिया में दिनदहाड़े पिता-पुत्री से तीन लाख की छिनतई, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

### बेटी की शादी के लिए बैंक से पैसा निकाल कर लौट रहा था पीड़ित

**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र के दुखहरणी मंदिर भगतडीह के समीप बुधवार को शादी के लिए बैंक से पैसे निकाल कर घर जा रहे पिता-पुत्री से बाइक से पहुंचे झपटमार गिरोह के दो सदस्यों ने दिनदहाड़े तीन लाख रुपये छिनताई कर धनबाद की ओर भाग गए। जानकारी के मुताबिक प्रियंका नामक पीड़िता अपने पिता कृष्णा चौधरी के साथ बाटा मोड़ स्थित बैंक आफ इंडिया (बीओआइ) से पैसे निकाल कर टेंपो से पुराना आरएसपी कालेज स्थित कामिनी कल्याण कॉलोनी अपने घर जा रही थी। तभी यह घटना घटित हुई। छितनाई होने के बाद प्रियंका सड़क पर ही चीख मार कर रोने लगी। इसकी सूचना मिलते ही झरिया थाना इंस्पेक्टर शशि रंजन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस भुक्तभोगी कृष्णा चौधरी को लेकर दोबारा झरिया स्थित बैंक पहुंची और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए



भुक्तभोगी पिता-पुत्री से पूछताछ करती पुलिस।

अपराधियों की पहचान करवाने की कोशिश की। वहीं, प्रियंका ने बताया कि उसकी बहन पूजा कुमारी की शादी 11 मार्च को होनी है। इसलिए शादी में व्यवस्था के लिए अपने पिता कृष्णा चौधरी के साथ पैसे निकालने बैंक गई थी। वहां से पैसे निकालकर टेंपों से अपने घर जा रही थी। दुखहरणी मंदिर के समीप टेंपो से उतरकर अपने पर्स से पैसा देने लगी, तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार ने पैसों से भरा थैला झपटा मारकर धनबाद की ओर फरार हो गए। प्रियंका की मानें तो बाइक चला रहा अपराधी हेलमेट पहने हुए था और पीछे बैठ एक अन्य रूमाल से अपना मुंह बांधे हुए था, ताकि उनकी पहचान ना हो सके। दोनों की 20 से 25 साल के बीच होगी। हालांकि पिता-पुत्री बाइक का नंबर नहीं देख सके। बतातें चलें कि कृष्णा चौधरी पूर्व में बीसीसीएल के विक्ट्री कोलियरी में कार्यरत थे। डेढ़ साल पहले ही सेवानिवृत्त हुए हैं। कृष्णा की अभी दो बेटी और एक बेटा है। जबकि तीन बेटियों की शादी हो चुकी हुए। चौथी बेटी पूजा की शादी की तैयारी चल रही है।

### अपराधियों की पहचान में जुटी पुलिस

पुलिस अपराधियों की पहचान करने में तत्परता से जुट गई है। पुलिस झरिया के बाटा मोड़ स्थित बीओआइ में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस बात की जानकारी लेने में जुटी है कि आखिरकार पिता-पुत्री द्वारा बैंक से पैसे निकाले जाने की भनक अपराधियों को कैसे लगी। उन्हें खबर देने वाला खबरी कौन है। वहीं, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अपराधियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर जश्रसं व कंपनी प्रबंधन के बीच हुई सकारात्मक वार्ता



धनसार (आजाद सिपाही)। बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) और प्रबंधन के बीच 11 सूत्री मांगों को लेकर सकरात्मक वार्ता हुई। करीब दो घंटे चले वार्ता में प्रबंधन ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बतातें चलें कि जश्रसं ने पूर्व में असंगठित और संगठित मजदूरों की मांग को लेकर एक पत्र महाप्रबंधक को सौंपी थी। जिसमें घनुविडीह में मैनुअल ट्रक लोडिंग चालू करने, सभी कांटाघर के पास पीसीसी पथ बनाने, जर्जर कंपनी आवास को मरम्मत करने, कलर्क को बी टाइप आवास आवंटन आदि की मांग की थी। वहीं, वार्ता में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोप ने प्रबंधन से कहा कि जश्रसं से जुड़े कर्मियों को लक्ष्य कर परेशान किया जाता है। संगठन के साथ भेदभाव किया जाता है। वहीं, प्रभारी महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने सभी मांगों को पूरा करने के साथ ही संगठन के लोगों को तरजीह देने की बात कही। वार्ता में प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक देवाशीष बाग, कार्मिक प्रबंधक विवेक पाठक व संघ के मनोज गोप, विजय कुमार, उपेंद्र सिंह, धरमेंदर सिंह, रूपलाल बेलदार, उमेश सिंह, धनंजय कुमार, विशाल आदि थे।

## कैनरा बैंक में मेगा ऋण शिविर का आयोजन, 10 समूह का हुआ डेढ़-डेढ़ लाख का क्रेडिट लिंकेज



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद की ओर से फुसरो स्थित कैनरा बैंक ब्रांच में बुधवार को स्वयं सहायता समूह मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 10 समूह को डेढ़-डेढ़ लाख रुपया क्रेडिट लिंकेज किया गया। कैनरा बैंक फुसरो शाखा के प्रबंधक निशांत सिन्हा ने कहा कि दिनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर परिषद फुसरो द्वारा संचालित समूह को आजीविका सवर्धन के लिए क्रेडिट लिंकेज किया गया है। कैनरा बैंक की फुसरो शाखा द्वारा पूर्व में भी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 110 स्ट्रीट वेंडर को ऋण दिया गया है। पूर्व में 10 समूह को क्रेडिट लिंकेज किया गया है। आज 10 समूह को ऋण दिया गया है। जिसमें महिलाएं स्वरोजगार कर सशक्त होगी। शिविर में जय स्वयं सहायता समूह, रुद्र, शीतला, आर्या, दामिनी, रौशनी, तारा, श्रृंगार, खुशी, तारा आदि को ऋण दिया गया है। कहा कि मार्च महीने में और कई समूह को क्रेडिट लिंकेज किया जाएगा। इस मौके पर सामुदायिक संगठनकर्ता तपन कुमार अड्डी, दिव्यांश मिश्रा, शाखा प्रबंधक कैनरा बैंक निशांत सिन्हा , अधिकारी आयुषी झा, प्रेम कुमार प्रजापति, प्रदीप नायक, नगर परिषद से सीआरपी बेबी देवी, पिंकी नारंग, रेखा देवी आदि उपस्थिति थे।

## पहले विवाद सुलझे, फिर ट्रक लोडिंग शुरू होगी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला कोल डंप में ट्रक लोडिंग को लेकर बुधवार को संयुक्त मोर्चा और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। संयुक्त मोर्चा का नेतृत्व कर रहे रिंकू शर्मा व गुड्डू सिंह ने बस्ताकोला कोलियरी पीओ एके शर्मा से मैनुअल लोडिंग शुरू करने के लिए डीओ आफर भेजने की मांग की। कहा कि अगर यहां ट्रक लोडिंग शुरू हुई तो सैकड़ों परिवार को रोजगार मिलेगा। वहीं, पीओ एके शर्मा ने कहा कि ट्रक लोडिंग तो सभी यूनियन की सहमति पर चालू की गई थी। पर संयुक्त मोर्चा में ही विवाद हो गया। मोर्चा दो गुटों मे बट गया। किसी किमत पर विवाद के बीच ट्रक लोडिंग शुरू नहीं कराएंगे। दोनों गुट आपस में विवाद सुलझाए इसके बाद डीओ आफर भेजा जाएगा। हालांकि उन्होंने दूसरे पक्ष से वार्ता के बाद एक बार साथ में दोनों पक्षों के साथ बैठक कर निर्णय लेने की बात कही। इधर, गुड्डू सिंह ने कहा कि अगर मैनुअल ट्रक लोडिंग शुरू नहीं हुई तो बस्ताकोला आउटसोर्सिंग व ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप कर दिया जाएगा। वार्ता में युगेश चौहान, गणेश निषाद, गौतम पासवान, रामबाबू पासवान, लक्ष्मण चौहान और संतोष सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रेस वार्ता कर एक के बाद एक दागे कई सवाल

# प्रधानमंत्री की मंशा विकास की, तो धनबाद में अबतक एयरपोर्ट क्यों नहीं बना : संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन पर जनता से जुड़े मुद्दो पर सवाल किया हैं। संतोष सिंह ने कहा कि 2014 में केंद्र और झारखंड दोनों जगह डबल इंजन की सरकार थी। उस समय भाजपा की रघुवर सरकार ने जनता से वादा किया था कि धनबाद में गया पुल के पास एक अंडरपास और एक अतिरिक्त फ्लाईओवर का निर्माण होगा। उसके बाद ना तो रेलवे ने उसपर कोई कदम उठाया और ना ही रघुवर सरकार कैबिनेट से पास हुई योजना धरातल पर उतर पाई। सब को पता हैं कि धनबाद रेल मंडल केंद्र सरकार को सर्वाधिक आर्थिक राजस्व देता है। इसके बाद भी विकास की योजनाएं आगे क्यों नहीं बढ़ी? धनबाद स्टेशन का विस्तारिकरण भी आज आखिर लंबित क्यों पड़ा हैं? इसके बावजूद भी धनबाद के विकास विरोधी सांसद पशुपतिनाथ सिंह से कोई सवाल क्यों नहीं किया? जिलाध्यक्ष ने यह भी सवाल किया कि डीसी रेल लाइन पर फिर से एक बार बंदी की तलवार लटक रही हैं। जबकि नया रुट बनाने को लेकर चार साल पहले ही घोषणा हो चुकी थी। इस पर कार्य आगे क्यों नहीं बढ़ा? झरिया विस्थापन जेआरडीए योजना की फाइले धुल फांक रही हैं। लोगों को ना तो नियोजन मिला और ना ही पुर्नवास की योजना सफल हो पाई। रैयतों की जमीन हड़पकर बीसीसीएल आउसोर्सिंग के जरिये कोयला निकाल रही हैं और ओबी डंप कर पत्थरों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। पर ना ही रैयतों को उनका हक मिल रहा और ना ही मुआवजा। क्या केंद्रीय कोयला मंत्रालय के पास इन पत्थरों के पहाड़ों को समतल कर रैयतों को लौटाने की कोई योजना हैं? अगर सही में प्रधानमंत्री की मंशा स्पष्ट हैं तो 2018 में हर्ल कंपनी की शुरूआत के साथ धनबाद में एयरपोर्ट बनाने की भी शुरूआत हो जानी चाहिए थी, पर यह नहीं हुआ। ऐसा क्यों। इस मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, मधुसूदन सिंह चौधरी उपस्थित थे।

## मजदूरों की मांग पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) धनबाद कार्यालय में इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) के ठेका मजदूरों की 11 सूत्री मांग पत्र पर त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) आनंद कुमार, बोकारो स्टील प्लांट, कार्मिक विभाग सीएलसी प्रबंधक नीरज कुमार त्रिपाठी, इस्पात मजदूर मोर्चा के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद, सचिव आरएन सिंह, आरके गोराई, ठेका मजदूर त्रिलोकी साव और लालू मांझी ने भाग लिया। चर्चा करते हुए बीडी प्रसाद ने डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर को बताया कि बोकारो स्टील प्लांट में लगभग बीस हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। हर काम इमानदारी से करते हैं। बावजूद इसके उनकी जायज मांगों को प्रबंधन देना नहीं चाहती है। इस पर डिप्टी चीफ लेबर कमिश्नर ने ठेका मजदूरों की मांगों पर सहमति जताते हुए बोकारो स्टील प्रबंधन को सलाह दी कि अगली बैठक में मजदूरों की मांगों पर अपनी राय स्पष्ट करें। अगली बैठक 23 मार्च को होगी।


## कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू (खूँटी)

अति अल्पकालिक निविदा–आमंत्रण

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल, खूँटी के ज्ञापांक 140 दिनांक 31.01.2024 के प्रतिवेदन के आलोक मुरहू प्रखण्ड परिसर स्थित प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय से संबंधित भवन जो क्षतिग्रस्त जिसे कण्डम घोषित किया गया है। ध्वस्त करने हेतू निम्न शर्तों के आधार पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 07.03.2024 अपराहन् 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा खोलने की तिथि 07.03.2024 के अपराहन 3:30 बजे तक निर्धारित की जाती है। उसके बाद प्राप्त निविदा अमान्य होगी।

1. पूर्व हॉस्पीटल मुरहू (82′X36′)
2. मेडिकल क्वार्टर मुरहू (66′ X 33′)
3. बाल विकास भवन मुरहू (38′ X 47′)
4. पंचायत समिति कार्यालय मुरहू (31′ X 49′)
5. मेडिकल क्वार्टर मुरहू (66′ X 33′)
6. मेडिकल क्वार्टर मुरहू (38′ X 48′)

शर्तें निम्न प्रकार है:–

1. सफल निविदा दाताओं को NO Loss But Gain के आधार पर कार्य आवंटित किया जायगा।
2. अभिकर्ता को अलग से कोई राशि का भुगतान नहीं किया जायगा।
3. जर्जर भवनों को ध्वस्त कराने के पश्चात् उक्त स्थल को पूर्ण रूपेण साफ–सफाई की जिम्मेवारी संबंधित अभिकर्त्ता की होगी।
4. यदि किसी निविदा दाता के द्वारा निविदा प्राप्त नहीं होने पर प्रशासन के द्वारा उक्त कार्रवाई की जाएगी।
5. स्थानीय निविदा दाता को प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू।

PR.NO.320596 District(23-24):D

## कार्यालय:- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

पत्रांक. 270 (DHS) कोडरमा, दिनांक 27/02/2024

शुद्धि पत्र

कार्यालय पत्रांक 230 DHS, दिनांक 16/02/2024, PR No. 319377 द्वारा प्रकाशित अल्पकालिक निविदा जिसमें सदर अस्पताल, कोडरमा एवं कोडरमा जिले के अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023–24 एवं 2024–25 में पैथोलॉजी, नेत्र रोग विभाग, नार्मल डिलीवरी किट, सी सेक्शन किट और पोस्ट ऑपरेटिव किट विभिन्न सामग्री के लिए आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/ प्राधिकृत एजेंसियों (जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 निर्गत हो) से दर निर्धारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/एजेन्सी या सप्लायर से मुहरबंद निविदा दिनांक 04.03.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, आमंत्रित की गई थी एवं निविदा खोलने की तिथि 05/03/2024 निर्धारित की गयी थी। उक्त निविदा को खोलने की तिथि में आंशिक सांसोधन करते हुए अल्पकालीन निविदा को दिनांक 04/03/2024 समय 5:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गयी है और निविदा का निस्तारण उप विकास आयुक्त महोदय के सभागार में किया जायेगा। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगे।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR.NO.320602 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय), या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–191/भू0अ0 दिनांक–26/02/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–**काराखुट** थाना–**डोमचाँच**, थाना सं0–**353**, अंचल–**डोमचाँच**, जिला–**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **डोमचाँच से पिपचो रोड़ चौड़ीकरण** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**काराखुट** थाना–**डोमचाँच**, थाना सं0–**353**, अंचल–**डोमचाँच**, जिला–**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.7500 एकड़** यानि–**0.3035** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

मौजा–**काराखुट** थाना नं0–**353**, थाना–**डोमचाँच**, अंचल–**डोमचाँच**, जिला–**कोडरमा**।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 / द0 / पू0 / प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 62 | 989 | रैयती | टाँड | 0.0050 | अज्ञात | **उ0**–प्लॉट नं0–997 **द0**–प्लॉट नं0–990 **पू0**–प्लॉट नं0–990 **प0**–प्लॉट नं0–989 |
| 2 | 37 | 991 | रैयती | टाँड | 0.1000 | सावित्री देवी पति–स्व0 बाबुलाल पासवान वो तुलसी पासवान पिता–स्व0 कारू दुसाध | **उ0**–प्लॉट नं0–991 अंश **द0**–सिमाना मौजा–बगडो **पू0**–प्लॉट नं0–991, 992 **प0**–प्लॉट नं0–990 |
| 3 | 16 | 997 | रैयती | टाँड | 0.0750 | गोविन्द यादव वो संतोष यादव पिता–स्व0 महादेव यादव वो मुख्तार मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–स्व0 रहीम मियां | **उ0**–प्लॉट नं0–998 **द0**– प्लॉट नं0–989,990 **पू0**–प्लॉट नं0–997 अंश **प0**–प्लॉट नं0–997 अंश |
| 4 | 42 | 998 | रैयती | टाँड | 0.0600 | गोविन्द यादव वो संतोष यादव पिता–स्व0 महादेव यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–999 **द0**– प्लॉट नं0–997 **पू0**–प्लॉट नं0–998 अंश **प0**–प्लॉट नं0–998 अंश |
| 5 | 41 | 999 | रैयती | टाँड | 0.0500 | मुनवा देवी पति–मेघलाल यादव वो हेमलाल यादव पिता–जैजो महतो | **उ0**–प्लॉट नं0–1000 **द0**–प्लॉट नं0–998 **पू0**–प्लॉट नं0–1000 अंश **प0**–प्लॉट नं0–1000 अंश |
| 6 | 39 | 1000 | रैयती | टाँड | 0.0600 | जफीरा खातुन पति–अब्दुल मियां वो मुनवा देवी पति– मेघलाल यादव वो हेमलाल यादव पिता–जैजो महतो | **उ0**–प्लॉट नं0–1014 **द0**–प्लॉट नं0–999 **पू0**–प्लॉट नं0–1000 अंश **प0**–प्लॉट नं0–1000 अंश |
| 7 | 5 | 1014 | रैयती | टाँड | 0.0300 | अज्ञात | **उ0**–प्लॉट नं0–1015 **द0**–प्लॉट नं0–1000 **पू0**–प्लॉट नं0–1014 अंश **प0**–प्लॉट नं0–1014 अंश |
| 8 | 56 | 1015 | रैयती | टाँड | 0.0600 | मसो0 कलवा देवी पति– प्रसादी यादव वो आनन्द यादव वो युगल किशोर यादव पिता–स्व0 बुलाकी यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–1016 **द0**–प्लॉट नं0–1014 **पू0**–प्लॉट नं0–1015 अंश **प0**–प्लॉट नं0–1015 अंश |
| 9 | 76 | 1016 | रैयती | टाँड | 0.0250 | मुख्तार मियां वो खलील मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–स्व0 रहीम मियां | **उ0**–प्लॉट नं0–1017 **द0**–प्लॉट नं0–1015 **पू0**–प्लॉट नं0–1016 अंश **प0**–रास्ता |
| 10 | 6 | 1017 | रैयती | टाँड | 0.0400 | अंजवा देवी पति–स्व0 झरी यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–1018 **द0**–प्लॉट नं0–1016 **पू0**–प्लॉट नं0–1017 अंश **प0**–रास्ता |
| 11 | 98 | 1018 | रैयती | टाँड | 0.0300 | मुख्तार मियां वो खलील मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–स्व0 रहीम मियां | **उ0**–प्लॉट नं0–1019 **द0**–प्लॉट नं0–1017 **पू0**–प्लॉट नं0–1018 अंश **प0**–रास्ता |
| 12 | 81 | 1019 | रैयती | टाँड | 0.0200 | अंजवा देवी पति–स्व0 झरी यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–1020 **द0**–प्लॉट नं0–1018 **पू0**–प्लॉट नं0–1019 अंश **प0**–रास्ता |
| 13 | 43 | 1020 | रैयती | टाँड | 0.0400 | प्रकाश यादव वो सुखदेव यादव वो मुखलाल यादव वो सुभाष यादव पिता– जोबराज यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–1021 **द0**– प्लॉट नं0–1019 **पू0**–प्लॉट नं0–1020 अंश **प0**–रास्ता |
| 14 | 9 | 1021 | रैयती | टाँड | 0.0800 | प्रकाश यादव वो सुखदेव यादव वो मुखलाल यादव वो सुभाष यादव पिता– जोबराज यादव वो तुलसी यादव पिता–टुकन यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–1022 **द0**–प्लॉट नं0–1020 **पू0**–प्लॉट नं0–1021 अंश **प0**–रास्ता |
| 15 | 57 | 1022 | रैयती | टाँड | 0.0750 | कोकिल यादव पिता– चिन्तामन महतो वो समरी देवी पति–मुंशी यादव | **उ0**–प्लॉट नं0–1022 अंश **द0**–प्लॉट नं0–1021 **पू0**–प्लॉट नं0–1022 अंश **प0**–रास्ता |
| कुल:– | | | | | 0.7500 | एकड़ | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।
भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 320609 Land Reforms(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## न्यूज रील्स

### इडी के सामने पेश हुए बीजेडी विधायक प्रफुल्ल सामल



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजेडी विधायक प्रफुल्ल सामल बुधवार को इडी के सामने पेश हुए। वह बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज जमीन के मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए हैं। प्रफुल्ल सामल और उनके बेटे प्रयास कांति को इडी के सामने पेश होने के लिए नोटिस दिया गया था। इसीको लेकर वह इडी के सामने पेश हुए हैं। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने इससे पहले बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज जमीन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी की थी। इस मामले में 20 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले का आरोप लगाया गया है। इडी ने भुवनेश्वर और भद्रक में कई स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान इडी ने एक कार के साथ नौ लाख रुपये जब्त किये थे।

### राजीव गांधी की हत्या मामले में रिहा संथान की मौत

चेन्नई (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्या मामले में रिहा हुए सात दोषियों में से एक संथान की चेन्नई में मौत हो गयी। वह 55 साल का था और जनवरी में लिवर फेलियर की वजह से राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसे क्रिप्टोजेनिक सिरोसिस नाम की बीमारी थी। बुधवार सुबह उसे कार्डिएक अरेस्ट हुआ, जिसके बाद उसकी मौत हो गयी।

**सम्मान : बिल गेट्स को प्रदान किया गया 'कीस मानवतावादी पुरस्कार 2023'**

# बिल गेट्स ने की कीस के काम और डॉ सामंत के दृष्टिकोण की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स को उनके उल्लेखनीय एवं परोपकारी कार्यों के लिए कीस मानवतावादी पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। अग्रणी वैश्विक परोपकारी बिल गेट्स को उनके परोपकारी कार्यों की यह एक महत्वपूर्ण मान्यता है। 28 फरवरी को वैश्विक स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ाने और असमानता को कम करने के उद्देश्य से नवीन प्रौद्योगिकी समाधानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में बिल गेट्स के अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

कीट-कीस और कीम्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने अपने संबोधन में कहा, बिल गेट्स को कीस मानवतावादी पुरस्कार 2023 से सम्मानित करना न केवल उनके असाधारण योगदान का सम्मान करता है, अपितु इस मान्यता की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाता है। उनकी स्वीकृति विश्व स्तर पर मानवीय कार्यों के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है। यह हमारे लिए अत्यंत सम्मान की बात है कि बिल गेट्स हमारे पुरस्कार विजेताओं की सम्मानित सूची में शामिल हो रहे हैं।




अपने आभार प्रदर्शन भाषण में बिल गेट्स ने मान्यता के लिए आभार व्यक्त किया और डॉ सामंत और कीस के परिवर्तनकारी कार्यों पर विचार किया। उन्होंने कहा कि इस अद्भुत पुरस्कार के लिए और यहां मेरा स्वागत करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हालांकि आपने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके लिए मुझे आपको बधाई देनी चाहिए। उन्होंने जनजातीय समुदायों को गुणवत्तापूर्ण मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए डॉ सामंत के दृष्टिकोण और समर्पण की सराहना की और नागरिक भागीदारी और शिक्षा के लिए समुदाय-प्रथम दृष्टिकोण के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

डॉ अच्युत सामंत द्वारा 2008 में शुरू किया गया 'कीस मानवतावादी पुरस्कार' कीट और कीस का सर्वोच्च सम्मान है, जो दुनिया भर में मानवीय कार्यों की भावना को मूर्त रूप देने वाले व्यक्तियोंऔर संगठनों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और एक सोने की परत वाली ट्रॉफी शामिल है, जो कीस में एक सार्वजनिक समारोह में दिये गये एक महान सामाजिक संदेश को दर्शाती है।

प्रोफेसर अमरेश्वर गल्ला, प्रो-चांसलर, केआइएसएस डीम्ड यूनिवर्सिटी और यूनेस्को के अध्यक्ष समावेशी संग्रहालय और सतत विरासत विकास ने केआइएसएस की ओर से बिल गेट्स के प्रति आभार व्यक्त किया। बिल गेट्स को 'कीस मानवतावादी पुरस्कार 2023' प्रदान करना विश्व स्तर पर जीवन को बेहतर बनाने के उनके असाधारण प्रयासों का जश्न है, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए लड़ाई जारी रखने के लिए एक प्रेरणा के रूप में कार्य करता है।

पुरस्कार समारोह में पूर्व छात्रों के साथ-साथ कीट और कीस के कर्मचारियों और छात्रगण आदि उपस्थित थे। इस आयोजन का एक उल्लेखनीय क्षण लैंगिक समानता पर एक सार्थक बातचीत में बिल गेट्स की भागीदारी थी, जो कीस के पूर्व छात्रा के एक प्रश्न से प्रेरित था।

# आइआइटी भुवनेश्वर में सहयोगात्मक सीएसआर पर आधारित सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आइआइटी भुवनेश्वर के सीएसआर प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को आयोजित पहले सीएसआर सम्मेलन में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में उद्योग, एनजीओ, शिक्षाविदों और सरकारी एजेंसियों के अध्यक्षों और प्रतिभागियों ने 'यूनाइटिंग फॉर ए सस्टेनेबल इंपैक्ट' विषय पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो श्रीपाद करमलकर ने कहा कि जिस प्रकार कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कई महत्वपूर्ण बदलावों से गुजरा है, समय की मांग अनुरूप उसी प्रकार आइआइटी जैसे प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान भी एक संगठन के रूप समाज को विकसित करने की दिशा में अपना योगदान दे रहे हैं। रक्तदान को एक उदाहरण के रूप में उपयोग करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे सेवा देने वाले और प्राप्तकर्ता दोनों की मदद करती है। ताजा रक्त दाता के शरीर में खोये हुए रक्त की भरपाई करता है, जिससे दाता का सामान्य स्वास्थ्य बेहतर होता है।

मुख्य अतिथि जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के अध्यक्ष और समूह प्रमुख-सीएसआर, शिक्षा डॉ प्रशांत कुमार होटा ने विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों को लागू करने और अंतिम मील पर लोगों के जीवन पर अधिक प्रभाव डालने में समावेशिता पर जोर दिया। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा किये गये सीएसआर गतिविधियों और कार्यक्रमों के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए



उन्होंने रणनीतिक और अच्छी तरह से पूरे सीएसआर योजना की प्रभावशीलता को प्रतिबिंबित किया, जो समुदाय की व्यावहारिक समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि में योगदान दे सकता है।

विशिष्ट अतिथि सीएसआर फोरम, ओडिशा के संयोजक बीके मिश्रा ने कहा कि सभी संगठनों को भूमि कानून का पालन करना चाहिए और समावेशी विकास और स्थिरता पर भी ध्यान देना चाहिए। स्वागत भाषण में प्रो नरेश चंद्र साहू (संयोजक और प्रभारी प्रोफेसर, सीएसआर सेल, आइआइटी भुवनेश्वर) ने कहा कि कॉरपोरेट संगठनों को अपने सीएसआर कार्यक्रमों के अधिक प्रभाव के लिए अपने अनिवार्य परिधि से आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, 'सतत प्रभाव के लिए एकजुटताः एक उद्योग और शैक्षणिक परिप्रेक्ष्य' पर एक पैनल चर्चा में प्रशांत बिसवाल, प्रमुख-सीएसआर, जेएसडब्ल्यू, ज्योति रंजन त्रिपाठी, निदेशक, सुभद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट, संबित दास, संयोजक और संस्थापक, आशा फाउंडेशन और सौम्या रंजन मंगराज (बीसीयूआर के संस्थापक) जैसे उद्योग जगत के लीडरों और सीएसआर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया गया। आइआइटी भुवनेश्वर के प्रो सुभानकर पति ने इस सत्र का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ शैलेंद्र नारायण राउतराय (सहायक कुलसचिव, आइआइटी भुवनेश्वर) द्वारा 'कर्मचारियों के प्रेरक पहलू पर कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व का प्रभाव' नामक एक पत्र प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आइआइटी भुवनेश्वर के प्रो सीमा बाहिनीपति को संस्थान के परिसर में कार्यरत प्रवासी निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा और गोद लिये गये गांवों के कल्याण में उनके योगदान के सम्मान में आइआइटी भुवनेश्वर सीएसआर लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। रबी कुमार पटनायक (सह-संयोजक और समन्वयक, सीएसआर सेल, आइआइटी भुवनेश्वर) ने इस कार्यक्रम का धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस प्रकार सीएसआर कॉनक्लेव 2024, 'यूनाइटिंग फॉर ए सस्टेनेबल इंपैक्ट' थीम के जरिये विचारशील नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सीएसआर उत्साहियों के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया है।

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

# एडलवाइस टोकियो लाइफ ने शुरू किया 'लिगेसी प्लस प्लान'

**दो लोगों के लाइफ कवर और तीन पीढ़ियों तक मिलने वाली आय को एक ही उत्पाद में पैक किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस ने, ग्राहकों के लिए एक व्यापक पारिवारिक प्रस्ताव की जरूरतों से प्रेरित होकर लिगेसी प्लस लॉन्च किया है। यह भाग लेने वाला ऐसा अभिनव उत्पाद है, जो एक ही उत्पाद के माध्यम से दो लोगों के लिए लाइफ कवर और तीन पीढ़ियों तक मिलने वाली आय प्रदान करता है। यह उत्पाद अपने कार्यकाल के दौरान बच्चों के लिए वित्तीय प्लानिंग, लिगेसी प्लानिंग और किसी भी आकस्मिक जरूरत सहित ग्राहकों की अनेक जरूरतें पूरी करने का एक कारगर तरीका उपलब्ध कराता है। लचीलापन और तरलता प्रदान करने की दृष्टि से इस उत्पाद में एक्रुअल ऑफ सर्वाइवल बेनिफिट (वैकल्पिक) फीचर और प्रारंभिक आय शामिल की गयी है।

नये उत्पाद पर टिप्पणी करते हुए एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस के कार्यकारी निदेशक शुभ्रजीत मुखोपाध्याय ने कहा कि आम तौर पर एक औसत व्यक्ति की 3-4 बुनियादी चिंताएं होती हैं - बच्चे का भविष्य, सेवानिवृत्ति, विरासत (लिगेसी), कोई संभावित आकस्मिकता आदि। ऐसे लोग इन सारी जरूरतों को पूरा करने वाला एक सरल और लचीला वित्तीय समाधान चाहते हैं। लिगेसी प्लस के माध्यम से ग्राहक को एक ऐसा समाधान प्रदान करना हमारा उद्देश्य था, जिसमें उन्हें अपनी कई तमन्नाओं को कारगर ढंग से पूरा करने के साधन मिल सकें और पूरे परिवार को इस बात की मानसिक शांति दे सके कि एक ही उत्पाद के माध्यम से उनकी तमाम वित्तीय जरूरतों का खयाल रखा गया है।

**लिगेसी प्लस, आधार प्लान के दो विकल्प पेश करता है**

- **आजीवन आय का विकल्पः** एक सौ वर्ष की आयु तक आय, वार्षिक नकद बोनस (यदि घोषित हो), और एक सर्वाइवल/मृत्यु लाभ।
- **पारिवारिक सुरक्षा का विकल्पः** एक संयुक्त लाइफ कवर, जिसमें प्राथमिक बीमाधारक कोई वयस्क और द्वितीयक बीमाधारक कोई बच्चा हो, के लिए दो मृत्यु लाभ भुगतान किये जायेंगे, एक सौ वर्ष की आयु तक आय मिलेगी, वार्षिक नकद बोनस (यदि घोषित किया गया हो) भी प्राप्त होगा। प्राथमिक बीमाधारक की मृत्यु के मामले में, प्रीमियम माफ कर दिया जाता है, पॉलिसी चालू रहती है और प्राथमिक बीमाधारक की आयु एक सौ वर्ष दर्ज होने तक आय जारी रहती है।



लिगेसी प्लस अपने वैकल्पिक फीचर एक्रुअल ऑफ सर्वाइवल बेनिफिट के माध्यम से संपूर्ण परिवारिक इकाई को वैयक्तीकरण प्रदान करता है, जिसमें कोई पॉलिसीधारक अपनी जरूरतों के मुताबिक या तो आय को निकाल सकता है या उसका संचय कर सकता है। यह उत्पाद पॉलिसीधारक या परिवार की वित्तीय जरूरतों के अनुसार संचित राशि को आंशिक रूप से निकालने की अनुमति भी देता है। यह उत्पाद प्रारंभिक आय वाले विकल्प के जरिये तरलता का दावा करता है, जो पॉलिसीधारक को पॉलिसी के पहले वर्ष की समाप्ति से ही प्रदान करने लगता है। यह उत्पाद एक सौ वर्ष की आयु तक आय प्रदान करने वाले लाभ के माध्यम से सही मायने में लिगेसी का दावा करता है। यह प्लान पॉलिसी की अवधि के अंत तक आय प्रदान करता है, यहां तक कि प्राथमिक या द्वितीयक बीमाधारक की मृत्यु हो जाने के मामले में भी। इससे यह गारंटी मिलती है कि किसी परिवार की कम से कम तीन पीढ़ियां इस प्लान की आय के भुगतान से लाभान्वित हो सकती हैं।

मुखोपाध्याय ने कहा कि हमारे पास बाजार में अभिनव और प्रासंगिक उत्पाद उतारने का एक आजमाया हुआ इतिहास मौजूद है, जो ग्राहकों को अच्छी तरह से समझ में आ गया है। निवेश में हमारी गहरी विशेषज्ञता इन उत्पादों के पीछे पूरी ताकत से खड़ी है, जो लगातार पिछले 10 वर्षों से बोनस का भुगतान करने के हमारे ठोस रिकॉर्ड के जरिए परिलक्षित होती है। एक्रुअल ऑफ सर्वाइवल बेनिफिट तथा प्रीमियम की छूट, पेओर वेवर बेनिफिट जैसे अतिरिक्त राइडर जैसी वैकल्पिक सुविधाएं जोड़कर इस प्लान को और ज्यादा मजबूत बनाया जा सकता है।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

# पीएम की धनबाद यात्रा को ऐतिहासिक बनायेंः लक्ष्मण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** एक मार्च को धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की सफलता की तैयारी को लेकर धनवार के बरजो भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में अगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद में होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर धनवार प्रखंड क्षेत्र से कार्यकर्ताओं और समर्थको को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को कहा। उन्होंने मोदी सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने तथा लाभार्थियों के घर-घर जाकर मोदी सरकार के कार्यों को बताने का निर्देश दिया, ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 और एनडीए 400 सीट पार पहुंच सके। मनसाडीह और हेमरोडीह में भी श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मौके पर विस्तारक गोपाल दीक्षित, अशोक उपाध्याय, सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, पवन साव, अजय रंजन, पवन सिंह, श्रीकांत राय, अशोक राय, संजय साव, महेंद्र चौधरी, विजय पांडेय, भोपाल सिंह, नकुल राय, अमित साव, अजय सिंह, संदीप राय, अमर कुमार आदि मौजूद थे।




वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**